RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 344
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 27 अक्टूबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




काम को लेकर जुनूनी हूं
राष्ट्रीय-9

# परमाणु विकल्प अपनाने से बचें रूस-यूक्रेन: राजनाथ

● रक्षा मंत्री ने अपने रूसी समकक्ष सर्गेई शोइगु से फोन पर की बातचीत, संघर्ष का समाधान संवाद और कूटनीति के जरिये निकालने पर दिया बल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली





**रक्षामंत्री** राजनाथ सिंह ने बुधवार को अपने रूसी समकक्ष सर्गेई शोइगु से कहा कि यूक्रेन संघर्ष का समाधान संवाद और कूटनीति के माध्यम से निकाला जाना चाहिए और किसी भी पक्ष को परमाणु विकल्प पर विचार नहीं करना चाहिए।

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि शोइगु ने फोन पर हुई बातचीत में सिंह को संघर्ष प्रभावित यूक्रेन के मौजूदा हालात से अवगत कराया जिसमें डर्टी बम का इस्तेमाल करके उकसावे वाली कार्रवाई को लेकर चिंताएं शामिल हैं। डर्टी बम रेडियोलॉजिकल हथियार है जिसमें पारंपरिक विस्फोटक के साथ रेडियोएक्टिव सामग्री का मिश्रण होता है। इससे पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर और ब्रिटेन के विदेश मंत्री जेम्स क्लेवरली ने रूस के इस दावे पर कि यूक्रेन डर्टी बम के इस्तेमाल की योजना बना रहा है, बातचीत की थी। दोनों नेता मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भी ले गए। राजनाथ सिंह का यह संदेश रूस के साथ ही यूक्रेन का समर्थन कर रहे पश्चिमी देशों के लिए भी एक संदेश है कि परमाणु विकल्प का इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। मामले के जानकार लोगों ने यह बात कही। यूक्रेन के पास कोई परमाणु आयुध नहीं है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पिछले महीने परोक्ष रूप से इस तरह की धमकी दी थी कि मॉस्को संघर्ष तेज होने की स्थिति में अपने क्षेत्र का बचाव करने के लिए परमाणु हथियारों के विकल्प का इस्तेमाल कर सकता है। रूस से मिलीं खबरों के अनुसार पुतिन ने बुधवार को रूस के रणनीतिक परमाणु बलों के अभ्यास का निरीक्षण किया जिसमें यूक्रेन संघर्ष को लेकर पश्चिमी देशों के साथ बढ़ते तनाव के बीच शक्ति प्रदर्शन के लिए बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों का कई बार प्रायोगिक परीक्षण करना शामिल है।

मंत्रालय ने कहा, सिंह ने संघर्ष के जल्द समाधान के लिए संवाद और कूटनीति के मार्ग को अपनाने की जरूरत पर भारत का रुख दोहराया। उसने कहा, उन्होंने संकेत दिया कि किसी भी पक्ष को परमाणु विकल्प को नहीं अपनाना चाहिए क्योंकि परमाणु या रेडियोलॉजिकल हथियारों के इस्तेमाल की संभावना मानवता के मूलभूत सिद्धांत के खिलाफ है। रूस और यूक्रेन में बढ़ती शत्रुता के बीच रूस के रक्षा मंत्री की पहल पर बातचीत की गई। मंत्रालय ने कहा कि दोनों मंत्रियों ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग और यूक्रेन के बिगड़ते हालात पर भी चर्चा की। रूस के एक वक्तव्य के अनुसार शोइगू ने सिंह के साथ यूक्रेन के हालात पर चर्चा की और उन्हें एक डर्टी बम के उपयोग के साथ यूक्रेन द्वारा संभावित उकसावे वाली कार्रवाई को लेकर अपनी चिंता से अवगत कराया। फरवरी में यूक्रेन पर रूस के हमलों की शुरुआत के बाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस के राष्ट्रपति पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से कई बार बात कर चुके हैं। मोदी ने जेलेंस्की के साथ चार अक्टूबर को फोन पर हुई बातचीत में कहा था कि कोई सैन्य समाधान नहीं हो सकता और भारत शांति के किसी भी प्रयास में योगदान देने को तैयार है। मोदी ने 16 सितंबर को उज्बेकिस्तान के समरकंद में पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक में कहा था कि आज का युग युद्ध का नहीं है। भारत लगातार कहता रहा है कि संकट का समाधान कूटनीति और संवाद से निकाला जाना चाहिए। रूस ने लगभग दो सप्ताह पहले क्रीमिया में एक बड़े विस्फोट के जवाब में यूक्रेन के अनेक शहरों को ( शेष पेज 8 )

# कांग्रेस में सीडब्ल्यूसी की जगह संचालन समिति

● खड़गे ने संभाली पार्टी की कमान, राहुल गांधी के 'डरो मत' के नारे के साथ आगे बढ़ेंगे

● समिति में पूर्व पीएम मनमोहन सिंह, सोनिया, राहुल, प्रियंका, आनंद शर्मा भी शामिल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



कांग्रेस के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित करते राहुल गांधी। साथ में सोनिया गांधी

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को पार्टी अध्यक्ष का औपचारिक रूप से कार्यभार संभाल लिया। वह 24 साल बाद गांधी परिवार से बाहर के पहले नेता हैं, जिन्होंने पार्टी की कमान संभाली। खड़गे ने पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए राहुल गांधी का 'डरो मत' का नारा दोहराया और कहा कि कांग्रेस मौजूदा केंद्र सरकार की झूठ, धोखे और नफरत की व्यवस्था को ध्वस्त कर देगी।

गुजरात, हिमाचल प्रदेश और फिर मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनावों एवं उसके साथ 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा से सत्ता अपने हाथ में लेने का प्रण लेते हुए खड़गे ने कहा कि इन चुनावों में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए कांग्रेस दृढ़ प्रतिज्ञ है। सबसे लंबे समय तक कांग्रेस की कमान संभालने वाली सोनिया गांधी की उपस्थिति में पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) के सभी सदस्यों, एआईसीसी महासचिवों और प्रभारी ने नए बॉस को अपना इस्तीफा सौंप दिया। इसके बाद 80 वर्षीय खड़गे ने 47 सदस्यीय संचालन समिति का गठन किया। यह समिति सीडब्ल्यूसी की जगह काम करेगी।

खड़गे की अध्यक्षता वाली इस समिति में सोनिया, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, राहुल और प्रियंका गांधी शामिल हैं। यह समिति तब तक कार्य करेगी जब तक पार्टी की पूर्ण बैठक में खड़गे के चुनाव की पुष्टि होने के बाद नई सीडब्ल्यूसी का गठन नहीं हो जाता। एआईसीसी महासचिव (संगठन) के अनुसार, समिति के अन्य सदस्यों में वरिष्ठ नेता एके एंटनी, अंबिका सोनी, आनंद शर्मा, केसी वेणुगोपाल, रणदीप सुरजेवाला और दिग्विजय सिंह भी शामिल हैं।

पिछली सीडब्ल्यूसी के अधिकतर सदस्यों को समिति में बरकरार रखा गया है। दलित समुदाय से ताल्लुक रखने वाले 80 वर्षीय खड़गे ने 17 अक्टूबर को हुए ऐतिहासिक चुनाव में अपने प्रतिद्वंद्वी 66 वर्षीय शशि थरूर को मात दी थी। पार्टी के 137 साल के इतिहास में छठी बार अध्यक्ष पद के लिए चुनाव हुआ था। अध्यक्ष पद के चुनाव में शशि थरूर को हराने वाले खड़गे ने ऐसे समय कांग्रेस की कमान संभाली है जब देश ( शेष पेज 8 )

## जिम्मेदारी से मुक्त होकर राहत महसूस कर रही हूं: सोनिया

**नई दिल्ली** स्थित एआईसीसी मुख्यालय में आयोजित समारोह के तुरंत बाद सोनिया गांधी मल्लिकार्जुन खड़गे को कांग्रेस अध्यक्ष के कार्यालय तक ले गईं। राहुल गांधी, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के साथ-साथ जी 23 समूह के नेता भी इस मौके पर मौजूद थे। खड़गे को पार्टी की बागडोर सौंपते हुए सोनिया ने कहा कि बदलाव ही प्रकृति का नियम है। उन्होंने कहा कि आज वह इस जिम्मेदारी से मुक्त हो जाएंगी। अब मेरे ऊपर कोई भार नहीं रहेगा। इसलिए यह स्वाभाविक है कि मैं राहत महसूस कर रही हूं।

# नोट पर गांधी के साथ हों लक्ष्मी और गणेश के चित्र : केजरीवाल

● प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से किया अनुरोध, कहा- ऐसा करने से पूरे देश पर बरसेगी भगवान की कृपा, सुधरेगी देश की अर्थव्यवस्था

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**भारतीय** अर्थव्यवस्था के अच्छी स्थिति में नहीं होने का हवाला देते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भारतीय करेंसी नोटों पर भगवान गणेश और लक्ष्मी के चित्र प्रकाशित करने के प्रस्ताव पर विचार करने का आग्रह किया।

उन्होंने सुझाव दिया कि नोट पर महात्मा गांधी अपनी जगह रहें, लेकिन दूसरी तरफ गणेश एवं लक्ष्मी की तस्वीर लगे। केजरीवाल के इस अनुरोध पर राजनीतिक बवाल खड़ा हो गया है। केजरीवाल ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए के लगातार कमजोर होने के कारण देश नाजुक स्थिति से गुजर रहा है। उन्होंने दावा किया कि अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए देश को बहुत सारे प्रयास करने के साथ ही हमारे देवी-देवताओं के आशीर्वाद की भी जरूरत है। केजरीवाल ने कहा कि आज मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार से अपील ( शेष पेज 8 )

## दिल्ली के सीएम की मांग नौटंकी: भाजपा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नोटों पर लक्ष्मी एवं गणेश के चित्र छापने के सुझाव पर राजनीतिक बवाल खड़ा हो गया है। भाजपा ने इसे गुजरात और हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले कोरी नौटंकी करार दिया। आप संयोजक पर निशाना साधते हुए भाजपा ने कहा कि उनकी मांग यू-टर्न की पराकाष्ठा है, क्योंकि वह हिंदू होने का प्रयास कर रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने संवाददाताओं से कहा कि वह पाखंड कर ( शेष पेज 8 )

# गाजियाबाद में मामूली बात पर युवक की पीटकर हत्या

● पार्किंग को लेकर हुआ था विवाद, पिता दिल्ली पुलिस के रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर

रिंकू यादव। गाजियाबाद



मृतक वरुण की फाइल फोटो

**जरा** सी बात पर रिटायर दरोगा के बेटे की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। हमलावरों ने पहले बीच सड़क पर उसे बुरी तरह पीटा और फिर ईंट से सिर कूच दिया। घटना के बाद हमलावर मौके से भाग गए। आसपास के लोग युवक को हॉस्पिटल ले गए, वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना का एक वीडियो सामने आया है।

इसमें युवक वरुण सड़क पर पड़ा हुआ है और हमलावर उस पर ईंटों से हमला कर रहा है। ये वीडियो वहां से गुजर रहे एक कार सवार व्यक्ति ने बनाया। मंगलवार रात वरुण अपने दो दोस्तों संजय कुमार और दीपक रावत के साथ होटल में खाना खाने गया था। रात 9 बजे कार से वरुण ओप्स किचन रेस्टोरेंट पहुंचा। वहां होटल के बाहर पार्किंग में पहले से कुछ कारें खड़ी थी। वरुण ने भी जगह देखकर अपनी कार पार्क कर दी।

तभी वहां कुछ युवक पहुंचे। उनकी कार वरुण की कार के बगल में खड़ी थी। जगह न होने के कारण उसका गेट नहीं खुल पा रहा था। बस, विवाद की यही वजह थी। बताया जा रहा है कि इसी दौरान दूसरे पक्ष के युवकों ने ( शेष पेज 8 )

# तमिलनाडु एनआईए को सौंपेगा कोयंबटूर विस्फोट की जांच

पायनियर समाचार सेवा। कोयंबटूर



चेन्नई में उच्चस्तरीय बैठक करते तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन

**तमिलनाडु** सरकार ने बुधवार को यहां कहा कि कोयंबटूर विस्फोट की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) से कराने की सिफारिश केंद्र से की जाएगी। राज्य सरकार ने विध्वंसकारी गतिविधियों को विफल करने और अपनी खुफिया शाखा को मजबूत करने के लिए एक विशेष पुलिस बल गठित करने की भी घोषणा की।

मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की अध्यक्षता में सचिवालय में हुई एक उच्चस्तरीय बैठक में विस्फोट से संबंधित जांच की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की गई और इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए एक विशेष बल गठित करने का निर्णय लिया गया। कोयंबटूर पुलिस ने मृतक जमीशा मुबीन के पांच सहयोगियों को गैर-कानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत गिरफ्तार किया था जिन्हें आठ नवंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। जिस कार में मुबीन यात्रा कर रहा था उसमें गैस सिलेंडर फटने से उसकी मौत हो गई थी। विस्फोट उस वक्त हुआ था जब मुबीन इस शहर में एक कार से एक मंदिर के पास से गुजर रहा था और उसने कथित तौर पर एक पुलिस जांच चौकी से बचने की कोशिश की थी।

गौरतलब है कि मुबीन के घर से गत 23 अक्टूबर को कथित तौर पर 75 किलोग्राम निम्न तीव्रता के विस्फोटक जब्त बरामद हुए थे। एनआईए के वरिष्ठ अधिकारियों ने विस्फोट और उसकी जांच को लेकर आज कोयंबटूर में तमिलनाडु पुलिस के साथ विचार-विमर्श किया।

बैठक में अधिकारियों को स्टालिन के निर्देशों का हवाला देते हुए सरकार ने कहा कि यह मामला एनआईए को सौंपने के लिए केंद्र को सिफारिश करने का निर्णय लिया गया है। आधिकारिक विज्ञप्ति में यहां कहा गया कि यह कदम घटना के तार तमिलनाडु की सीमाओं के बाहर जुड़े होने और विस्फोट मामले की जांच के दौरान अंतरराष्ट्रीय ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,307 | |
| निफ्टी | 17,576 | |
| सोना | 50,139 | /10g |
| चांदी | 56,089 | /kg |

## क्विक न्यूज

### दिल्ली में डेंगू के मरीजों में लीवर की समस्या: डॉक्टर


**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में डेंगू के बढ़ते मामलों के बीच शहर के विभिन्न अस्पतालों के डॉक्टरों का कहना है कि मच्छरों के काटने से होने वाले इस रोग के कई मरीजों में लीवर संबंधी समस्याएं और कैपिलरी लीक सहित अन्य जटिलताएं सामने आ रही हैं। कैपिलरी लीक में विभिन्न कारणों से रक्त नलिकाओं से बड़े पैमाने पर प्लाज्मा लीक होकर आसपास के उत्तकों में फैल जाता है। इसमें मरीज का रक्तचाप कम हो जाता है और इसका समय पर इलाज ना किया जाए तो मरीज की मौत भी हो सकती है। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में अक्टूबर महीने में डेंगू के 900 से ज्यादा मामले आए है और इस साल कुल 1,876 लोगों को डेंगू हुआ है। आंकड़ों के अनुसार, 19 अक्टूबर तक डेंगू के 939 मामले आए हैं जो इस साल आए कुल मामलों का करीब 50 फीसदी है।

# पराली पर एमएसपी का ऐलान कर सकती है हरियाणा सरकार

● खेतों में पराली जलाने पर अंकुश लगाने की पहल

● हरियाणा सरकार कर रही है पराली पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा पर विचार : खट्टर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बुधवार को कहा कि वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए राज्य सरकार पराली पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा करने पर विचार कर रही है, ताकि किसान उसे जलाने के बजाय बचे दें।

उन्होंने कहा कि हरियाणा में पराली जलाने के मामले काफी कम हुए हैं। खट्टर ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को पराली नहीं जलाने के लिए प्रति एकड़ 1000 रुपए देती है और वह उन्हें पराली को रिफाइनरी एवं अन्य उद्योगों को बेचने में भी मदद करती है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार पराली जलाए जाने के मुद्दे को ( शेष पेज 8 )

# केरल के राज्यपाल ने मंत्री पर की कार्रवाई की मांग, सीएम का इनकार

पायनियर समाचार सेवा। तिरुवनंतपुरम

**केरल** के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने मुख्यमंत्री विजयन को पत्र लिखकर वित्तमंत्री केएन बालगोपाल के खिलाफ संविधान सम्मत कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने यह मांग बालगोपाल द्वारा कथित तौर पर राष्ट्रीय एकता को कमतर करने वाला भाषण देने के मामले में की है। राज्यपाल की इस मांग को मुख्यमंत्री ने खारिज कर दिया है। खान ने विजयन को पत्र लिखकर कहा कि बालगोपाल के पद पर बने रहने को लेकर वह खुश नहीं हैं। आधिकारिक सूत्र ने बताया कि मुख्यमंत्री ने जवाबी पत्र लिखकर राज्यपाल की बालगोपाल के खिलाफ कार्रवाई की मांग खारिज कर दी है। उन्होंने बालगोपाल के प्रति अपने विश्वास को दोहराया और कहा कि वह कम नहीं हुआ है। राज्यपाल ने अपने पत्र में वाम लोकतांत्रिक ( शेष पेज 8 )

# दुनिया के सबसे स्वच्छ तटों की सूची में भारत के दो और तट

● प्रधानमंत्री ने जताई खुशी, केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने ट्वीट कर कहा-गर्व के क्षण

● इन तटों में मिनिकॉय, थुंडी बीच व कदमत बीच हैं शामिल, दोनों लक्षद्वीप में

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



लक्षद्वीप स्थित कदमत बीच

**भारत** के खाते में बुधवार को एक और उपलब्धि जुड़ गई। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव के मुताबिक दो और भारतीय समुद्र तटों को दुनिया के सबसे स्वच्छ समुद्र तटों की सूची में जगह मिली है। यादव ने ट्वीट किया, गर्व का क्षण, दो और भारतीय समुद्र तटों ने ब्लू बीच की सूची में जगह बनाई है।

मिनिकॉय, थुंडी बीच और कदमत बीच- दोनों लक्षद्वीप में- ने ब्लू बीच की प्रतिष्ठित सूची में जगह बनाई है, जो दुनिया में सबसे स्वच्छ समुद्र तटों की सूची है। इससे भारत में ब्लू बीच की संख्या बढ़कर 12 हो गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने एक ट्वीट में कहा, यह बेहद शानदार उपलब्धि है।

इस उपलब्धि के लिए विशेष रूप से लक्षद्वीप के लोगों को बधाई। भारत की तटरेखा उल्लेखनीय है और तटीय स्वच्छता को आगे बढ़ाने के लिए हमारे लोगों में बहुत जुनून भी है। मोदी ने यह टिप्पणी भूपेंद्र यादव के एक ट्वीट पर की। यादव ने अपने ट्वीट में कहा-, यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में एक सतत वातावरण के निर्माण की दिशा में भारत की अथक यात्रा का हिस्सा है। यादव ने ट्वीट कर यह जानकारी सार्वजनिक की कि दो और भारतीय समुद्र तटों को दुनिया के सबसे स्वच्छ समुद्र तटों की सूची में जगह मिली है।

# पीएम गति शक्ति से नोएडा को मिलेंगे 230 करोड़

## 50 साल तक नहीं देना होगा ब्याज, चार प्रोजेक्ट को मिलेगी रफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



पीएम गति शक्ति से मंजूरी मिलने पर अब इन चार परियोजनाओं के लिए मार्च 2023 तक 230 करोड़ रुपए केंद्र से मिल जाएंगे। पैसा मिलने पर इनके काम को और अधिक रफ्तार मिलेगी। प्राधिकरण इस पैसे का प्रयोग बिना ब्याज दिए 50 साल तक कर सकेगा। नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने बताया कि इन परियोजनाओं का चयन पीएम गति शक्ति में स्कीम ऑफ स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट फॉर कैपिटल इनवेस्टमेंट 2022-23 के तहत हुआ है। इस योजना के अंतर्गत कैपिटल इनवेस्टमेंट प्रोजेक्ट के लिए केंद्र सरकार की ओर से यह आर्थिक मदद दी जाएगी। कैपिटल इनवेस्टमेंट प्रोजेक्ट के लिए केंद्र सरकार की ओर से विशेष वित्तीय सहायता के लिए प्रदेश में कुल 12 परियोजनाओं का चयन किया गया है। ये सभी परियोजनाएं प्रदेश के अलग.अलग जिलों की है। बता दें केंद्र सरकार की ओर से राज्यों के लिए इस योजना के तहत एक लाख करोड़ रुपए का बजट जारी किया गया है।

**डीएससी एलिवेटेड रोड, 6 लेन, 5.5 किलोमीटर लंबा:** यह एलिवेटेड रोड दादरी-सूरजपुर-छलेरा डीएससी रोड पर सेक्टर-41 आगाहपुर से फेज टू स्थित नाले के पास तक बनाया जा रहा है। इसके बनने से बरौला, भंगेल.सलारपुर रास्ते पर लगने वाला जाम खत्म हो जाएगा। इसका अभी तक करीब 50 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। इसको पूरा होने में करीब 10 महीने का और समय लगेगा। यह 468 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जा रहा है।

**एडवेंट अंडरपास:** यह अंडरपास नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे पर सेक्टर-142 एडवेंट इमारत के सामने बनाया जा रहा है। इसको बनाने में 43 करोड़ 21 लाख रुपये लागत आएगी। अभी बॉक्स पुशिंग का काम चल रहा है। जनवरी 2023 तक इसका काम पूरा करने की डेडलाइन रखी गई है। अभी निर्माण कार्य के दौरान एक्सप्रेस वे की सड़क में गड्ढा होने पर वाहन चालकों को जाम में फंसना पड़ रहा है। इसके बनने से सेक्टर.142 और 168 की ओर एक दर्जन गांव व सेक्टर जुड़ जाएंगे।

### पर्थला फ्लाईओवर, 6 लेन, 600 मी. लंबा



पर्थला गोल चक्कर पर दिल्ली के सिग्नेचर ब्रिज की तर्ज पर यह फ्लाईओवर बनाया जा रहा है। फ्लाईओवर 3 पिलर और 250 तारों पर टिकाया जाएगा। फ्लाईओवर के निर्माण में 80 करोड़ 53 लाख रुपए की लागत आएगी। इससे बनने से वाहन चालक दिल्ली के कालिंदी कुंज से आकर ग्रेटर नोएडा वेस्ट और गाजियाबाद की ओर आसानी से आ.जा सकेंगे। इसका अभी तक करीब 65 प्रतिशत तक काम पूरा हो चुका है। जनवरी 2023 तक काम पूरा होने की उम्मीद है।

**बहलोलपुर:** फरीदाबाद, नोएडा, गाजियाबाद एफएनजी पर सेक्टर.69 ट्रांसपोर्ट नगर और बहलोलपुर गांव के बीच बनाए जा रहे बहलोलपुर अंडरपास का काम लगभग पूरा हो चुका है। यहां से वाहन भी निकलने शुरू हो गए हैं हालांकि सिर्फ फि निशिंग व लूप के काम बचे हुए हैं। यह करीब 30 करोड़ 30 लाख रुपए की लागत से बनाया गया है। अंडरपास बनने से सेक्टर-62, 63, 64, 67 से चोटपुर-बहलोलपुर समेत कई स्थानों पर आने-जाने वालों को सहूलियत मिल रही है।

# यमुना नदी में युवक ने लगाई छलांग, गोताखोरों ने बचाया

- शराबी पीने को लेकर पत्नी से हुआ था झगड़ा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



एक युवक मंगलवार शाम को ओखला बैराज से यमुना नदी में कूद गया। इसी बीच गोताखोरों ने उसे देख लिया और उसको बचा लिया। दिल्ली थाना क्षेत्र होने से आगे की कार्रवाई के लिए युवक को दिल्ली पुलिस को सौंप दिया गया। युवक ने पहले यमुना पुल पर अपनी स्कूटी खड़ी की। इसके बाद छलांग लगाई। सेक्टर-126 थाना प्रभारी सतेंद्र कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि युवक ओखला बैराज से यमुना नदी में कूद गया है। पुलिस मौके पर पहुंची। युवक को कूदते हुए गोताखोरों ने देख लिया था। उन्होंने तुरंत उसे बचाने के लिए नदी में छलांग लगा दी और उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया। जिस जगह युवक कूदा था, वहां पानी का स्तर कम था। इससे ही उसकी जान बच गई। उसकी पहचान दिल्ली के जैतपुर गांव निवासी राकेश कुमार के रूप में हुई। राकेश ने बताया कि शराब पीने को लेकर पत्नी से विवाद हुआ था। इसके बाद वह स्कूटी से ओखला बैराज पर आकर यमुना में कूद गया। दिल्ली का मामला होने के चलते नोएडा पुलिस ने युवक को दिल्ली पुलिस को सौंप दिया है। बता दें जब यह घटना हुई उससे कुछ देर पहले ही नोएडा पुलिस के आला अधिकारियों ने गोताखोर को सतर्क रहने और छठ घाट के आसपास बैरिकेड करने के निर्देश दिए थे। ऐसे में गोताखोर सतर्क थे जिससे युवक की जान बच सकी।

# चलती ई-स्कूटी में लगी आग

- डिलीवरी ब्वाय ने कूदकर बचाई जान

नोएडा। नोएडा के सेक्टर-113 कोतवाली क्षेत्र स्थित सिविटेक स्टेडिया सोसायटी के सामने बुधवार सुबह दस बजे करीब एक इलेक्ट्रिक स्कूटी में अचानक से आग लग गई। स्कूटी पर सवार डिलीवरी ब्वाय ने कूदकर किसी तरह अपनी जान बचाई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी मौके पर पहुंच गई, लेकिन तब तक स्कूटी पूरी तरह से जल चुकी थी। कोतवाली प्रभारी शरदकांत शर्मा ने बताया कि सोरखा गांव का चंद्रप्रकाश बिग बास्केट में डिलीवरी ब्वाय है। बुधवार सुबह वह सेक्टर-80 स्थित बिग बास्केट स्टोर से सामान लेकर उसे सेक्टर-78 स्थित सोसायटी में डिलीवरी करने के लिए जा रहा था। चंद्रप्रकाश जैसे ही सोसायटी के सामने पहुंचा, वहीं स्कूटी में आग लग गई। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। मौके पर जुटी भीड़ ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस और अग्निशमन विभाग को दी।

# आतिशबाजी को लेकर दो पड़ोसियों में मारपीट

नोएडा। पटाखे जलाने को लेकर नोएडा के सेक्टर-12 में दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। दोनों ओर से पत्थर बाजी हुई। लाठी-डंडे भी चले। ट्विटर और वॉटरऐप पर वीडियो सामने आने के बाद दोनों पक्षों के 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस घटना के 2 वीडियो सामने आए है। एक युवक घर पर पत्थर फेंकते हुए दिखाई दे रहा है। वीडियो में मारपीट और धक्का-मुक्की होती दिख रही है। वीडियो में कुछ महिलाएं भी है गाली गलौज कर रही है। कोतवाली प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि पटाखे जलाने को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था। घटना का वीडियो भी दोनों पक्षों ने ही बनाया है। इसके बाद इंटरनेट पर डालकर पुलिस कार्रवाई की मांग की गई। इस मामले में कुछ लोग दोनों पक्ष के लोगों को शांत कराते हुए भी दिखे।

# राहत: नोएडा में आज से मिलेगा गंगाजल

- पिछले 20 दिनों से पेय जल संकट से जूझ रहे थे शहर के लोग

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा




20 दिन तक पानी की समस्या झेल रहे नोएडा वासियों को आज से उनको गंगाजल मिलने लगेगा। इसके लिए आज हरिद्वार से गंगनहर में गंगाजल को छोड़ दिया गया है। गाजियाबाद में गुरुवार सुबह तक प्लांट में पानी पहुंच जाएगा। इसके बाद गुरुवार दोपहर या शाम से नोएडा में भी गंगाजल की आपूर्ति शुरू हो जाएगी। गंग नहर की सफ ाई होने के कारण 6 अक्टूबर से गंगाजल बंद हो रखा है जिसकी वजह से लोगों को पानी संकट का सामना करना पड़ रहा है। हर साल गंग नहर की सफाई के लिए दशहरा-दीपावली के मौके पर गंगाजल की आपूर्ति बंद रहती है। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि गंग नहर में पानी छोड़ दिया गया है। वहां से गाजियाबाद तक बुधवार शाम या गुरुवार तक पानी आ जाएगा। ऐसे में गुरुवार दोपहर या शाम से नोएडा को भी पानी मिलने लगेगा। गंगाजल मिलते ही उसकी सप्लाई शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने दावा कि कि गंगाजल बंद होने पर भी शहर में पानी संकट नहीं होने दिया गया। कुछ जगह पानी का दबाव जरूर कम रहा। दरअसल नोएडा के सेक्टरों में तीसरे फ्लोर तक पानी की सप्लाई ठीक थी। लेकिन इसके ऊपर लो प्रेशर होने की वजह से पानी नहीं पहुंच पा रहा था। इसके अलावा गंदा पानी भी आ रहा है। गंग नहर की सफ ाई के कारण शहर में 6 अक्टूबर से गंगाजल की सप्लाई बंद है। शहर में इस समय रोजाना 400 से 425 मिलियन लीटर रोजाना एमएलडी पानी की खपत होती है, इसमें से 250 एमएलडी गंगाजल होता है। इसमें इतना ही एमएलडी भूमिगत पानी मिलकर सप्लाई किया जाता है।

# तमंचे संग वीडियो वायरल करने वाला छात्र गिरफ्तार

गाजियाबाद। विजयनगर थानाक्षेत्र में रहने वाले छात्र को तमंचे के साथ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करना भारी पड़ गया। पुलिस ने छात्र को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि, अभी तक तमंचा बरामद नहीं हुआ है। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए छात्र का नाम रितिक सिंह राजपूत निवासी ननकी चौक पुराना विजयनगर है। रितिक ने तमंचे के साथ वीडियो बनाने के बाद उसे सोशल मीडिया पर डाला था। मामला संज्ञान में आने पर पुलिस हरकत में आई और छात्र की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया। एसएचओ योगेंद्र मलिक का कहना है कि पकड़ा गया युवक बीकॉम का छात्र है। अभी उससे तमंचा बरामद नहीं हुआ है।

# सीएम योगी 31 को करेंगे डाटा सेंटर का उद्घाटन

- एक नवंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी इंडिया एक्सपो मार्ट पहुंचेंगी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 31 अक्टूबर को ग्रेटर नोएडा आएंगे। वह यहां डाटा सेंटर, गंगा जल परियोजना समेत ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की कुछ अन्य परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। एक नवंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित होने वाले इंडिया वाटर वीक का उद्घाटन करने आएंगी। जानकारी के मुताबिक राष्ट्रपति के स्वागत के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे। ऐसे में उनका दो दिन का कार्यक्रम ग्रेटर नोएडा में रहने की संभावना है। राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री के ग्रेटर नोएडा आगमन को लेकर पुलिस व प्रशासन तैयारियों में जुटा है। सड़कों, चौराहों पर चाक.चौबंद बढ़ा दी गई है। ग्रेटर नोएडा के नालेज पार्क पांच में हीरानंदानी ग्रुप की ओर से अत्याधुनिक डाटा सेंटर डी 1 बनाया गया है। पांच हजार करोड़ रुपए की लागत से बने इस डाटा सेंटर का लोकार्पण मुख्यमंत्री करेंगे। इस सेंटर का निर्माण तीन लाख वर्ग फीट क्षेत्रफल में किया गया है। सेंटर में 28.8 मेगा वाट आईटी पावर की सुविधा के साथ ही 250 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री नोएडा प्राधिकरण की गंगा जल परियोजना का भी लोकार्पण कर सकते हैं। पिछले 17 साल से क्षेत्र के लोगों को गंगाजल का इंतजार है।

# किसान आंदोलन की फिर से सुगबुगाहट

गाजियाबाद। किसान संगठनों में एक बार फिर से आंदोलन की सुगबुगाहट हो रही है। 40 से ज्यादा संगठनों को मिलाकर बने संयुक्त किसान मोर्चा ने 26 नवंबर को देशभर के सभी राज्यों में राजभवन तक मार्च करने का ऐलान किया है। 26 नवंबर वो तारीख है जब कृषि बिल के मुद्दे पर किसान दिल्ली के सारे बॉर्डर घेरकर धरने पर बैठ गए थे। वहीं सरदार वीएम सिंह ने मुद्दे पर किसानों को गोलबंद करना शुरू कर दिया है। युद्धवीर सिंह ने बताया, कि आंदोलन की दूसरी वर्षगांठ पर सभी राज्यों की राजधानी में किसानों का मार्च करने का निर्णय लिया है।

# दादरी से न्यू खुर्जा के बीच अगले हफ्ते से दौड़ने लगेंगी मालगाड़ियां

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कारिडोर ईडीएफसी के न्यू बोड़ाकी से न्यू खुर्जा सेक्शन होते हुए प्रयागराज तक अगले सप्ताह से मालगाड़ियों का संचालन होगा। न्यू दादरी से न्यू खुर्जा के बीच 54 किलोमीटर के सेक्शन की शुरुआत में 20-20 ट्रेन अप व डाउन लाइन पर चलेंगी। इस सेक्शन के शुरू होने से दिल्ली व लुधियाना से आए माल को प्रयागराज तक पहले के सापेक्ष आधे से भी कम समय पर पहुंचाया जा सकेगा। औद्योगिक क्षेत्र को गति देने व सड़कों पर मालवाहक वाहनों का दबाव कम करने को डेडिकेटेड फ्रे ट कारिडोर बन रहा है। वर्तमान में मुंबई और कोलकाता के पोर्ट से माल को देश के विभिन्न हिस्सों तक पहुंचाने और निर्यात होने वाले माल को इन दोनों पोर्ट तक पहुंचाने में काफी वक्त लगता है। मालवाहक वाहनों से एक तो समय अधिक लगता है, साथ ही ईंधन की खपत भी अधिक होती है। प्रदूषण भी होता है।

# गाजियाबाद में 87 घाटों पर होगी छठ पूजा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



गाजियाबाद में इस बार 87 घाटों पर छठ पूजा का आयोजन होगा। इसके लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। छठ पूजा आयोजनों से जुड़े लोग दिवाली बीतते ही घाटों पर पहुंचने लगे हैं और साफ-सफाई शुरू कर दी है। दशहरे पर नहर में बंद हुई गंगाजल आपूर्ति 26 अक्टूबर की देर शाम से बहाल हो सकती है। गंगाजल के गाजियाबाद पहुंचने में करीब 24 घंटे लगेंगे। नहर में पानी आपूर्ति होने के बाद ही सफ ाई कार्य में और तेजी आएगी। इस बार छठ पूजा की शुरुआत 28 अक्टूबर से होगी और 31 अक्टूबर तक चलेगी। पहले दिन नहाय खाय, दूसरे दिन खरना, तीसरे दिन डूबते सूर्य और चौथे दिन उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। इसके बाद व्रत का पारण यानि समापन होता है। 28 अक्टूबर को नहाय.खाय के साथ छठ महापर्व शुरू होगा। गाजियाबाद.नोएडा में बिहार और पूर्वांचल के लाखों लोग रहते हैं, जो इस पर्व को धूमधाम से मनाते हैं। उन्होंने इसके लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। गाजियाबाद नगर निगम के आयुक्त नितिन गौड़ ने हिंडन, मोहननगर, लाल कुआं, कविनगर आदि छठ घाटों पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। नगरायुक्त ने बताया कि सभी घाटों पर साफसफ ाई, रंगाई.पुताई का काम जारी है। छठ घाट मार्गों के गड्ढे भरे जा रहे हैं। त्यौहार वाले दिन यहां बिजली, पानी, शौचालय आदि की व्यवस्था नगर निगम की तरफसे की जाएगी। नगरायुक्त ने बताया कि प्रत्येक छठ घाट पर व्यवस्थाओं के लिए जोनल अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई है।

# संक्षिप्त समाचार

### भारत सिटी सोसाइटी में महिला ने कूदकर जान दी

गाजियाबाद। थाना टीला मोड़ क्षेत्र में बुधवार सुबह भारत सिटी सोसाइटी में एक महिला ने खाली पड़े फ्लैट से कूदकर आत्महत्या कर ली। महिला 15 वर्ष से मानसिक बीमारी से जूझ रही थी उनका इलाज चल रहा था। क्षेत्राधिकारी साहिबाबाद पूनम मिश्रा ने बताया महिला के पति ने पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं करने की मांग की है। जानकारी के अनुसार भारत सिटी सोसाइटी में बुधवार सुबह करीब पौने नौ बजे 50 वर्षीय प्रिया गुप्ता ने सोसाइटी में खाली फ्लैट की छत से कूदकर आत्महत्या कर ली। वे फ्लैट नीचे गिरकर बुरी तरह घायल हो गई। उनके शरीर में और सिर में गंभीर चोट आई जिसके कारण उनकी मृत्यु हो गई।

### क्रेडिट कार्ड से निकाले 74 हजार रुपये, रिपोर्ट दर्ज

गाजियाबाद। मुरादनगरनगर की जीतपुर कॉलोनी निवासी एक युवक का क्रेडिट कार्ड का प्रयोग करके खाते से 74 हजार रुपये निकाल लिए। जबकि युवक ने अभी तक क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करना शुरू भी नहीं किया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगर की जीतपुर कॉलोनी निवासी मोहित सैनी परिवार के साथ रहते है। मोहित सैनी ने बताया कि कार्ड तो बनवा लिया है, लेकिन अभी तक उसका पासवर्ड व पिन नहीं लिया है। जिस कारण क्रेडिट कार्ड का अभी तक इस्तेमाल करना शुरू नहीं किया है। उन्होंने बताया कि मेरे क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करके खाते से 74 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। थानाप्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### लिंक क्लिक करते ही खाते से उड़े 1.92 लाख रुपए

गाजियाबाद। नगर कोतवाली क्षेत्र में रहने वाली छात्रा को अनजान लिंक पर क्लिक करना भारी पड़ गया। लिंक को क्लिक करते ही छात्रा के खाते से एक लाख 93 हजार रुपये साफ़ हो गए। मोबाइल पर रकम निकासी का संदेश मिलने पर छात्रा के होश उड़ गए। छात्रा ने घटना के संबंध में पुलिस और बैंक में संपर्क किया। पुलिस का कहना है कि पीड़िता की शिकायत पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। शहर कोतवाली क्षेत्र के छोटा कैला में रहने वाली रिया सैन मेडिकल की छात्रा है।

### नशीला पदार्थ देकर लूटपाट करने वाला गिरफ्तार



गाजियाबाद। देशभर में जहरखुरानी की 100 से अधिक वारदात करने वाला शातिर बदमाश आखिरकार गाजियाबाद जीआरपी के हत्थे चढ़ गया। जीआरपी के अधिकारियों के मुताबिक आरोपी ट्रेन में यात्री को टारगेट करने के बाद अपनी बातों से उसका भरोसा जीतता था। इसके बाद चाय, पानी या कोल्डड्रिंक में नशीली गोलियां मिलाकर यात्री को बेहोश करने के बाद नगदी, मोबाइल, जेवर तथा अन्य सामान लूटकर फरार हो जाता था। करीब तीन साल से वारदातों को अंजाम दे रहा आरोपी पहली बार हत्थे चढ़ा। आरोपी के कब्जे से पांच मोबाइल, 20 हजार रुपये तथा 76 नशीली गोलियां बरामद हुई हैं। गाजियाबाद और सहारनपुर के सीओ जीआरपी धर्मेंद्र कुमार यादव ने प्रेसवार्ता में बताया कि पकड़ा गया आरोपी थाना इज्जतनगर बरेली के मोहल्ला शिकारपुर चौधरी निवासी मुन्ना रशीद खां है।

### गिरिराज गोवर्धन पूजा उत्सव मनाया

नोएडा। नोएडा में गिरिराज गोवर्धन पूजा उत्सव मनाया जा रहा है। सेक्टर-33 स्थित इस्कॉन मंदिर में सवा टन पके हुए चावल और हलवे से लगभग 15 फुट लंबे गोवर्धन पर्वत का निर्माण किया। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा था। मुख्य उत्सव दोपहर 1 बजे तक चला। भक्तों ने गिरिराज की पूजा परिक्रमा की। गिरिराज को विभिन्न प्रकार की मिठाइयों, फलों, सूखे मेवा और पकवानों का भोग लगाया गया। मन्दिर के अध्यक्ष श्रीमन वंशीधर दास गिरिराज धरण हम तुम्हारी शरण के भजन कीर्तन से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। राम गोविंद स्वामी महाराज ने गोवर्धन पूजा के महत्व और किस प्रकार इसे सम्पन्न किया जाना चाहिए पर विशेष प्रवचन दिया। इस मौके पर सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at large that **Mrs. Mamta Bansal** who is owner of the Portion/Unit bearing no. Private No. A-2, On Upper Ground Floor (Rear Side), area admeasuring 720 Sq. Ft. (Approx.), Part of built up Property bearing no. 1663, built on area admeasuring 205 Sq. Yds., out of Khasra no.1151/3 Min, Ward No. 6, Situated in Lal Dora Village- Mehrauli, Tehsil- Mehrauli, New Delhi-110030; having purchased the same from **1)** Mr. Manoj Kumar Bansal, **2)** Mr. Parveen Sirohi, **3)** Mr. Rajesh Kumar Bansal, **4)** Mr. Anil Kumar Gupta vide Sale Deed dated 12.07.2018, vide Document No.4828, registered with the office of Sub-Registrar-Wazirabad, registered on 13.07.2018; and same to be finance & mortgage by **Vastu Housing Finance Corporation Limited.** To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any Person having any type of claim / right / title / interest / creating mortgage over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 7 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.

**Lucem Legal LLP**
269, Rama House, Ground Floor, Masjid Moth, Opp. Uday Park, South Ext. II, New Delhi-49
Contact# 011-40046316

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform to the public at large that **Mrs. Babita** W/o Mr. Lal Bahadur is purchasing the **HALF SHARE (1/2 SHARE) of PROPERTY NO. A-12 LAND AREA MEASURING 76.5 SQ. YARDS OUT OF KHASRA NO. 57/15 & 57/16/1, SITUATED AT WAKA MAUJA SARAN (JAWAHAR COLONY FARIDABAD) TEHSIL & DISTT. FARIDABAD** from **Mr. Ved Praksh Bhati** S/o Mr. Chokhe Singh, who had purchased the subject property through **Sale Deed Dated 19.09.2011**, Vide Doc. No.10114, and same to be financed & mortgaged by **Roha Housing Finance Pvt. Ltd.** However, Original Sale Deed Dated 09.02.1983 (Doc. No.11857), Original Sale Deed dated 15.05.1978 (Doc. No.769), and Original GPA, ATS and Will dated 22.05.1971 have been lost and not available and an FIR has lodged on dated 19.10.2022 with LR No. 905487/2022 for loss of document. If any Person having any type of claim/right/title/interest over the said property may inform in writing at the address mentioned below, about his objections within 07 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien, Charge, disputes etc.

**Lucem Legal LLP**
B-93B, on Second Floor, Opp. SBI, Sector-2, Noida, UP - 201301 Contact # 0120-4269379

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mr. Raj Kumar is the owner of Second and third floor with roof rights (said floor) of built-up Property bearing PlotNo.WZ-44/1, area measuring 133 sq.yds., part of khasra No.725, situated in the area of Village Basai Dara pur Colony known as Basai Darapur New Delhi-110015 vide a Power of Attorney documents dated 26.05.2022. All persons are hereby informed that above mentioned owner wants to sell the said property to a person who intends to obtain loan from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said floor, its sale/mortgage/litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mrs. Cheena is the owner of Property bearing No. B-555-A, area measuring 50 Sq., Yds., out of Khasra No. 630, Ahata No. 24, Situated in the area of Village Bassai Darapur, in the abadi of Sudershan Park, New Delhi vide a Power of Attorney documents dated 27.03.1996. All persons are hereby informed that above mentioned owner wants to sell the said property to a person who intends to obtain loan from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said floor, its sale/mortgage/litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at large **Mrs. Chandani Kumari** W/o Mr. Sanjay Kumari Rai who is purchasing the **RESIDENTIAL PROPERTY AREA MEASURING 50 SQ. YDS. OUT OF KHASRA NO. 421 SITUATED IN CHOTPUR VILLAGE, GAUTAM BUDH NAGAR, U.P.** from **Mr. Charan Singh** S/o Mr. Harsharan, who had owner through Khatauni Record, and same to be financed & mortgaged by **Vastu Housing Finance Corporation Ltd.** If any Person having any type of claim/right/title/interest over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 07 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien, disputes etc.

**Lucem Legal LLP**
B-93B, on Second Floor, Opp. SBI, Sector-2, Noida, UP - 201301 Contact # 0120-4269379

**सार्वजनिक सूचना**

जबकि, महानिदेशक, टाउन एवं कंट्री प्लानिंग, चंडीगढ़, हरियाणा द्वारा मंजूर किए गए लाइसेन्स नंबर 46/2011 दिनांकित 23 05 2011 के प्रावधान के अनुसार मैसर्स अल्ट्राटेक टाउनशिप डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, सेक्टर-32, करनाल-132002, हरियाणा में 6.356 एकड परिमाप के क्षेत्रफल में एक ग्रुप हाउसिंग का विकास आरंभ करने की प्रक्रिया में है।

और जबकि, अनेक व्यक्तियों (जिसमें कम्पनियां सम्मिलित हैं किंतु उन्हीं तक सीमित नहीं) (इसमें आगे आबंटी कहे गए हैं) ने, संयुक्त और पृथक रूप से, उपरोक्त कालोनी में लैट्स/सम्पत्ति के आबंटन हेतु बुकिंग/क्रय अनुबंध निष्पादित किया है।

और जबकि, पहले अनुमोदित की गई भवन निर्माण योजना में अब टावर टी1, टी5 एवं टी6 हेतु संशोधित भवन निर्माण योजना प्रस्तावित की गई है।

और जबकि, महानिदेशक, टाउन एवं कंट्री प्लानिंग, चंडीगढ, हरियाणा द्वारा भवन निर्माण योजना में संशोधन के संबंध में आपत्तियां/सुझाव आमंत्रित करने की अपेक्षा की गई है।

तदनुसार, इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से, एतद्द्वारा उक्त ग्रुप हाउसिंग में आबंटियों से उक्त कालोनी की भवन निर्माण योजना के प्रस्तावित संशोधन के संबंध में आपत्तियां/सुझाव आमंत्रित किए जाते हैं। मेमो नंबर जैडपी 772 एसडी(बी) 2012/7506 दिनांकित 04 05 2012 द्वारा स्वीकृत पूर्व भवन निर्माण योजना और अब मेमो नंबर 555 दिनांकित 03 03 2020 के माध्यम से संशोधित की जाने हेतु प्रस्तावित आंशिक भवन निर्माण योजना की प्रति हमारी वेबसाइट **www.theroyalresidency.in** पर विचारार्थ उपलब्ध हैं।

उक्त भवन निर्माण योजनाएं अधोहस्ताक्षरी के मैसर्स अल्ट्राटेक टाउनशिप डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, पत्राचार/पंजीकृत कार्यालय पता : सेक्टर 32, करनाल 132002 (हरियाणा) में भी देखी जा सकती है।

संशोधित भवन निर्माण योजना के संबंध में आपत्ति/सुझाव धारी कोई भी आबंटी अपनी आपत्ति/सुझाव लिखित रूप में सीनियर टाउन प्लानर (प्लानिंग), सेक्टर 18A मध्य मार्ग, चंडीगढ के कार्यालय में इस सूचना के जारी किए जाने के 30 दिन के भीतर प्रस्तुत कर सकता है, जिसमें असफल रहने पर यह मान लिया जाएगा कि भवन निर्माण योजना में प्रस्तावित संशोधन के विषय में किसी को कोई आपत्ति/सुझाव नहीं है।

मैसर्स अल्ट्राटेक टाउनशिप डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड
तिथि : 27 10 2022 स्थान : करनाल

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड
**उत्तराखण्ड जल संस्थान**
लेन नं.-1, तरूण विहार, मोथरोवाला रोड, देहरादून-248001
Phone No.: 0135-2671940, E-mail - eemdujs@rediffmail.com

पत्रांक: 3297/ई-निविदा/2022-23 **ई-निविदा सूचना** दिनांक: 25.10.2022

मुख्य महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निम्नलिखित पेयजल योजनाओं के कार्यो हेतु ई-निविदा, टू-बिड सिस्टम (तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा)आधार पर निम्नुानसार आमंत्रित की जाती हैं :-

| निविदा क्र.सं. | विकास खण्ड | कार्य विवरण | धरोहर धनराशि (रू.में) | निविदा का मूल्य (रू.में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | चकराता | कुणा पेयजल योजना में श्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 148500.00 | ₹4000 +GST | 04 माह |
| 2. | चकराता | कन्धाड पेयजल योजना में श्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 128800.00 | ₹4000 +GST | 04 माह |
| 3. | चकराता | बुल्हाड पेयजल योजना में श्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 102000.00 | ₹4000 +GST | 04 माह |
| 4. | चकराता | जाडी पेयजल योजना में श्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 146100.00 | ₹4000 +GST | 04 माह |
| 5. | चकराता | मिण्डाल पेयजल योजना में श्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 124600.00 | ₹4000 +GST | 04 माह |
| 6. | चकराता | महरावना पेयजल योजना में श्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 126700.00 | ₹4000 +GST | 04 माह |
| 7. | चकराता | पुरताड पेयजल योजना में श्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 110500.00 | ₹4000 +GST | 04 माह |
| 8. | चकराता | दाबला पेयजल योजना में श्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 154400.00 | ₹4000 +GST | 04 माह |
| 9. | चकराता | चातरा पेयजल योजना में श्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 110500.00 | ₹4000 +GST | 04 माह |
| 10. | चकराता | बागनी पेयजल योजना में श्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 112700.00 | ₹4000 +GST | 04 माह |

निविदा समय सारणी (मुख्य तिथियाँ) निम्नवत् हैं:

| क्र.सं. | विवरण | अनुसूची |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन प्रकाशन की तिथि | 02.11.2022 at 11:00 Hrs |
| 2 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि | 03.11.2022 at 11:00 Hrs |
| 3 | प्री-बिड मीटिंग की तिथि | 09.11.2022 at 11:00 Hrs |
| 4 | बिड ऑनलाईन जमा करने की प्रारम्भ तिथि | 14.11.2022 at 11:00 Hrs |
| 5 | बिड ऑनलाईन जमा करने की अन्तिम तिथि | 19.11.2022 up to 17:00 Hrs |
| 6 | ऑफ लाईन रूप से जमा किये जाने वाले प्रपत्र (निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित शुल्क, बिड सिक्योरिटी, स्टॉम्प पेपर एवं अन्य सम्बन्धित दस्तावेज) | 19.11.2022 upto 17:00 Hrs |
| 7 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि | 21.11.2022 at 11:00 Hrs |
| 8 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | सूचना पृथक से दी जायेगी |

ई-निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारियां व शर्तें उत्तराखण्ड राज्य की वेबसाइट www.uktenders.gov.in पर ऑन लाइन देखी/प्राप्त की जा सकती हैं।

''जल संचय-जीवन संचय''

के.सी. पैन्युली
अधिशासी अभियन्ता

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रव्यवहार ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# यमुना किनारे चिन्हित घाटों पर ही होगी छठ पूजा

## उपराज्यपाल ने दी मंजूरी, सीएम केजरीवाल को सफाई सुनिश्चत करने के दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

यमुना नदी के गिने चुने घाटों पर छठ महापर्व मनाया जाएगा। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने यमुना के चिह्नित घाटों पर छठ पूजा करने को मंजूरी दे दी है। उन्होंने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से श्रद्धालुओं के लिए साफ घाट और पानी सुनिश्चित करने को लेकर निर्देश दिए हैं। साथ ही केजरीवाल को गुमराह करने और समय से पहले प्रचार करने के प्रति आगाह किया है।

उपाराज्यपाल कार्यालय के सूत्रों के अनुसार कुछ दिन पहले केजरीवाल के एक ट्वीट ने कई लोगों को भ्रम में डाल दिया था जिन्हें लगा था कि यमुना नदी के किनारे छठ पूजा कहीं भी की जा सकती है।



छठ पूजा करने की उपराज्यपाल द्वारा स्वीकृति यमुना पर निर्दिष्ट घाटों के लिए है। सक्सेना ने राजस्व और पर्यावरण विभागों को यमुना प्रदूषण पर राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया है। छठ व्यवस्था के लिए राजस्व विभाग नोडल एजेंसी है। यह छठ को सफल बनाने के लिए अन्य सरकारी विभागों और नागरिक एजेंसियों के साथ नजदीकी समन्वय में काम कर रहा है। छठ 30 और 31 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इसके तहत महिलाएं उपवास करके घुटने तक पानी में खड़े होकर डूबते और उगते सूर्य देव को अर्घ्य देती हैं।

यह त्योहार दिल्ली में रहने वाले पूर्वांचल-यानी बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोगों के बीच बेहद लोकप्रिय है। इस बीच भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने अगस्त में उपराज्यपाल को एक पत्र लिख कर उनसे दिल्ली सरकार के अधिकारियों को यमुना के घाटों पर छठ पूजा की पर्याप्त व्यवस्था करने का निर्देश देने का आग्रह किया था। दिल्ली सरकार ने 1100 स्थलों पर छठ पूजा की व्यवस्था की है। कोविड-19 महामारी के दो साल बाद आम आदमी पार्टी की सरकार बड़े स्तर पर छठ पर्व मनाने की तैयारी की है। छठ त्योहार को लेकर आम आदमी पार्टी की केजरीवाल सरकार ने सभी सुविधाओं के साथ ग्यारह छठ घाट बनाने का ऐलान किया है। इसके लिए 25 करोड़ रुपए खर्च किया जा रहा है।

### यमुना को प्रदूषित न करने पर विशेष जोर

उपराज्यपाल ने राजस्व विभाग, पर्यावरण विभाग और संबंधित विभाग के अधिकारियों को पर्यावरण की रक्षा के लिए उपरोक्त आदेशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा है। साथ ही यमुना के पहचान वाले घाटों की साफ-सफाई, बुनियादी सुविधाएं और सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने के भी निर्देश दिए।

# योगशाला रोकने की साजिश : सिसोदिया

- मुख्यमंत्री के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम को जारी रखने के लिए एलजी को भेजी फाइल



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केजरीवाल सरकार के फ्लैगशिप प्रोग्राम दिल्ली की योगशाला बंद हो सकती है। दिल्ली फार्मास्युटिकल साइंसेज एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी (डीपीएसआरयू) के बोर्ड आफ गवर्नर्स की 28 वीं बैठक में कार्यक्रम को बंद करने का निर्णय लिया जा चुका है। इससे नाराज उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने दिल्ली सरकार ने प्रशिक्षण और तकनीकी शिक्षा विभाग (टीटीई) की सचिव को पत्र लिखकर 24 घंटे में स्पष्टीकरण मांगा है।

इस दौरान उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा दिल्ली की योगशाला को रोकने की साजिश कर रही भाजपा। भाजपा अधिकारियों पर दबाव डालकर, निलंबन का डर दिखाकर 1 नवम्बर से दिल्ली वालों को योग के लाभ से वंचित करने की तैयारी कर रही है लेकिन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिए निर्देश वह हर नागरिक को स्वस्थ जीवनशैली देने के लिए प्रतिबद्ध, किसी भी कीमत पर योगशाला बंद नहीं होने देंगे। केजरीवाल ने दिल्ली की योगशाला को जारी रखने की मंजूरी के लिए उपराज्यपाल महोदय फाइल भेजी है। मनीष सिसोदिया ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश दुनिया में योग के प्रचार-प्रसार की बात करते है। ऐसे में उन्हें उम्मीद है कि उपराज्यपाल फाइल को जल्द मंजूरी देंगे ताकि दिल्ली के हजारों लोगों का दिल्ली की योगशाला के माध्यम से योग व ध्यान करने का रास्ता साफ हो। योगशाला के तहत दिल्ली भर में 600 जगहों पर 17,000 से ज्यादा लोगों को मुफ्त योग कक्षा से फायदा हुआ है। साथ ही इससे पोस्ट-कोविड बिमारियों से जूझ रहे 11,000 लोगों को विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं से उबरने में मदद मिली है। वहीं कोरोना काल में योगशाला के तहत ऑनलाइन योग क्लासेज का आयोजन किया गया। उस दौरान होम आइसोलेशन में रह रहे 4500 संक्रमितों को इससे फायदा हुआ।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि केजरीवाल सरकार द्वारा लगभग 1.5 साल पहले योगशाला कार्यक्रम की शुरुआत की गई थी। इस कार्यक्रम के तहत सरकार द्वारा आह्वान किया गया था कि जो लोग रोजाना योग व ध्यान करना चाहते है सरकार द्वारा उन्हें मुफ्त में प्रशिक्षित योग प्रशिक्षिकर उपलब्ध कराया जाएगा। तब भी ऑनलाइन क्लास के माध्यम से 4500 लोगों को योग व ध्यान की क्लासेज दी गई और इससे उन्हें जल्दी ठीक होने में मदद मिली। उन्होंने दावा किया कि यह कार्यक्रम जैसा चल रहा है वैसा ही जारी रहे इसके लिए मुख्यमंत्री को फाइल भेजी जिसपर त्वरित संज्ञान लेते हुए उन्होंने फाइल को मंजूरी दी और आगे उपराज्यपाल के पास भेज दी है।

# छठ पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करे केजरीवाल: कांग्रेस

- ड्राई-डे की भी अधिसूचना जारी करने की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि कांग्रेस की शीला सरकार ने उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, उड़ीसा राज्यों के प्रवासी की आस्था को ध्यान में रखकर छठ महापर्व पर सार्वजनिक अवकाश की शुरुआत की थी, जिस पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पूरी तरह असंवेनशीलता दिखा रहे है।

वर्ष 2010 में शीला सरकार ने आबकारी नियम के 52वें नियमानुसार 21 दिनों को ड्राई-डे नोटिफाई किया था, जिसमें सभी धर्मों, महात्माओं को ध्यान में रखकर सभी दिनों और स्वतंत्रता दिवस व गणतंत्र दिवस को शामिल किया गया। जबकि वर्तमान में केजरीवाल सरकार ने केवल 3 ड्राई-डे कर दिए है। इस संबध में प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को पत्र भी लिखा।

अनिल कुमार ने कहा कि राजनीति नफा-नुकसान से अलग हटकर केजरीवाल पूर्वांचल वासियों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए छठ संध्या अर्घ वाले दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित करे तथा इस दिन ड्राई-डे भी नोटिफाई किया जाए।

# तेज हवा ने दी दिल्ली को प्रदूषण से राहत

- पड़ोसी राज्यों में ग्रेटर नोएडा की हवा रही सबसे बेहतर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

इस साल दिवाली के बाद दिल्ली की आबोहवा में काफी सुधार हुआ है। इसकी मुख्य वजह मौसम की मेहरबानी है। दिवाली की देर रात से ही हवा की गति बढ़ने से प्रदूषण के स्तर में कमी आनी शुरू हो गई है।



बुधवार को दिल्ली एनसीआर का वायु गुणवत्ता सूचकांक तीन सौ के नीचे आ गया है। हालांकि, वायु में प्रदूषण का स्तर अब भी खराब श्रेणी में बना हुआ है। मंगलवार की शाम यानि दिवाली के अगले दिन एक्यूआई 312 दर्ज किया गया था।

दिल्ली के पड़ोसी शहरों में भी दिवाली के दो दिन बाद प्रदूषण के स्तर में काफी कमी आई है। ग्रेटर नोएडा की हवा पड़ोसी राज्यों में बुधवार शाम आठ बजे तक सबसे बेहतर रही। यहां एक्यूआई 239 दर्ज किया गया। वहीं नोएडा में भी प्रदूषण के स्तर में कमी देखने को मिली है। नोएडा में 278 एक्यूआई रहा। दिवाली के दिन नोएडा में एक्यूआई 342 दर्ज हुआ जो बेहद खराब श्रेणी में आता है। इसके अलावा गाजियाबाद में एक्यूआई 290 और फरीदाबाद में एक्यूआई 260 के साथ वायु गुणवत्ता मध्यम से खराब श्रेणी में दर्ज की गई। मौसम वैज्ञानिक इसका सबसे बड़ा कारण चक्रवात सीतरंग का मान रहे हैं। चक्रवात ने उत्तर-पश्चिम भारत में हवाओं को मजबूत करने में मदद की और दिवाली और पराली के धुएं को वायु मंडल में फैलने से रोकने में मदद की। भारत मौसम विज्ञान विभाग के महानिदेशक एम महापात्र ने कहा कि पश्चिमी हवाओं में एक ट्रफ के कारण चक्रवात के अवशेष उत्तर-उत्तर पूर्वी दिशा में चले गए।

जब भी कोई चक्रवात गुजरता है, तो उत्तर-पश्चिमी हवाएं भी उठती हैं क्योंकि चक्रवात हवाओं को सिस्टम की ओर खींचता है। इसके अलावा दिवाली भी जल्द आ गई। अभी ठंड ज्यादा हुई नहीं और दिन के तापमान में भी अधिक गिरावट नहीं आई। सबसे बड़ी बात हवा की दिशा और रफ्तार रही, जिसने प्रदूषक तत्वों को जमा नहीं होने दिया।

# धूल नियमों का पालन नहीं करने पर 32.4 लाख रुपये का जुर्माना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि धूल नियंत्रण मानदंडों का पालन नहीं करने वाली उपयोगकर्ता एजेंसियों पर कुल 32.4 लाख का जुर्माना लगाया गया है वहीं 253 चालान किए गए हैं।

सरकारी अधिकारियों ने 6 अक्टूबर से शुरू किए गए धूल विरोधी अभियान के तहत अब तक 6,868 निर्माण स्थलों का निरीक्षण किया है। राय ने एंटी डस्ट अभियान को लेकर बुधवार को पर्यावरण विभाग और डीपीसीसी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। गोपाल राय ने कहा कि सर्दी के मौसम में प्रदूषण को कम करने के लिए 30 सितम्बर को विंटर एक्शन प्लान की घोषणा की थी। जिसके आधार पर संबंधित विभागों ने इसे जमीन पर लागू करने के लिए गंभीरता पूर्वक कार्य शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में ग्रीन वॉर रूम शुरू किया गया है। जहां से इसकी निगरानी की जा रही है।

सरकार ने लोगों के सहयोग से प्रदूषण को कम करने में सफलता पाई। मंत्री ने कहा कि जो भी साइट्स डस्ट कंट्रोल के नियम का पालन नहीं करेगा, उस पर कानून के अनुसार कार्रवाई की जायेगी। कंस्ट्रक्शन साइटों पर नियम के उल्लंघन होने पर एनजीटी की गाइड लाइन के मुताबिक 10 हजार से 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।


# हरियाणा के सभी रेल मार्ग दिल्ली से जुड़ेंगे

- पलवल से सोनीपत के बीच 121 किमी दोहरी रेल लाइन बिछेगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आगामी 27 फरवरी को फरीदाबाद में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह हरियाणा को चार बड़ी परियोजनाओं की सौगात दी जाएगी। इन बड़ी परियोजनाओं में पलवल से सोनीपत की दोहरी रेल लाइन भी शामिल है।

इसके पूरा होते ही हरियाणा के सभी रेल मार्ग दिल्ली से जुड़ जाएंगे। मुख्यमंत्री ने यह जानकारी राज्य सरकार के आठ साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कर कमलों से लगभग 6,660 करोड़ रुपये लागत की चार परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास होगा। इस परियोजनाओं में लगभग 5,600 करोड़ लागत की हरियाणा ऑरबिटल रेल कॉरिडोर परियोजना का शिलान्यास किया जाएगा। इसी प्रकार सोनीपत में बने लगभग 590 करोड़ रुपये लागत के रेल कोच नवीनीकरण कारखाने का उद्घाटन होगा तो वहीं, लगभग 315 करोड़ 40 लाख रुपये की लागत से रोहतक में बने देश के पहले सबसे लंबे एलिवेटिड रेलवे ट्रैक का लोकार्पण किया जाएगा। ऐसे ही, लगभग 106 करोड़ रुपये की लागत के हरियाणा पुलिस आवास परिसर, भौंडसी का उद्घाटन किया जाएगा। हरियाणा ऑरबिटल रेल कॉरिडोर परियोजना के अंतर्गत पलवल से सोनीपत तक लगभग 121 किलोमीटर लम्बी दोहरी रेल लाइन बिछाई जाएगी। इससे दिल्ली से शुरू होकर हरियाणा से गुजरने वाले सभी रेल मार्ग आपस में जुड़ जाएंगे। इससे दिल्ली का यातायात भार कम होगा और प्रदूषण भी कम होगा। चार वंदे भारत रेलगाडियां दो हरियाणा में होकर जाती है अर्थात एक दिल्ली से कटरा और दूसरी हाल ही में शुरू की गई।




# दिल्ली नगर निगम ने नए लैंडफिल बनाने की योजना को बताया भ्रामक

**नई दिल्ली।** एमसीडी चुनाव को लेकर राजनीतिक दल सक्रिय हो गए हैं। आम आदमी पार्टी इन दिनों कूड़े के पहाड़ों को लेकर बीजेपी पर हमलावर है।

वहीं दिल्ली नगर निगम ने कहा कि आर के पुरम विधानसभा क्षेत्र में चलने वाले एक ऑटो-रिक्शा को सार्वजनिक घोषणा प्रणाली का उपयोग करते हुए नगर निगम के बारे में गलत सूचना का प्रचार करते हुए देखा गया है। इस भ्रामक प्रचार में कहा गया है कि दिल्ली नगर निगम द्वारा भवर सिंह कैंप, आर के पुरम विधानसभा क्षेत्र में एक और लैंडफिल साइट बनाने की योजना है और इस बाबत प्रस्तावित लैंडफिल साइट के विरोध में क्षेत्र के लोगों को 28 अक्टूबर को भवर सिंह कैंप में इकट्ठा होने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा था।

एमसीडी ने स्पष्ट किया है कि निगम की आर के पुरम ही नहीं बल्कि कहीं भी लैंडफिल साइट बनाने की कोई योजना नहीं है।

इस बारे में सफाई निरीक्षक ने एसएचओ आर के पुरम पुलिस स्टेशन से शिकायत की है और अनुरोध किया है कि वह आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करें और निगम के खिलाफ इस तरह के झूठे और दुर्भावनापूर्ण प्रचार को रोके। ज्ञात हो कि लैंडफील को लेकर नगर निगम और दिल्ली सरकार एक दूसरे के खिलाफ आरोप लगाते रहते है।






# इंतजार खत्म, गुरुग्राम पुलिस को आज मिलेंगे 576 क्वार्टर

**केंद्रीय गृह मंत्री फरीदाबाद रैली से करेंगे लोकार्पण**

**आरटीसी भोंडसी में 18 एकड़ जमीन पर 106 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हुए हैं 576 क्वार्टर**

**मल्टी स्टोरी बिल्डिंग में लिफ्ट सहित मिलेंगी अन्य आधुनिक सुविधाएं**

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के भोंडसी स्थित आरटीसी में पुलिस के जवानों के लिए बनाए गए क्वार्टर।

**पुलिस** लाइन में सरकारी आवासों में कमी के कारण परिवार के साथ किराए के मकानों में रहने और शहर से बाहर अप-डाउन करने वाले पुलिस कर्मचारियों के लिए अब आरटीसी भोंडसी में 576 नए फैमिली क्वार्टर बनकर तैयार हैं। यानी अब उनके लिए आवास के इंतजार की घड़ियां खत्म होने जा रही हैं। गुरुवार को फरीदाबाद में आयोजित रैली से गृह मंत्री अमित शाह इन क्वार्टर का लोकार्पण करेंगे।

करीब तीन साल की अवधि में ये क्वार्टर पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन ने बनाए हैं। लोकार्पण समारोह में केंद्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव और मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी मौजूद रहेंगे। गुरुग्राम के भोंडसी स्थित रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर (आरटीसी) में पुलिस आवास परिसर की करीब 18 एकड़ भूमि पर बनकर तैयार यें 576 पुलिस क्वार्टर गुरुग्राम पुलिस के जवानों की कार्य शैली में निश्चित रूप से एक बड़ा बदलाव लेकर आएंगे।

प्रोजेक्ट की आधारशिला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आठ सितंबर 2019 को रोहतक में आयोजित रैली के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रखी गई थी। प्रोजेक्ट की निर्माण प्रक्रिया 16 सितंबर 2019 को शुरू की गई थी, जोकि मौजूदा वर्ष के इसी माह की 15 तारीख को पूर्ण हुई है।

## आधुनिक सुविधाओं से लैस ये नए फ्लैट

गुरुग्राम शहर के बस अड्डे के पास पुलिस लाइन व मानेसर स्थित पुलिस लाइन के बाद गुरुग्राम जिले में यह तीसरा पुलिस आवासीय परिसर है। करीब 18 एकड़ भूमि पर निर्मित इस नए पुलिस आवास परिसर में 12 टावर का निर्माण किया गया है, जिसमें प्रत्येक टावर में दो लिफ्ट के साथ स्टिल्ट पार्किंग सहित आठ फ्लोर हैं। प्रत्येक फ्लोर पर छह फ्लैट्स (922 स्क्वायर प्रति यूनिट) हैं। सभी टावर्स की छतों पर गर्मी प्रतिरोधी टाइलें लगाई गई हैं। वहीं रैलिंग में जंग से बचाव के लिए स्टेनलेस स्टील का इस्तेमाल किया गया है। आग लगने की स्थिति में बचाव के लिए फायर अलार्म सहित अन्य आधुनिक उपकरणों लगाए गए हैं।

## वाटर ट्रीटमेंट के लिए एसटीपी भी लगाया

**परिसर** में एसटीपी के माध्यम से ट्रीटेड वाटर को पुन: इस्तेमाल में लाया जाएगा। इसके साथ-साथ जल संरक्षण की महत्ता को ध्यान में रखते हुए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सहित पार्क व बागवानी पर भी विशेष कार्य किया गया है। सभी आवास में बिजली की निर्बाध सप्लाई के लिए परिसर में 11 किलोवाट का एक सब स्टेशन भी बनाया गया है। आपात स्थिति के लिए 125 किलोवाट के तीन व 62.5 किलोवाट का एक डीजी सेट भी लगाया गया है।

# दीपावली की रात वंचित बच्चों को कपड़े बांटते रहे डेरा प्रेमी



दीपावली की रात को मेट्रो स्टेशन के बाहर बच्चों को नए कपड़े पहनाने के बाद सेल्फी लेते डेरा प्रेमी।

पायनियर समाचार सेवा। सिरसा/गुरुग्राम

**वैसे** तो दीपावली पर सभी ने अपने घर-परिवारों, रिश्तेदारों, दोस्तों के घर जाकर दीपावली की खुशियां सांझा की होंगी। एक-दूसरे को मिठाई और गिफ्ट भी दिए होंगे। गुरुग्राम से सिरसा पहुंचे डेरा प्रेमियों ने उन लोगों के बीच दीपावली मनाई, जो कि इन सब सुविधाओं से वंचित हैं। जो अच्छे खाने, पहनने के लिए दूसरों पर निर्भर हैं।

संत डॉ. राम रहीम सिंह इंसा द्वारा दिखाए गए मानवता भलाई के रास्ते पर चलते हुए दीपावली की देर रात तक डेरा सच्चा सौदा के प्रेमी सिरसा की सड़कों पर घूम-घूमकर उन बच्चों को नए कपड़े, मिठाई, गिफ्ट बांटते रहे, जिनके लिए चकाचौंध दीपावली सिर्फ एक सपना है। वे चाहकर भी अपनी ख्वाहिशें पूरी नहीं कर सकते। डेरा प्रेमी मुकेश इंसा, पुनीत इंसा सारा सामान लेकर रात को सड़कों पर निकल पड़े। सार्वजनिक स्थलों बस अड्डा, रेलवे स्टेशन, मेट्रो स्टेशन व अन्य चौक-चौराहों पर डेरा प्रेमियों ने गरीब, जरूरतमंद लोगों को ना केवल दीपावली की बधाई दी, बल्कि उन्हें मिठाई और बच्चों के लिए कपड़े, जूते देकर उनके साथ खुशी सांझा की। इन डेरा प्रेमियों ने कहा कि गुरुजी ने जो रास्ते उन्हें दिखाया है, वे उसी पर चल रहे हैं। दीन-दुखियों की सेवा, लाचारों को सुविधाएं, त्योहारों पर वंचितों के साथ खुशी साझा करना उन्हें सुकून देता है। यही सच्ची सेवा भी है। गुरूजी ने उन्हें हमेशा नेकी, भलाई करने का संदेश दिया है। 40 दिन के प्रवास पर आए गुरुजी आज भी यही संदेश दे रहे हैं। मानवता भलाई और देशहित में काम करने की प्रेरणा से डेरा सच्चा सौदा के करोड़ों सेवादार निरंतर देश-विदेशों में सेवा करते रहते हैं।

## संक्षिप्त-समाचार

### जमीन के विवाद में चाचा की गोली मारकर हत्या

**सोहना।** जमीन विवाद में भतीजे की गोली लगने से घायल लाखूवास निवासी चाचा ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में तीन दिन पहले गंभीर हालत में दाखिल कराया था। शहर थाना पुलिस ने भतीजे समेत दो को गिरफ्तार करने के बाद अदालत से दो दिन की रिमांड पर लिया है। शहर थाने के गांव लाखूवास निवासी बिजेन्द्र को रविवार की सायं साढ़े आठ बजे उसके भतीजे जितेन्द्र ने अपने भाई धर्मेन्द्र और पड़ोसी अशोक के साथ मिलकर खेत में काम करने के दौरान गोली मारी थी। धर्मेन्द्र ने लोहे के पाइप में बारूद भरकर मूंह में चला दिया था और जितेन्द्र ने पेट पर गोली मारी थी। घायल बिजेन्द्र को पहले सोहना, उसके बाद नूंह के नल्हड़ अस्पताल में दाखिल कराया था। यहां से रेफर करने पर रविवार रात को ही दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में दाखिल कराया था। जहां बिजेन्द्र ने मंगलवार रात को दम तोड़ दिया। शहर थाना पुलिस ने लाखूवास निवासी जितेन्द्र उसके भाई धर्मेन्द्र और पड़ोसी अशोक के खिलाफ बिजेन्द्र की मौत होने पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। तीसरा आरोपी धर्मेन्द्र अभी भी पुलिस पकड़ से बाहर हैं। जितेन्द्र का अपने चाचा बिजेन्द्र से जमीन को लेकर पिछले करीब छह माह से विवाद चल रहा था। जमीन को लेकर दोनों पक्ष की तरफ से एक मामला अदालत में भी विचाराधीन है। शहर थाना प्रभारी उमेश कुमान ने बताया कि बुधवार को बिजेन्द्र के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

### सफाई कर्मियों की हड़ताल आठवें दिन जारी, गिरफ्तारी दी



**सोहना।** नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों ने यूनियन के जिला प्रधान के नेतृत्व में मंगलवार देर शाम शहर में प्रदेश सरकार के खिलाफ रैली निकालते हुए गिरफ्तारी दी। सफाई कर्मियों की हड़ताल आठवें दिन भी जारी रही। पिछले आठ दिन से अपनी मांगों को लेकर नगर परिषद के सफाई कर्मी हड़ताल पर चल रहे हैं। सफाई कर्मियों ने आठ दिन से झाड़ू को हाथ में नहीं लिया है। जिससे शहर के आम रास्तों से लेकर गांवों में गंदगी फैली हुई। सफाई कर्मियों ने डोर टू डोर सफाई करने वाले ठेकेदार के कर्मचारियों को भी काम नहीं करने दिया जा रहा था। आखिर बेबस प्रशासनिक अधिकारियों ने शुक्रवार को कड़ा रुख अपनाते पुलिस की मदद से मंगलवार शाम ताला बंद जेसीबी सहित अन्य सफाई उपकरणों को बाहर निकाला। उसके बाद शहर में लगे कूड़े के ढेरों का सफाई कराई गई। धरना पर बैठे सफाई कर्मचारियों का हौसला बढ़ाने पहुंचे जिला प्रधान राजेश के नेतृत्व में शहर थाने में पहुंच कर अपनी गिरफ्तारी दी। जिसमें महिलाओं ने भी भाजपा लिया। करीब दो घंटे के बाद रात को ही छोड़ दिया।

### बाइक सवारों को बोलेरो चालक ने टक्कर मारी, गम्भीर

**सोहना।** बाइक सवार दो युवकों को तेज रफ्तार बोलेरो ने टक्कर मार दी। सड़क पर करीब 20 फुट तक बाइक सवार घिसटे गए। गंभीर रूप से घायल युवकों को सोहना के निजी अस्पताल में दाखिल कराया। घायल युवकों में एक बीए द्वितीय कक्षा का छात्र शामिल है। खंड के गांव सिलानी निवासी मुकेश ने सदर थाना सोहना पुलिस को बताया कि वह बीए द्वितीय कक्षा का छात्र है। शनिवार दोपहर एक बजे वह और उसके ताऊ का लड़का प्रवीण फरीदाबाद बाइक पर जा रहे थे। गांव हाजिपुर से केली मार्ग पर करीब एक किलोमीटर चले थे। तभी सामने आ रही बोलेरो ने बाइक को सीधी टक्कर मारी। वे दोनों बाइक समेत कार के नीचे आ गए। कार चालक उन दोनों को करीब 20 फुट तक सड़क पर घसीटते हुए लग गया। इस दौरान वह और प्रवीण गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें परिजनों ने सोहना के निजी अस्पताल में दाखिल कराया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### श्री श्याम परिवार फाउंडेशन ने बांटा अन्नकूट का प्रसाद



**गुरुग्राम।** कई दिन से तैयारियों में जुटे श्री श्याम परिवार फाउंडेशन की ओर से बुधवार को यहां सदर बाजार के पास हनुमान मंदिर परिसर में अन्नकूट का प्रसाद वितरित किया गया। श्री श्याम परिवार फाउंडेशन के अध्यक्ष पुनीत अग्रवाल के नेतृत्व में यहां सदर बाजार के निकट प्राचीन हनुमान मंदिर परिसर में अन्नकूट के प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया गया। पिछले कई दिनों से इसकी तैयारियां की जा रही थी। ग्रहण होने के चलते रातभर भंडारे की तैयारियां की गई। अलसुबह पूजन के साथ प्रसाद तैयार करना शुरू कर दिया गाय। आम से लेकर खास लोगों ने यहां पर प्रसाद ग्रहण किया। बाजार होने के कारण यहां काफी संख्या में लोगों ने प्रसाद लिया। बेहतरीन प्रबंधन के बीच और कोरोना महामारी से बचाव के लिए लोगों को जागरुक करते हुए प्रसाद का वितरण किया गया। पुनीत अग्रवाल ने बताया कि श्री श्याम परिवार फाउंडेशन चिकित्सा के क्षेत्र में भी सेवाएं दे रहा है। इसके अलावा योग शिविर, कोरोना रोधी वैक्सीनेशन शिविर, मेडिटेशन शिविर आदि लगवाकर लोगों को स्वास्थ्य लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम सबको अपनी सेहत के प्रति सचेत रहना चाहिए। अपने सामाजिक दायित्वों की पूर्ति करते हुए श्रीश्याम परिवार फाउंडेशन काम कर रही है।

# सराय ख्वाजा ब्रिगेड ने मनाया गोवर्धन पूजा पर्व

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**सराय** ख्वाजा फरीदाबाद के गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड, जूनियर रेडक्रॉस और गाइड्स ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में गोवर्धन पूजा पर्व मनाया गया। विद्यालय की ब्रिगेड और जूनियर रेडक्रॉस काउंसलर प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि दीपावली के नेक्स्ट दिन गोवर्धन पूजा की जाती है। इसे अन्नकूट के नाम से भी जानते हैं। इस त्योहार का भारतीय लोकजीवन में बहुत महत्व है। इस पर्व में प्रकृति के साथ मानव का सीधा सम्बन्ध दिखाई देता है।

इस पर्व की अपनी मान्यता और लोककथा है। गोवर्धन पूजा में गोधन अर्थात गायों की पूजा की जाती है। शास्त्रों में बताया गया है कि गाय उसी प्रकार पवित्र होती है जैसे नदियों में गंगा। गाय को देवी लक्ष्मी का स्वरूप भी कहा गया है। देवी लक्ष्मी जिस प्रकार सुख समृद्धि प्रदान करती हैं उसी प्रकार गो माता भी अपने दूध से स्वास्थ्य रूपी धन प्रदान करती हैं। इनका बछड़ा खेतों में अनाज उगाता है। ऐसे गो सम्पूर्ण मानव जाति के लिए पूजनीय और आदरणीय है।

गो के प्रति श्रद्धा प्रकट करने के लिए ही कार्तिक शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के दिन गोर्वधन की पूजा की जाती है और इसके प्रतीक के रूप में गाय की पूजा की जाती है। गोवर्धन पूजा के सम्बन्ध में एक लोकगाथा प्रचलित है। कथा यह है कि देवराज इन्द्र को अभिमान हो गया था। भगवान श्री कृष्ण ने कहा कि हमें तो गोर्वधन पर्वत की पूजा करनी चाहिए क्योंकि हमारी गाये वहीं चरती हैं इस दृष्टि से गोर्वधन पर्वत ही पूजनीय है और इन्द्र तो कभी दर्शन भी नहीं देते व पूजा न करने पर क्रोधित भी होते हैं अत: ऐसे अहंकारी की पूजा नहीं करनी चाहिए। प्राचार्य मनचंदा ने कहा कि विद्यालय के विद्यार्थियों ने इस अवसर पर रंगोली भी सजाई तथा सभी स्टाफ सदस्यों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए गोवर्धन पूजा पर्व पर बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी।

## पातली रेलवे स्टेशन पर बनेगा फुट ओवर ब्रिज

**गुरुग्राम।** दिल्ली-रेवाड़ी सेक्शन के पातली रेलवे स्टेशन पर रेलवे सरकार द्वारा फुट ओवर ब्रिज बनाने के लिए टेंडर प्रकिया जारी कर दी गई है। अतिशीघ्र पातली रेलवे स्टेशन पर 6.10 मीटर चौड़ा फुट ओवर ब्रिज बनाने का काम शुरू किया जाएगा। इस कार्य के लिए पातली गांव के लोगों और योगिन्द्र चौहान ने केन्द्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस फुट ओवर ब्रिज के बनने से पातली रेलवे के आसपास के सभी गांवों के लोगों को प्रतिदिन होने वाली दुर्घटनाओं से छुटकारा मिल जाएगा। रेलवे स्टेशन पर प्रतिदिन मालगाड़ी खड़ी रहने के कारण बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों को मालगाड़ी के ऊपर से कूदने के कारण चोट लगने का भय बना रहता था।

# ब्याज, मुआवजे और कानूनी खर्चों के साथ आवंटी को पैसा वापस करने के आदेश

**गुरुग्राम।** हरियाणा रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (हरेरा) ने गुरुवार को एक पीड़ित आवंटी के पक्ष में आदेश पारित करते हुए रामप्रस्थ डेवेलपर्स प्राइवेट लिमिटेड को निर्देश दिया कि वो आवंटी को पूरा मूलधन पैसा वापस करें।

आदेश में यह भी कहा गया है कि मूलधन को ब्याज के साथ वापस करें। कोर्ट ने आदेश में आगे यह भी कहा कि आवंटी मुआवजा का भी हकदार है। साथ ही साथ आवंटी को कोर्ट के दौरान जो कानूनी सहायता बतौर खर्च हुए वो पैसे भी मिलने चाहिए। पीड़ित आवंटी और रामप्रस्था बिल्डर के बीच जुलाई 2011 में एक बिल्डर बायर एग्रीमेंट हुआ था। एग्रीमेंट इस बात का हुआ था कि आवंटी ने जो एक यूनिट रामप्रस्थ के एक प्रोजेक्ट में जुलाई 2011 में बुक किया था, वो यूनिट रामप्रस्थ को जुलाई 2014 में आवंटी को सुपुर्द करना था। मगर ऐसा नहीं हुआ। पीड़ित आवंटी को कब्जा देने में रामप्रस्था विफल रहा। यह हरियाणा रियल एस्टेट नियम, 2017 के तहत यह दोनों पक्षों के बीच निष्पादित नियमों और शर्तों का उल्लंघन है। इसलिए कंपनी फ्लैट खरीददार को ब्याज, मुआवजा समेत सभी खर्चों के साथ राशि का भुगतान करे। रेरा गुरुग्राम के सदस्य अशोक सांगवान ने कहा कि कोई भी अपने स्वयं के गलत का लाभ नहीं ले सकता है।

# सिक्किम हिमालय की चोटियों पर चढ़े प्रवीण दहिया

**सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने को लहराया स्लोगन**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**इंडियन** आर्मी ईस्टर्न कमांड की ओर से आयोजित ईस्टर्न कमांड ट्रांस थियेटर एडवेंचर एक्टिविटी-2022 में गुरुग्राम के सेक्टर-10 निवासी एडवोकेट प्रवीण दहिया ने हिस्सा लेकर गुरुग्राम का गौरव बढ़ाया है। इस दौरान प्रवीण दहिया ने सिक्किम हिमालय की कई दुर्गम चोटियों पर चढ़कर पर्यावरण बचाने का संदेश देश-दुनिया को दिया है। इन चोटियों पर चढ़कर उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करने व अधिक से अधिक पौधारोपण का स्लोगन लिखा बैनर लहराया।




सिक्किम हिमालय की चोटी पर पर्यावरण बचाने का संदेश देते एडवोकेट प्रवीण दहिया।

इंडियन आर्मी इस्टर्न कमांड कलकत्ता की ओर से इस्टर्न कमान ट्रांस थियेअर एडवेंचर एक्टिविटी-2022 आयोजित की गई। इसमें हिस्सा लेने के लिए सेना की ओर से आवेदन मांगे गए थे। वर्ष-2015 से ट्रैकिंग करते आ रहे प्रवीण दहिया द्वारा भी आवेदन किया गया। उनकी उपलब्धियों को देखते हुए उनका चयन इस यात्रा के लिए किया गया। अन्य 4 सिविलियन का भी इसमें चयन हुआ। प्रवीण दहिया के मुताबिक इस यात्रा में 4 पास थे और 4 वैली थी, जिन्हें पार करना था। 15 दिन के इस सिक्किम माउंटेनियरिंग ट्रेकिंग एक्सपीडिशन में 160 किलोमीटर का ट्रैक था। इसमें 5 सिविलियन के अलावा बाकी आर्मी के ऑफिसर व जवान थे। यात्रा के दौरान तापमान भी शून्य से नीचे रहा। ऑक्सीजन की भी कमी रही, लेकिन हिम्मत करके वे आगे बढ़े और 160 किलोमीटर की यात्रा तय की। प्रवीण दहिया के मुताबिक वे उस क्षेत्र में थे, जहां पर सिविलियन को जाने की अनुमति नहीं होती। वे सेना के जवानों के साथ मौजूद रहे। इस यात्रा में प्रवीण दहिया ने सेबु-ला, कारपो ला, पाटा ला व अन्य चोटियों पर पर्यावरण की रक्षा, सुरक्षा व जिला बार एसोसिएशन, गुरुग्राम का ध्वज फहराया।

## माउंट एवरेस्ट पर चढ़ना है सपना

**प्रवीण** दहिया एडवोकेट ने बताया कि वे अगले माह दक्षिण अमेरिका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी माऊंट आकोंकाग्वा पर चढ़ाई करने के लिए जा रहे हैं। यह उनकी तीसरे महाद्वीप की चोटी की चढ़ाई होगी। इसके बाद चौथा लक्ष्य माऊंट एवरेस्ट पर चढ़ाई करने का है। उसके लिए उन्हें स्पॉन्सरशिप की जरूरत है। अभी तक वे अफ्रीका और यूरोप महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटियों को और भारतीय हिमालय की 20 से अधिक चोटियों पर सफलतापूर्वक चढ़ाई कर चुके हैं।

# शारदा अस्पताल ने आयोजित किया अंतरराष्ट्रीय संक्रमण रोकथाम सप्ताह

पायनियर समाचार सेवा। ग्रेटर नोएडा



**शारदा** अस्पताल ने अंतरराष्ट्रीय संक्रमण रोकथाम सप्ताह के दौरान संक्रमण की रोकथाम के महत्व पर एक सप्ताह के विशेष शिविर की शुरुआत की। शिविर में विभिन्न गतिविधियों को शामिल किया गया जिसमें एक अस्पताल में संक्रमण के लिए खतरों और रोकथाम के तरीकों का प्रदर्शन किया गया। स्कूल ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च, शारदा विश्वविद्यालय के छात्रों के साथ डॉक्टरों, चिकित्सा और गैर-चिकित्सा कर्मचारियों ने पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता, कर्मचारियों के लिए मानक सावधानियों और कीटाणुशोधन नीतियों पर एक कार्यशाला और एक विशेष स्वच्छता सहित गतिविधियों में भाग लिया।

कार्यशाला संक्रमण की रोकथाम के महत्व को संबोधित करते हुए, शारदा अस्पताल में चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. आदेश के. गडपयले ने कहा, संक्रमण की रोकथाम एक अस्पताल में सबसे मौलिक सुरक्षा प्रोटोकॉल है। इस पूरे सप्ताह में, हमारी टीम ने अपने कर्मचारियों और अन्य संकाय सदस्यों के साथ संवाद किया। संक्रमण की रोकथाम का प्रमुख महत्व। शारदा में, हमने एक मजबूत संक्रमण रोकथाम कार्यक्रम की स्थापना की है और स्वास्थ्य से जुड़े संक्रमणों को हर तरह से हमारे अस्पताल के भीतर होने से रोकने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। हम संबंधित सेवाओं में सुधार करने का प्रयास करते हैं ताकि रोगी आ सके विश्वास के साथ, और शारदा अस्पताल से संक्रमण मुक्त इलाज प्राप्त करता है। संक्रमण रोकथाम शिविर आयोजित करने के पीछे के विचार पर प्रकाश डालते हुए, डॉ दलीप काकरू, एचओडी माइक्रोबायोलॉजी, शारदा अस्पताल ने कहा, आज से, हम वर्ष 2022 के लिए अंतर्राष्ट्रीय संक्रमण रोकथाम सप्ताह मना रहे हैं - एक बहुत ही महत्वपूर्ण वर्ष क्योंकि हम 50 वें वर्ष में हैं। संक्रमण की रोकथाम के। डब्ल्यूएचओ देखभाल करने वालों के बीच संदेश फैलाने पर जोर देता है, जिसमें डॉक्टर, नर्सिंग पेशेवर, पैरामेडिक्स और स्वास्थ्य देखभाल सेटिंग्स में शामिल अन्य पेशेवर शामिल हैं। स्वास्थ्य देखभाल सेटिंग्स में संचारी रोगों के संचरण को रोकने के लिए संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण की आवश्यकता है। माइक्रोबायोलॉजी विभाग उन सभी पहलुओं से निपटता है जो संक्रमण को फैलने से रोकने में मदद करते हैं।

# देविका ग्रुप का देविका सदर बाजार में बिकी 90% यूनिट्स



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**देविका** ग्रुप के कमर्शियल प्रोजेक्ट देविका फेस्टिव बोनान्जा के बाद में 90% यूनिट्स बिक गई हैं। दिल्ली के सदर बाजार क्षेत्र में एकमात्र मॉडर्न रेटियल प्रोजेक्ट पर खरीदार और निवेशकों ने विशेष रूचि दिखाई है।

शानदार रूप से डिजाइन किए गए कमर्शियल काम्प्लेक्स को सदर बाजार की प्राचीन संस्कृति को मॉडर्न मेकओवर में विकसित किया गया है। देविका सदर बाजार प्रोजेक्ट नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से सिर्फ 1.7 किलोमीटर की दूरी पर है। 1600 वर्ग गज (4400 वर्ग फीट) में फैले मॉडर्न रिटेल काम्प्लेक्स में 100% पावर-बैक अप, सेमि-ऑटोमेटेड पार्किंग स्पेसेस, फूड कोर्ट आदि शामिल हैं। देविका ग्रुप के एमडी अंकित अग्रवाल ने कहा, देविका सदर बाजार हमारा एक खास प्रोजेक्ट इसके इतने काम समय में 90% से ज्यादा बिक जाना, ग्राहकों का प्रोजेक्ट और हमारे प्रति विश्वास को दर्शाता है। प्रोजेक्ट की लोकेशन और कांसेप्ट को देखते हुए, यह प्रोजेक्ट उन खरीदारों और निवेशकों के लिए एक बढ़िया विकल्प है जो अच्छी रेंटल इनकम चाहते हैं और साथ ही, अच्छा कैपिटल अप्रिसिएशन भी चाहते हैं। प्रोजेक्ट की कैपिटल वैल्यू रुपये 1.5 लाख / वर्ग फुट की सीमा में है, जिसके बदले रुपये 750-1500 का मासिक किराया अर्जित किया जा सकता है।

# शारदा अस्पताल में पहले मल्टी ड्रग रेजिस्टेंट की शुरूआत हुई

पायनियर समाचार सेवा। ग्रेटर नोएडा



**शारदा** अस्पताल में पहले मल्टी ड्रग रेजिस्टेंट (एमडीआर) वार्ड की 19अक्टूबर को शुरुआत हुई। शारदा ग्रुप के संस्थापक व चेयरमैन पीके गुप्ता ने इसका उद्घाटन किया। यहां सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रम डाट्स के तहत पंजीकरण भी होगा जिससे कि सरकारी अस्पताल की तरह निश्शुल्क इलाज की सुविधा मिल सकेगी। पीके गुप्ता ने कहा कि अस्पताल का उद्देश्य रियायती दरों में मरीजों को इलाज उपलब्ध कराना है।

इसी के तहत एमडीआर टीबी वार्ड की शुरुआत की गई है। डा. विपिन तिवारी ने बताया कि एमडीआर टीबी के चार बेड की सुविधा शुरू हुई है। ग्रेटर नोएडा में यह सुविधा अन्य अस्पताल में उपलब्ध नहीं है। सीबीनेट मशीन के जरिये दो घंटे में जांच की रिपोर्ट आ जाएगी। इससे समय रहते इलाज मिलना संभव होगा। दो सैंपल की एक साथ जांच की जा सकेगी। टीबी के कुल 20 बेड की सुविधा मुहैया पहले से कराई जा रही है। भविष्य में एमडीआर के 10 बेड की सुविधा दी जाएगी। इलाज के लिए दो प्रोफेसर, छह वरिष्ठ चिकित्सक और छह पैरामेडिकल स्टाफ की टीम मौजूद है।

## शारदा अस्पताल के बारे में

**2006** में स्थापित, शारदा अस्पताल ग्रेटर नोएडा, एनसीआर में स्थित एक अत्याधुनिक मल्टी-सुपर-स्पेशियलिटी अस्पताल है। नौ एकड़ में फैले शारदा अस्पताल में 1200 से अधिक बिस्तर हैं और वैश्विक मानकों के अनुरूप व्यापक चिकित्सा देखभाल प्रदान करने के लिए सभी आधुनिक सुविधाओं और परिष्कृत उपकरणों से लैस है। एनएबीएच से मान्यता प्राप्त शारदा अस्पताल तृतीयक देखभाल, सुपर-स्पेशियलिटी, सामान्य विशिष्टताओं, उन्नत निदान और रेडियोलॉजी सेवाओं से लेकर महत्वपूर्ण देखभाल तक चिकित्सा सेवाओं का एक व्यापक स्पेक्ट्रम प्रदान करता है। यह अत्यधिक योग्य और अनुभवी चिकित्सा संकाय और पेशेवर नैदानिक उत्कृष्टता और अनुकंपा रोगी कनेक्ट के साथ विभिन्न

पृष्ठभूमि के रोगियों को विशेषज्ञ देखभाल प्रदान करते हैं। संबद्ध मेडिकल कॉलेज अनुसंधान गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करता है और देश में चिकित्सा और स्वास्थ्य देखभाल प्रथाओं में निरंतर सुधार के लिए मेडिकल छात्रों को व्यापक प्रशिक्षण देता है।

# छठ पूजा के लिए शहर में जगह-जगह बनने लगे कृत्रिम घाट

### हर साल खुले में बने घाट से श्रद्धालुओं को निकालनी पड़ती है गंदगी

### कल से शुरू हो रहा छठ पर्व, घाटों में भरा जाएगा पानी

**कविता।** फरीदाबाद


सेक्टर-52 में मौजूद घाट से गंदगी निकालते श्रद्धालु।

**दीपावली**, गोवर्धन और भाई दौज के बाद 28 अक्टूबर से लोकआस्था सूर्योपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ नहाय-खाय के साथ शुरू होगा। शहर में बनाए गए कृत्रिम छठ घाटों की सफाई का काम शुरू किया गया। साथ ही छठ समितियों को घाटों की सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं जिले में कई छठ घाटों की सुविधा नहीं होती। ऐसे में श्रद्धालु स्वयं ही छठ घाट बना रहे हैं। ऐसा ही नजारा बुधवार को सेक्टर-52 में देखा गया। जहां छठ घाटों को संवारने का काम श्रद्धालुओं ने स्वयं ही किया। इस घाट के भीतर और आसपास से गंदगी को साफ किया जा रहा है। पंडित सर्वेश्व पांडे ने बताया कि 28 अक्टूबर को नहाय खाय, 29 अक्टूबर को खरना, 30 अक्टूबर को डुबते सूर्य को और 31 अक्टूबर को उगते सूर्य को जल चढ़ाया जाएगा।

सफाई में लगे एक युवक ने बताया कि छठ घाट पूरी तरह से दुरुस्त नहीं है। यहां घाट के अंदर कचरा पड़ा है। जिसे साफ किया जा रहा है। यहां आसपास भी काफी गंदगी है। व्रतियों को गंदगी के बीच से गुजरने के बाद घाट तक पहुंचना पड़ता है, ऐसे में वह सब स्वयं निजी खर्च पर सफाई में जुटे हैं। छठ पूजा बाराही माता सेवा दल के सदस्यों की माने तो बाराही तालाब में 20 साल से छठ पूजा हो रही है। यहां सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। हर साल यहां सैकड़ों व्रतधारी भगवान सूर्य को अर्घ्य देते हैं। व्रतियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सेवा दल के पदाधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सेवा दल के पदाधिकारियों का विशेष योगदान रहता है।

डबुआ कॉलोनी में भोजपुरी अवधी समाज छठ पूजा का आयोजन कर रहा है। यहां छठ घाट तैयार किए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के विशेष इंतजाम किये जा रहे हैं। वहीं सेक्टर-52 में भी घाट तैयार किये जा रहे हैं। ग्राउंड में जगह-जगह कई घाट बनवाये जा रहे हैं। लोगों ने बताया कि यहां हर साल पांच से पांच हजार लोग छठ में शामिल होते हैं। इसके अलावा नहरपार सेहतपुर पुल के समीप श्याम कॉलोनी, सूर्या नगर फेज-2, ओम एनक्लेव, जवाहर कॉलोनी, अशोका एन्क्लेव मेन, सेक्टर-8 नागेश्वर मंदिर छठ घाट, अशोका एन्क्लेव चिल्ड्रेन पार्क स्थित छठ घाट, नंगला एन्क्लेव, डबुआ कॉलोनी, सूर्या नगर, पल्ला, भारत कॉलोनी, एसजीएम नगर, शिव दुर्गा विहार, संजय कॉलोनी, जीवन नगर, नेहरू कॉलोनी, कपड़ा कॉलोनी, सेक्टर-4, सेक्टर-3, आदर्श नगर, ऐतमादपुर, ग्रेटर फरीदाबाद, एसआरएस रेजिडेंसी व मेवला महाराजपुर के छठ घाट की पूरी तैयारी कर ली गई है।

## 29 तक कर्मचारियों ने बढ़ाई हड़ताल

**फरीदाबाद।** नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर नगर निगम कर्मचारियों ने हड़ताल के 8वे दिन भी फील्ड से लेकर कार्यालय तक सभी कार्य बंद रखे। हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों को संबोधित करते हुए संघ के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने हड़ताल को 29 अक्टूबर तक बढ़ाने का एलान करते हुए कहा कि संघ ने सरकार से 26 अक्टूबर बुधवार दोपहर तक मांगों का समाधान करने की अपील की थी लेकिन सरकार ने अपील अनसुना कर दी। इसलिए 3 दिन के लिए हड़ताल को संघ ने आगे बढ़ाया है। संघ ने मुख्यमंत्री के नाम पत्र लिख कर हस्तक्षेप करने की पुनः अपील की भी है। आठवें दिन की हड़ताल की अध्यक्षता नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य सचिव अनूप वाल्मीकि ने की तथा मंच का संचालन सफाई कर्मचारी यूनियन के सचिव कृष्ण चिंडालिया ने किया।

## संक्षिप्त समाचार

### 108 फुट लम्बे गोवर्धन महाराज की पूजा



**बल्ललगढ़।** देव सेना द्वारा बल्लभगढ़ के दशहरा मैदान में 108 फुट लंबे गोवर्धन महाराज की प्रतिमा बनाकर पूजा अर्चना की, इस मौके पर प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे। ज्ञान वापी मामले के सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता हरिशंकर जैन, नेताजी सुभाष चंद्र बोस की परपोती राज्यश्री भी उपस्थित रहीं। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने सभी को गोवर्धन पूजा की बधाई देते हुए कहा कि हमारा देश ऋषि मुनियों की धरती है, उन्होंने देवसेना को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने एक बहुत ही अच्छी पहल की है कि बल्लभगढ़ में इस तरीके से बड़े स्तर पर गोवर्धन पूजा का आयोजन किया है। जिससे भाईचारे की भावना बढ़ती है। इस मौके पर महामंडलेश्वर योगी जी और देव सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजभूषण सैनी सहित शहर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### निकिता तोमर की मनाई दूसरी पुण्यतिथि




**फरीदाबाद।** वीरांगना निकिता तोमर की दूसरी पुण्यतिथि है। इस अवसर पर सोहना रोड स्थित अपना घर सोसाइटी में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें बहुत से लोगों ने भाग लेकर उन्हें भावांजलि देकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में निकिता तोमर की आत्मिक शांति के लिए हवन यज्ञ कर प्रार्थना की गई और दोषियों को फांसी की सजा दिलाने की प्रतिबद्धता दोहराई गई। ज्ञात हो कि आज ही के दिन दो वर्ष पहले अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ की छात्रा निकिता तोमर की दो मुस्लिम युवकों तौसीफ और रेहान द्वारा उस समय दिन दहाड़े गोली मार कर नृशंस हत्या कर दी गई थी जब वह बीकाम आनर्स अंतिम वर्ष की परीक्षा देकर कालेज से निकल रही थी। श्रंद्धाजलि सभा में परिवार के साथ मिलकर निकिता के लिए न्याय की लड़ाई लड़ रहे समाजसेवी बीरेंद्र गौड़, उत्तर प्रदेश हिंदू जागरण मंच के प्रांत सयोंजक परविंदर सिंह शेखावत, पार्षद ऋषि चौधरी, बसपा नेता सरदार उपकार सिंह, देव सेना से संजीव कुशवाहा, बीजेपी कार्यकारिणी सदस्य अंगद चौरसिया, आर डब्लू ए महासचिव बिजय मिश्रा, हाकिम सिंह, यंग राजपुताना संगठन से अनिल गौड़, योगेश चौहान, संदीप भाटी, क्षत्रिय एकता मंच से संजीव चौहान, समाज सेवी राम बसोया, नवीन तोमर, निकिता के पिता मूलचंद तोमर, मां विजया तोमर आदि लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी लोगों ने वीरांगना निकिता तोमर के नाम पर बल्लभगढ़ में एक मार्ग का नाम रखने और उसके नाम पर किसी स्कूल या कालेज का नाम रखने की मांग रखी।

### गृहमंत्री आगमन पर सुरक्षा व्यवस्था रहेगी चाक चौबंद

**फरीदाबाद।** पुलिस महानिदेशक हरियाणा पीके अग्रवाल, एडीजीपी सीआईडी आलोक मित्तल एडीजीपी लॉ एंड ऑर्डर संदीप खिरवार, पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा व डीसी फरीदाबाद विक्रम यादव तथा गृह मंत्रालय की सुरक्षा एजेंसियों के साथ सेक्टर 12 रैली स्थल पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। जानकारी के मुताबिक गृहमंत्री सेक्टर 12 रैली स्थल एवं सूरजकुंड चिंतन शिविर के चलते फरीदाबाद में सुरक्षा व्यवस्था चौक चौबंध कर दी गई है। शहर में धारा 144 लागू है जिसके चलते शहर में किसी भी प्रकार से ड्रोन उड़ाने पर पूर्णतः पाबंदी रहेगी। गृहमंत्री के आगमन का सुरक्षा घेरा में आउटर कोडन, इनर कोडन, आइसोलेशन कोडन, एंटी सबोटाज चेकिंग, क्यूआरटी चेकिंग तथा खुफिया एजेंसीज के साथ कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। आम जनता की सुरक्षा को देखते हुए सभी सुरक्षा व्यवस्थाओं का इंतजाम किया गया है। गृहमंत्री की सुरक्षा के लिए पर्याप्त सुरक्षा बल लगाया गया है इसके अलावा डॉक्टर्स की टीम, एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां तैनात रहेंगी। हाई सेंसिटिव नाके लगाए गए हैं। माननीय गृहमंत्री के आगमन से पहले फरीदाबाद में धर्मशाला, होटल, रेस्टोरेंट, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन इत्यादि स्थानों पर आ रहे व्यक्तियों की चेकिंग जा रही है। आमजन को पूरी चेकिंग के बाद ही अंदर जाने दिया जाएगा। अनाधिकृत व्यक्तियों या वाहनों की एंट्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। वीआइपीज की एंट्री अलग गेट से रहेगी, स्पेशल इनवाइटी व मीडिया की एंट्री सेंट्रल थाने की बाउंड्री के साथ बने गेट होगी और पब्लिक की एंट्री अलग गेट से होगी।

### बंगाली समुदाय द्वारा काली पूजा का आयोजन


सेक्टर-23ए में काली पूजा करते बंगाली सामुदाय के लोग

**फरीदाबाद।** दीपावली की रात लोगों ने लक्ष्मीदेवी की पूजा की। वहीं बंगली समुदाय के लोगों ने आधी रात को पंडालों में मां काली पूजा की। जिले के सार्वजनिक स्थलों पर प्रतिमाएं भी स्थापित की गई। मंगलवार को इन पूजा स्थलों पर भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें अधिकारी-जनप्रतिनिधियों के साथ अन्य श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। दीपावली की रात को बंगाली समुदाय के लोगों ने घरों में लक्ष्मी की पूजा करने के बाद सार्वजनिक स्थल पर मां काली की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की। तीन दिनों तक यहां पूजा-अनुष्ठान के साथ श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते रहे। जहां आकर्षक साज-सज्जा के साथ प्रतिमाएं स्थापित की गई थी। इस दौरान जहां सार्वजनिक रूप से मां काली की प्रतिमा स्थापित की गई थी। वहीं मंदिरों में भी पूजा-अर्चना की गई।

# गृहमंत्री शाह करेंगे 6600 करोड़ की परियोजनाओं को शुभारम्भ

### हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल करेंगे रैली की अध्यक्षता

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


सेक्टर 12 में जन उत्थान रैली स्थल का निरीक्षण करते केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर और अधिकारी।

**देश** के गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार, 27 अक्टूबर को फरीदाबाद के सेक्टर-12 के मैदान से राज्य की 6600 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल रैली की अध्यक्षता करेंगे। जन उत्थान रैली के सफल आयोजन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी प्रकार की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आजादी अमृत काल में हरियाणा प्रदेश में भाजपा सरकार के आठ साल पूरे होने पर आयोजित जन उत्थान रैली में केंद्रीय रेल एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्वनी वैष्णव, हरियाणा के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज, केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन तथा योजना राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह, केंद्रीय भारी उद्योग और बिजली राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर सहित राज्य के मंत्रीगण व विधायक की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

**इन योजनाओं का होगा आगाज :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णवी व मुख्यमंत्री हरियाणा मनोहर लाल की मौजूदगी में गुरुवार को पलवल से हरसाना कलां तक हरियाणा आर्बिटल रेल कोरिडोर का शिलान्यास करेंगे। वहीं रोहतक एलिवेटेड रेल पथ, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना बड़ी (सोनीपत) तथा हरियाणा पुलिस आवासीय परिसर भोंडसी का लोकार्पण करेंगे।

**जन उत्थान रैली में पर्याप्त व्यवस्था:** रैली स्थल पर वीवीआईपी, वीआईपी स्टेज, मीडिया गैलरी, सांस्कृतिक टीमों तथा ओबी वैन, महिलाओं तथा पुरुषों के बैठने की व्यवस्था सहित रैली में आने वाले लोगों की सुविधा के लिए पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से रैली स्थल पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात है।

**रैली के आयोजन में सक्रिय भागीदारी इनकी :** फरीदाबाद के मैदान में केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, बड़खल की विधायक सीमा त्रिखा, फरीदाबाद के विधायक नरेंद्र गुप्ता, तिगांव के विधायक राजेश नागर, पृथला के विधायक नयनपाल रावत व फरीदाबाद की मेयर सुमन बाला की संयुक्त रूप से सक्रिय भागीदारी है।

**सजा स्टेज :** सेक्टर 12 के मैदान में आयोजित होने वाली जन उत्थान रैली का मुख्य मंच 8 साल राख्या ख्याल, सुशासन ही आधार-डबल इंजन हरियाणा सरकार की थीम पर सुसज्जित किया है। जन उत्थान रैली में मुख्य मंच के पीछे रेलवे विभाग की ओर से प्रदर्शनी भी लगाई गई है। मंच पर आने से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल सहित तमाम गणमान्य नागरिक इस प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे। इस प्रदर्शनी में हरियाणा के विभिन्न जिलों में रेलवे से संबंधित परियोजनाओं को दिखाया जाएगा।

**मीडिया की इंट्री :** जन उत्थान रैली में सेक्टर 12 की रैली स्थल पर मीडिया कर्मियों के लिए सेंट्रल थाने की बाउंड्री के साथ से बने गेट से एंट्री होगी। मुख्य स्टेज के बाएं तरफ मीडिया गैलरी बनाई गई है। मुख्य स्टेज के सामने कोरिडोर में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए कैमरे स्थापित करने की व्यवस्था की गई है। यहां पर बिजली तथा इंटरनेट की व्यवस्था भी की गई है। दूरदर्शन सहित तमाम मीडिया की ओबी वैन को खड़ा करवाने की विशेष व्यवस्था है।

## कुल्हाड़ी से हमला कर एक युवक की हत्या, दूसरा गंभीर


बीके अस्पताल की मोरचरी के बाहर खड़े शोकाकुल मृतक मोहित के परिजन।

### बेटी से छेड़छाड़ करने पर युवक की हत्या करने का आरोप

**फरीदाबाद।** ग्रेटर फरीदाबाद के थाना भूपानी क्षेत्र के गांव देहा में रहने वाले दो युवकों पर कुछ लोगों ने लाठी-डंडों और कुल्हाड़ियों से हमला कर दिया। हमले में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां जांच के बाद एक युवक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरा युवक अस्पताल के आइसीयू वार्ड में दाखिल है। बताया गया है कि एक मृतक युवक द्वारा एक युवती के साथ छेड़छाड़ की गई थी। जिसकी वजह से युवती के परिजनों ने हत्या कर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक देहा गांव निवासी 30 वर्षीय मोहित पशु पालन का काम करता था। बताया गया है कि मोहित पर इलाके के एक गांव में रहने वाली एक युवती के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप है। युवती द्वारा बताने पर उसके परिजन बीती शाम शिकायत लेकर थाने गए हुए थे। उसी दौरान मोहित अपने साथी नवीन के साथ युवती के घर पहुंच गया। उस समय घर में सिर्फ महिलाएं ही मौजूद थीं। आरोप है कि मोहित उनके साथ दुर्व्यवहार कर वहां से निकल गया। पता चलते ही युवती के परिजन मोहित की तलाश में जुट गए। थोड़ी दूरी पर मोहित और नवीन उन्हें कार में बैठे दिखाई दे गए। हमलावरों ने दोनों को कार से बाहर खींच लिया और लाठी और कुल्हाड़ों से ताबड़ तोड़ वार कर मौके से फरार हो गए। दोनों तुरंत अस्पताल ले जाया गया। जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने मोहित को मृतक घोषित कर दिया। नवीन को निजी अस्पाताल में दाखिल कराया गया है। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

## वॉटर प्यूरीफायर की एक नई रेंज की लॉन्च

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

### न्यू प्योर इट वाइटल सीरीज वॉटर प्यूरीफायर फिल्ट्रा पावर टेक्नोलॉजी द्वारा संचालित है, जो हानिकारक पदार्थों को हटाता है और सुरक्षित पीने का पानी प्रदान करता है

**एचयुएल** के प्योर इट ने अपनी नई रेंज-जो प्योर इट वाइटल सीरीज फिल्ट्रा पावर टेक्नोलॉजी के साथ आरओ + यु वी + मिनरल आधारित वॉटर प्यूरीफ़ायर की एक नई रेंज है, जो इंडस्ट्रियल केमिकल्स, पेस्टिसाइड्स और पैथोजन्स जैसे हानिकारक पदार्थों को हटाने के लिए सही साबित होता है, और सुरक्षित पीने का पानी प्रदान करता है। यह सबसे कठोर सुरक्षा मानकों से गुजरता है और इसका परीक्षण अंतरराष्ट्रीय प्रयोगशालाओं द्वारा किया जाता है। पानी की रिकवरी और शुद्धिकरण की गति में बेहतर प्रदर्शन के साथ प्रोडक्ट रेंज पूरी तरह से तैयार है। इसकी बेहतरीन मिनरल एसेंस टेक्नोलॉजी कैल्शियम और मैग्नीशियम जैसे आवश्यक मिनरल के साथ पानी को बेहतर बनाती है। इसके अलावा, डिवाइस कई सुविधाओं और लक्जरी फीचर्स के साथ उपलब्ध है। इस लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, दीपक दीपक सुब्रमण्यम, कार्यकारी निदेशक, होम केयर, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड। ने कहा, 'कंज़्यूमर स्टडीज़ ने अक्सर इस बात पर प्रकाश डाला है कि जल प्रदूषण और पारिवारिक स्वास्थ्य प्रमुख श्रेणियां हैं। प्योर इट वाइटल सीरीज को सुरक्षित पीने का पानी उपलब्ध कराने और हानिकारक पदार्थों को हटाने को ध्यान में रखते हुए ही डिज़ाइन किया गया है।'

हेंक इन टी हॉफ, ग्लोबल सीईओ, वाटर एंड एयर वेलनेस, यूनिलीवर ने कहा, प्योर इट ग्लोबल वॉटर प्यूरीफिकेशन और स्थानीय विचारधारा में हमारी विशेषज्ञता का लाभ उठाता है ताकि ऐसे समाधान प्रदान किए जा सकें जो वर्ल्ड-क्लास हैं जो अभी तक भारतीय बाज़ार की जरूरतों के अनुरूप हैं। हमारी प्रोडक्ट डिजाइन टीम का मुख्य उद्देश्य एक किफ़ायती प्राइस रेंज में उच्च प्रदर्शन और उच्च गुणवत्ता वाले प्रोडक्ट प्रदान करना है। वाइटल सीरीज प्योरइट के पेटेंट कॉपर आर ओ के सफल लॉन्च के बाद आई है, जो कि प्रमुख उपभोक्ता विचारधारा पर भी आधारित था, जिसने इलेक्ट्रिक वॉटर प्यूरीफायर के बाजार को बाधित कर दिया। साथ ही प्रोडक्ट डिजाइन के लिए प्योरइट वाइटल एक ताजा लुक के साथ आता है। आधुनिक ज्यामिति से प्रेरित होकर, एक न्यूनतम डिजाइन बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है जो भारतीय रसोई में प्रीमियम और आकर्षक दिखता है। एक सामान्य प्रोमोशनल एड फिल्म में एक युवा लड़की को अपनी मां और प्योरइट वाइटल की मदद से प्रदूषित पानी को सुरक्षित पीने के पानी में बदलने के लिए अपने दोस्तों के सामने जादू करते हुए दिखाया गया है। रुपये 13,999 से शुरू होने वाली प्योरइट वाइटल सीरीज अब ब्रांड वेबसाइट, प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म और फिजिकल रिटेल स्टोर पर विवरण के साथ खरीदने के लिए उपलब्ध है।

## जलवायु परिवर्तन के नुकसान से निपटने का आह्वान

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**एक्शनएड** एसोसिएशन इंडिया ने जलवायु परिवर्तन के लिए सर्वाधिक जिम्मेदार देशों से वर्तमान जलवायु परिवर्तन के कारण हो रहे नुकसान की जिम्मेदारी लेते हुए सहयोग की अपील की है। इस दिशा में पहले कदम के रूप में, एसोसिएशन ने दक्षिण एशियाई देशों में जलवायु परिवर्तन के कारण सर्वाधिक नुकसान का सामना कर रहे वर्गों के सहयोग के लिए तत्काल फंड गठित करने की आवश्यकता पर बल दिया है।

जलवायु परिवर्तन के कारण बाढ़, तूफान, गर्मी व शीत लहर, समुद्र के बढ़ते जलस्तर, पानी की कमी और वायु प्रदूषण से लाखों शहरी और ग्रामीण लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। इनका सबसे अधिक प्रभाव शहरों के कमजोर व गरीब लोगों, भूमिहीन खेतिहर मजदूरों, छोटे किसानों, चरवाहों, आदिवासियों, वनवासियों और तटीय क्षेत्र में रह रहे लोगों पर पड़ता है। विडंबना यह है कि जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण को हो रहे नुकसान के लिए आम जन सबसे कम जिम्मेदार हैं। हमें यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन से निपटने की दिशा में प्रयासों का नेतृत्व उन कमजोर वर्गों के हाथ में हो, जो इसके लिए सबसे कम जिम्मेदार होने के बावजूद सर्वाधिक खामियाजा भुगत रहे हैं। इस वैश्विक संकट के लिए अमेरिका, यूरोपीय संघ, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जक सर्वाधिक जिम्मेदार हैं।

हम भारत में भी जलवायु परिवर्तन का असर देख रहे हैं। मार्च और अप्रैल, 2022 में बेमौसम ज्यादा गर्मी के कारण पंजाब में 15 फीसदी फसल का नुकसान हुआ और कुछ क्षेत्रों में 30 फीसदी तक का भी नुकसान देखा गया। गर्मी के कारण भारत सरकार को प्रस्तावित अनाज निर्यात रोकने और आयात बढ़ाने का कदम उठाना पड़ा।

एक्शनएड एसोसिएशन के कार्यकारी निदेशक संदीप चचरा ने कहा, 'विभिन्न सामाजिक और व्यावसायिक समूहों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को समझने और जानने के लिए संवेदनशील अध्ययन आवश्यक है। ऐसा करने से ही पिछले नुकसानों का मूल्यांकन और वर्तमान जटिलताओं को कम करने के उपायों की दिशा में बढ़ना संभव हो पाएगा। इस समय भारत में अनौपचारिक क्षेत्र के कामगारों व छोटे किसानों को हुए नुकसान की भरपाई करने वाली नीतियां बनाना तत्काल आवश्यक है।'

दुनिया की सरकारें इस साल नवंबर में मिस्र में संयुक्त राष्ट्र की सीओपी27 जलवायु वार्ता में शामिल होने जा रही हैं। इस दौरान इस अन्याय पर चर्चा आवश्यक है। विकसित और समृद्ध राष्ट्र ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के लिए सर्वाधिक जिम्मेदार हैं।

# प्रतिबंध में भी अतिशबाजी मरीजों की संख्या बढ़ी

**कविता।** फरीदाबाद


बीके अस्पताल में अपनी बारी का इंतजार करते मरीज।

**पाबंदी** के बाद भी धनतेरस और दीवाली, गोवर्धन पूजा के मौके पर खूब पटाखे चले। दुकानदारों ने चोरी छिपे पुलिस प्रशासन की नाक के नीचे जमकर बिक्री की। दीपावली के उत्सव पर तो शाम से पटाखे फूटने लगे और देर रात चले। हालांकि कुछ स्थानों पर पटाखे बिक्रेताओं के खिलाफ मामले दर्ज किये गए। इसके बावजूद शहर में पोल्यूशन का स्तर इतना बढ़ गया कि अस्पताल में मरीजों की संख्या में भी बढ़ोत्तरी होनी शुरू हो गई।

दीपावली के अगले दिन सुबह से शाम तक 25 अक्टूबर को अपातकालीन कक्ष में 206 मरीज पहुंचे। जिसमें पांच मरीजों को भर्ती किया गया। वहीं 26 अक्टूबर को ओपीड़ी खुलने पर कुल 869 मरीज इलाज को पहुंचे, जिसमें 32 मरीजों को भर्ती किया। आपातकालीन कक्ष में 87 में से सात को भर्ती किया। इनमें सांस लेने में दिक्कत होने पर आने वाले मरीजों की संख्या अधिक थी।

**घर से ऑनलाइन बिक्री :** कुछ पटाखा कारोबारियों ने दुकान लगाने की बजाय ऑनलाइन बिक्री का रास्ता ढूंढ निकाला। चोरी छिपे ऑनलाइन बिक्री जमकर की गई। सोशल मीडिया पर ग्रीन पटाखा के नाम से दुकानदारों ने बिक्री की। ऑन डिमांड पटाखे लोगों तक पहुंचाए गए। पटाखों पर प्रतिबंध लगने के बाद भी शहर में जगह-जगह से पटाखे की खेप जिले में पहुंची है। सूत्रों की मानें तो दुकानदारों को मूक सहमति मिली है। पकड़े जाने पर ही कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। बाहर से पटाखे ट्रांसपोर्ट की गाड़ियों में भरकर लाए जा रहे थे।

**ऑरेंज जोन में:** दीपावली के तीन दिन बाद यानि बुधवार को शहर का एक्यूआई ऑरेज जोन में 246 दर्ज किया गया। जो अस्थमा के मरीजों के लिए घातक है। जबकि बल्लभगढ़ की बात की जाए, तो वहां ग्रीन जोन में 89 दर्ज किया गया। वहीं जिले में पिछले दो दिनों से खुले में जल रहा कूड़ा और ई-वेस्ट व टूटी सड़कों से उड़ती धूल अधिकारियों की सख्ती की पोल खोल रहे हैं।

## भाईदौज: इस बार फ्री नहीं, बुजुर्ग महिला से आधा किराया



**फरीदाबाद।** जहां एक तरफ भाईदूज पर महिलाओं के लिए बसे चाहिए, वहीं दूसरी तरफ रोडवेज की बसों की आवश्यकता सेक्टर-12 में होने वाली जनउत्थान रैली के लिए भी पड़ेगी। लेकिन भाईदौज को देखते हुए हरियाणा रोडवेज ने तैयारी कर रखी है, जिसमें बुधवार की शाम से अतिरिक्त बसों को चालाने का निर्णय लिया गया था। लेकिन इस बार बसे फ्री नहीं की जाएगी।

इस बात की पुष्टि हरियाणा रोडवेज बल्लभगढ़ डिपो के जीएम लेखराज ने की है। उनका कहना है कि भाई दौज पर महिलाओं के लिए फ्री सेवा नहीं है। उन्होंने बताया महिलाओं के लिए फ्री की बजाय इस बार 60 वर्ष से अधिक आयुवर्ग की महिलाओं का किराया इस बार आधा किया गया है। महिलाओं को आने-जाने में दिक्कत का सामना न करना पड़े इसको लेकर तैयारी कर ली गई है। डीआई भागीरथ शर्मा ने बताया कि डिपो से हर रोज करीब 99 बसें विभिन्न रुटों पर चलाई जाती है। बृहस्पतिवार को बहनों को भाईयों के घर पहुंचने में किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो उसके लेकर तैयारी कर ली है। उन्होंने बताया कि डिपो से दिल्ली, गुरुग्राम, आगरा, मथुरा व अलीगढ़ रूट पर विशेष तौर अतिरिक्त बसों को चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि रक्षाबंधन पर सरकार के द्वारा सभी बहनों को रोडवेज में फ्री सेवा का लाभ दिया जाता है लेकिन भाई दौज पर यह सुविधा नहीं है। सभी बहनों को रोडवेज के नियम अनुसार किराया देना होगा। उन्होंने कहा कि बसों में चेकिंग के लिए स्पेशल दस्ता तैयार किया गया है। चेकिंग दस्ता बसों में बिना टिकट यात्रियों को पकड़कर 10 गुणा जुर्माना वसूलेगा। वहीं उन्होंने बताया कि जिले में 10 रुटों पर 50 सिटी बस सेवाओं का संचालन किया जा रहा है। भाई दौज के अवसर पर गुरुग्राम व बदरपुर बॉर्डर के रुटों पर बसों के फेरे बढ़ा दिए जाएंगे।

## एनआईटी बस अड्डा कल होगा जनता को समर्पित

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**हरियाणा** के परिवहन विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल 28 अक्टूबर को एनआईटी बस अड्डे को जनता को समर्पित करेंगे। उन्होंने बताया कि एनआईटी स्थित बस स्टैंड निजी भागीदारी से बनाया गया है। इस बस अड्डे के निर्माण कार्य पर लगभग 130 करोड़ रुपये की लागत आई है। यह बस स्टैण्ड अत्याधिक आधुनिक व सभी मूलभूत सुविधाओं से सुस्जित है।

इस बस स्टैण्ड में 17 बस काउंटर है, जहां से दिल्ली, चंडीगढ़, जयपुर, हरिद्वार, उत्तरप्रदेश, उत्तराखण्ड, पंजाब प्रदेशों के यात्रियों को बस सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि बस स्टैण्ड में यात्रियों के बैठने के लिए वातानुकुलित गैलरी बनाई गई है। इसमें आराम दायक कुर्सियों का प्रवाधान किया है। जहां यात्रियों की सुविधा के लिए आधुनिक शौचालय, पीने के लिए आरओ का शीतलजल, सामान रखने के लिए क्लोक रूम तथा जलपान आदि तमाम सुविधाएं उपलब्ध रहेगी और संपूर्ण बस स्टैण्ड सीसीटीवी की निगरानी में रहेगा। बस अड्डे के निचे वाहनों की पार्किंग के लिए बेसमैंट में 1000 गाड़ियों को खड़ी करने की व्यवस्था की गई है। सरकार द्वारा परिवहन विभाग की एनआईटी फरीदाबाद स्थित चार एकड़ भूमि पर नए आधुनिक बस अड्डे को निजी सार्वजनिक साझेदारी आधार पर निर्माण करने का निर्णय लिया गया था।

इसमें डीआईएमटीएस, नई दिल्ली को सलाहाकार नियुक्त किया गया और सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने उपरांत पैसिफिक रिटेल सेंटर, नई दिल्ली द्वारा विगत 10 फरवरी 2020 से बस अड्डा निर्माण कार्य आरंभ किया गया था। कोविड- 19 महामारी के कार्यकाल में बस अड्डे के निर्माण का कार्य स्थगित रहा। भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्रदूषण को नियंत्रित रखने के संबंध में पारित आदेशों के कारण भी बस अड्डे का निर्माण लगभग छह सप्ताह बंद रहा। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने बताया कि हरियाणा राज्य परिवहन प्रदेश में यात्रियों को सुरक्षित आराम दायक एवं समयबद्ध परिवहन सुविधा करवाने वाली सरकारी संस्था है।

हरियाणा राज्य परिवहन प्रदेश अपने 24 डिपू और 13 सब डिपो से लगभग 3143 बसों का संचालन करते हुए प्रतिदिन 8.93 लाख किलोमीटर दूरी तय करता है और प्रतिदिन लगभग 4.35 लाख यात्रियों को यात्रा सुविधा प्रदान करता है। प्रदेश की जनता को सुरक्षित और सुलभ यात्रा प्रदान करवाने के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों को पूर्ण करना और सरकार द्वारा प्रदेश की जनता को दी जा रही सुविधाएं ठीक ढंग से उपलब्ध करवाना भी हरियाणा राज्य परिवहन का उद्देश्य है। हरियाणा राज्य परिवहन प्रदेश की जनता को बेहतर परिवहन सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए वचनबद्ध है। इसलिए विभाग के स्वीकृत बेड़े को 4500 बसों से बढ़ाकर 5300 बसों का कर दिया गया है।

## ब्रिटिश प्रधानमंत्री
### प्रक्रिया पर सवाल

**ब्रिटेन** के नए प्रधानमंत्री ऋषि सुनक विश्वास से हिंदू हैं, लेकिन केवल इस कारण उनका भारत समर्थक होना जरूरी नहीं है। पिछले दो महीने में ऋषि सुनक ब्रिटेन में तीसरे प्रधानमंत्री बने हैं। उनसे बहुत उम्मीदें हैं, खासकर इसलिए कि वह पूर्व वित्त मंत्री हैं और उस आर्थिक संकट से निपट सकते हैं जिसका सामना ब्रिटेन कर रहा है। अपनी निकटस्थ पूर्ववर्ती लिज़ ट्रस की तरह वे भी थैचरवादी हैं। सुनक ने एक अखबार में लिखा था, 'मेरे मूल्य थैचरवादी हैं। मैं कठोर श्रम, परिवार व निष्ठा में विश्वास करता हूं। मैं थैचरवादी हूं, मैं एक सक्रिय थैचरवादी हूं और मैं थैचरवादी की तरह शासन करूंगा।' लेकिन इस संबंध में उनके तथा उनकी पूर्ववर्ती के बीच अंतर है। जहां ट्रस ने थैचरवादी सिद्धान्तों को दस्तावेजी रूप में प्रयोग किया था, वहीं सुनक का दृष्टिकोण व्यावहारिक है। शायद ट्रस अधीर थीं और वह बहुत जल्दी से टैक्सों में कटौती जैसे थैचरवादी सुधार लागू करना चाहती थीं, जबकि उन्होंने राजकोषीय स्थिति पर ध्यान नहीं दिया था। चूंकि सार्वजनिक वित्त का मुद्रास्फीति व ब्याज दरों से गहरा संबंध हैं, इसलिए उनकी शुरुआती घोषणा से शेयर बाजार को गहरा धक्का लगा। इसकी प्रतिक्रिया ने ट्रस को झकझोर दिया और उनको अपने वित्त मंत्री को बर्खास्त कर सुधारों को ठंडे बस्ते में डालना पड़ा। उनका विश्वास था कि सुधारों से 'बाजारों में राजकोषीय अनुशासन के बारे में आश्वासन का भाव पैदा होगा', लेकिन ऐसा नहीं हुआ। नीतिगत यूटर्न के कारण उनकी राजनीतिक स्थिति भी डांवाडोल हो गई जिससे उनको इस्तीफा देना पड़ा। शुरुआत से ही सुनक ट्रस द्वारा लिए अव्यावहारिक निर्णयों के आलोचक थे। कुछ




महीने पहले जब दोनों नेता प्रधानमंत्री पद के लिए संघर्ष कर रहे थे, तभी सुनक ने ट्रस की साहसी व आक्रामक योजनाओं पर संदेह व्यक्त किया था जो अब विनाशकारी सिद्ध हुई हैं। जहां ट्रस का थैचरवाद वैचारिक जोश से भरा था, वहीं सुनक का दृष्टिकोण ज्यादा जमीनी लगता है। यह बैंकर व उद्यमी की उनकी पृष्ठभूमि को देखते हुए आश्चर्यजनक नहीं है।

ऋषि सुनक इन्फोसिस के संस्थापक एन.आर. नारायण मूर्ति के दामाद हैं। वे ब्रिटेन के पहले एशियाई व हिंदू प्रधानमंत्री हैं। एक ब्रिटिश वेबसाइट के अनुसार, बयालीस वर्षीय सुनक ने विंचेस्टर कालेज में पढ़ाई की तथा आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में राजनीति, दर्शन व अर्थशास्त्र का अध्ययन किया। वह अमेरिका के स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय में फुलब्राइट स्कालर थे जहां उन्होंने एमबीए का अध्ययन किया। हालांकि, सुनक कभी भारत में नहीं रहे हैं, पर अनेकानेक भारतीय सुनक के प्रधानमंत्री पद पर पहुंचने पर प्रसन्नता का अनुभव कर रहे हैं। हिंदुत्ववादी इस बात से प्रसन्न हैं कि एक हिंदू अब उस ब्रिटेन के सर्वोच्च पद पर है जिसने भारत पर लगभग दो शताब्दी शासन किया था। अनेक देशप्रेमियों का मानना है कि यह एक प्रकार से 'उलटा उपनिवेशवाद' है और शायद इस प्रकार हमने एक ऐतिहासिक गलती ठीक कर ली है। लेकिन अनेक भारतीय ऐसी अवधारणाओं को पूरी तरह खारिज करते हैं क्योंकि सुनक अपने पूर्ववर्तियों की तुलना में कम ब्रिटिश नहीं हैं। वे प्रतिबद्ध हिंदू हैं और दीपावली मनाते हुए उनके फोटो वाइरल हैं, लेकिन उनके इस विश्वास से भारत-ब्रिटिश संबंध प्रभावित होने की ज्यादा उम्मीद नहीं है। इस बात के कोई संकेत नहीं हैं कि वे लीक से हट कर भारत के लिए लाभदायक कोई कदम उठा सकेंगे। सुनक के प्रधानमंत्री पद पर पहुंचने से वाम-उदारवादियों के उन सिद्धान्तों को झटका लगा है जिनके आधार पर वे पश्चिमी समाजों में नस्लवाद का उभार देखते थे। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक है कि क्या कोई गैर-पश्चिमी देश किसी श्वेत को अपनी सरकार का प्रमुख बना सकता है?

# निष्पक्ष चुनाव हेतु तकनीक का प्रयोग

जब हम कहीं से किसी भी समय क्रेडिट या डेबिट कार्ड प्रयोग कर सकते हैं तो 'कहीं से किसी भी समय मतदान' क्यों नहीं हो सकता है।



**वी.जे. नरसिम्हा राव**
(लेखक, राजनीतिक विश्लेषक हैं।)




उप चुनावों में चुनाव खर्च व गड़बड़ियां आमतौर पर काफी पाई जाती हैं। प्रिंट व एलेक्ट्रानिक मीडिया ने तेलंगाना के मुनुगोड विधानसभा चुनाव में इसकी खबरें दी हैं जो अत्यधिक चिन्ता का कारण बन गई हैं। चुनाव लड़ रहे एक उम्मीदवार ने हास्यास्पद रूप से घोषणा की कि वह केन्द्र से विकास कार्यों के लिए 1,000 करोड़ रुपये प्राप्त करेगा तथा 18,000 करोड़ रुपये के अनुबंध कराएगा। भारत के चुनाव दुनिया में सबसे बड़े राष्ट्रीय चुनाव हैं, हालांकि ये विश्व स्तर पर दूसरे स्थान पर सबसे खर्चीले चुनाव के रूप में भी सुपरिचित हैं। विकास शोध में अग्रणी भूमिका निभाने वाली सेंटर फार मीडिया स्टडीज़-सीएमएस के एक अध्ययन 'पोल एक्सपेंडीचर: 2019 एलेक्शन्स' के अनुसार, 2019 के लोकसभा चुनाव में असाधारण रूप से 55,000-60,000 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। भारत के पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त एस.वाई. कुरेशी के अनुसार इतने भारी खर्च से सरकार के प्रतिनिधिक स्वरूप पर खतरा पैदा हो जाता है तथा निर्वाचन खर्च व भ्रष्टाचार के असाधारण स्तर के बीच संबध स्पष्ट हो जाता है। मूलभूत सेवायें प्राप्त करने के मामले में इसका खामियाजा नागरिकों को भुगतना पड़ता है।

सीएमएस के अनुसार यह 'कहीं भी और कभी भी कराया सर्वाधिक खर्चीला चुनाव' था जिसमें प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में लगभग 100 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। यह भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 70 लाख रुपये की सीमा से कई गुना अधिक था। कुल खर्च धनराशि में से सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने लगभग 45 प्रतिशत खर्च किया। सीएमएस के अनुसार, भारतीय निर्वाचन आयोग-ईसीआई के पास निगरानी तथा सभी स्तरों पर नजर रखने की व्यापक व्यवस्था है, लेकिन प्रतीकात्मक जब्ती के अलावा कोई कठोर पहल नहीं की गई है। इससे विरले ही ईसीआई की शक्तियां प्रकट होती हैं और पार्टियों या उम्मीदवारों द्वारा उसके दिशानिर्देश न माने जाने की स्थिति में वह मौन प्रत्यक्षदर्शी बन कर रह जाता है। स्वतंत्र संस्थान के रूप में सीएमएस 30 साल से सक्रिय है तथा जोरदार पहल करता है, लेकिन तीन साल पहले उसके द्वारा किए सनसनीखेज खुलासों के बावजूद ईसीआई द्वारा चुनावों में खर्च पर लगाम लगाने की कोई पहल नहीं की गई है।

भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा जनवरी, 2017 में प्रकाशित पुस्तक, 'अनफोल्डिंग इंडियन एलेक्शन्स-जर्नी आफ लिविंग डेमोक्रेसी' में भारतीय चुनावों के बारे में अनेक दिलचस्प तथ्य पेश किए गए हैं। भारत की स्वतंत्रता ने सार्विक वयस्क मताधिकार का रास्ता खोला तथा लोकसभा व राज्य विधानसभाओं के पहले चुनाव एकसाथ 1951-52 में हुए। इसमें 21 साल आयु वाले सभी लोगों को मताधिकार प्राप्त था, जबकि 2014 चुनाव में यह आयु घटा कर 18 साल कर दी गई। हर वयस्क नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज करना बहुत बड़ा काम था। इस पूरी प्रक्रिया में असाधारण सफलता मिली। हालांकि चुनावों में पैसा खर्च करना या वोटों को खरीदने की समस्या बनी रही। चुनाव की पूरी प्रक्रिया 10 सितंबर, 1951 से 4 जून, 1952 तक चली। वैश्विक समुदाय ने बड़ी दिलचस्पी से इन चुनावों पर नजर रखी। भारत के पहले मुख्य निर्वाचन अधिकारी सुकुमार सेन ने पूरी चुनाव प्रक्रिया पर नजर रखी। इंडियन कौंसिल आफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च ने मतदाताओं की उंगली पर लगाने वाली अमिट स्याही की खोज की। मतपत्र एकत्र करने के लिए लोहे के 24,73,850 तथा लकड़ी के 1,11,095 बक्सों का प्रयोग किया गया। उस समय प्रत्येक उम्मीदवार के लिए एक बक्सा आबंटित किया गया था। कुछ मतदाताओं ने बैलट बाक्सों को पूजा की वस्तु समझ कर उसमें फूल और कागज डाले और किसी खास उम्मीदवार के पक्ष में इनका दुरुपयोग किया। बाद में एक समान बैलट पेपर व्यवस्था शुरू कर उसका सफलता से प्रयोग हुआ। बाद में ईवीएम के प्रयोग तक यह व्यवस्था जारी रही। एलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनें-ईवीएम नए प्रकार के बैलट बने। इनके प्रयोग से बड़े पैमाने पर चुनाव सामग्री पर होने वाला खर्च कम हुआ, मानवशक्ति की आवश्यकता घटी, अवैध मतदान की समस्या समाप्त हुई तथा मतगणना की प्रक्रिया तेज हुई। नगालैंड की नोकसन विधानसभा में पहली बार सितंबर, 2013 में वोटर वैरीफायेबल पेपर आडिड ट्रेल-वीवीपैट का प्रयोग हुआ। इससे मतदाताओं को यह सुनिश्चित करना संभव हुआ कि उनके वोट केवल लक्षित उम्मीदवार को मिले या नहीं। अब इनका प्रयोग सभी जगह होता है।


लेकिन दु:ख की बात है कि चुनावों में गलत प्रवृत्तियां धीरे-धीरे बढ़ती रहीं। जब तक भारतीय निर्वाचन आयोग-ईसीआई आईटी सक्षम तकनीक से 'कहीं से भी किसी भी समय मतदान' की व्यवस्था लागू नहीं करता, यह प्रवृत्ति बनी रहेगी। इसके चलते लोकतंत्र का जीवन दांव पर लगा रहेगा। लगातार बदलते परिदृश्य को देखते हुए समझ में आ गया है कि ईसीआई व्यावहारिक रूप से शक्तिहीन, असहाय तथा उम्मीदवारों व पार्टियों का चुनाव खर्च रोकने में अक्षम है। यह खर्च खासकर उप-चुनावों में करोड़ों रुपयों तक पहुंचता है। भारी खर्च का एक कारण चुनाव का लंबे समय तक जारी रहना तथा वर्तमान समय में अपनाई जाने वाली चुनाव प्रक्रिया है। समय आ गया है कि हम ईवीएम से आगे बढ़ कर 'कहीं से भी किसी भी समय मतदान' की ओर आगे बढ़ें। इससे पूरी मतदान प्रक्रिया तथा चुनाव प्रचार के समय में काफी कमी आएगी। वर्तमान समय में चुनाव प्रक्रिया की शुरुआत आदर्श आचार संहिता की घोषणा से शुरू होती है, लेकिन यह विकास व कल्याण कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में बाधा डालती है जो महीनों पहले से शुरू हो जाती है। नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के बाद राजनीतिक पार्टियां अपने उम्मीदवारों के नाम घोषित करती हैं जो रिटर्निंग अधिकारियों को बी-फार्म पेश करते हैं। इनकी जांच, वापसी, अभियान, मतदान, गिनती तथा विजयी उम्मीदवारों की घोषणा, आदि तक चुनाव प्रक्रिया काफी लंबे समय तक चलती है। इससे राजनीतिक पार्टियों व उम्मीदवारों का बहुत बड़ी मात्रा में धन खर्च होता है जो अक्सर निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सीमा से कई गुना अधिक होता है, लेकिन विडंबना है कि ईसीआई इस पर कोई विराम नहीं लगा पाती है।

इस पूरी प्रक्रिया में तत्काल चुनाव सुधारों के माध्यम से परिवर्तन की आवश्यकता है। इसके लिए 'कहीं से भी किसी भी समय मतदान' की व्यवस्था अपनाई जा सकती है। इसके लिए मतदाताओं को चुनाव बूथों पर जाने व घंटों तक प्रतीक्षा करने व लाइन लगाने की जरूरत नहीं रह जाएगी। इससे मतदान में लगने वाला समय बचेगा। कोई भी मतदाता नई व्यवस्था लागू होने पर किसी भी समय कहीं से भी अपने मतदान अधिकार का प्रयोग कर सकेगा और उसे निर्धारित मतदान बूथ पर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। इस व्यवस्था में मतदाताओं को निर्धारित एक-दो दिन में मतदान करने के लिए अपने कार्ड का प्रयोग करना होगा जिससे संबंधित निर्वाचन क्षेत्र का बैलट उनके सामने आ जाएगा। कार्डों का प्रयोग इस प्रकार नियंत्रित किया जा सकता है कि मतदाता के अलावा कोई अन्य व्यक्ति उनका प्रयोग न कर सके। इस प्रकार कार्ड इंटर करने के बाद केवल मतदाता ही बूथ में प्रवेश कर सकेगा तथा दूसरे लोगों के वहां प्रवेश करने पर प्रतिबंध अपने आप लग जाएगा। इससे चुनाव प्रचार का समय भी बहुत कम हो जाएगा क्योंकि एलेक्ट्रानिक मीडिया के विस्तार के इस युग में राजनीतिक पार्टियां व उम्मीदवार इनका प्रयोग कर सीधे मतदाता से संपर्क कर सकेंगे। इस प्रकार चुनावों के दौरान मतदाताओं से सीधे संपर्क करने की आवश्यकता नहीं रहेगी और यह बिल्कुल समाप्त हो सकती है। राजनेता या निर्वाचित प्रतिनिधि इस व्यवस्था से मतदातओं से आसानी से मिल सकेंगे, जबकि वर्तमान समय में उनको चुनाव के लिए आकर्षित करने में बहुत परिश्रम करना होता है।

वर्तमान समय में चुनाव अनियमितताओं की शुरुआत चुनावों की घोषणा तथा उप-चुनावों के लिए सीट खाली होते ही शुरू हो जाती है। अच्छा होगा कि नामांकन के एक सप्ताह के भीतर मतदान करा लिया जाए। इसमें नामांकन दाखिल करने से बी फार्म जमा करने, जांच, वापसी, संक्षिप्त अभियान, मतदान, मतगणना तथा परिणामों की घोषणा शामिल हैं। चुनाव अभियान का समय घटने से वोट खरीदने के लिए बड़े पैमाने पर पैसे का प्रयोग भी थमेगा या बहुत कम हो जाएगा। इस प्रकार मतदान में एक दिन से अधिक समय नहीं लगेगा। ईसीआई को एक 'स्थाई सामाजिक सुरक्षा नंबर कार्ड' की इस तरह डिजाइन करनी चाहिए कि मतदाता के सिवा कोई अन्य इसका प्रयोग न कर सके और मतदाता भी इसका प्रयोग एक खास चुनाव में एक बार ही कर सके। यथासंभव अधिकाधिक स्थानों पर सुरक्षा के साथ चुनाव मशीनें लगाई जा सकती हैं। जब हम उम्मीदवारों के लिए अलग-अलग बाक्स से बैलट बाक्स और वहां से ईवीएम तक आगे बढ़ने में सफल हुए हैं तो मतदाता नई व्यवस्था भी आसानी से स्वीकार कर लेंगे। जब क्रेडिट या डेबिट कार्ड का विदेशों समेत कभी भी कहीं से पैसा निकालने या जमा करने के लिए प्रयोग किया जा सकता है तो 'कहीं से भी किसी भी समय मतदान' भी संभव हो सकता है।

# विभाजनकारी राजनीति के दुष्परिणाम

**प्रफुल्ल गोराडिया**
(लेखक, पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)



'फूट डालो और राज करो' कई भारतीयों के लिए उपयोग करने का एक तैयार बहाना होता है जहां वे हिंदू-मुस्लिम दंगे, या ऐसे ही किसी अन्य विवाद या संघर्ष का कारण नहीं बता पाते हैं। शातिराना ढंग से, एक अधिकारी या एक स्थानीय राजनेता का इस बहाने का उपयोग करना तो समझ में आता है, लेकिन आधुनिक भारतीय इतिहास को जानने वाले व्यक्ति के लिए, इस बहाने को नियमित रूप से खारिज करना अक्षम्य है। ईस्ट इंडिया कंपनी ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत वर्तमान मद्रास (अब चेन्नई) में की, उन्होंने इस उद्देश्य के लिए एक समझौता किया था। उसके प्रमुख अधिकारी और सैनिक उनके किले में रहते थे। पहले गवर्नर एंड्रयू कोगन थे। कंपनी की व्यावसायिक गतिविधियां तब बॉम्बे तक फैल गईं थीं, जिसे पुर्तगाल के राजा ने अपने दामाद, इंग्लैंड के राजा चार्ल्स द्वितीय को दिया था, जिसने द्वीपों को सालाना दस पौंड के पट्टे पर कंपनी को उपहार स्वरूप दे दिया था। शहर के पहले प्रभावी गवर्नर गेराल्ड औंगियर थे, जिन्होंने मछुआरे गांव को एक टाउनशिप में विकसित किया और फोर्ट जॉर्ज में अपना मुख्यालय स्थापित किया (सेंट जॉर्ज नहीं, जो कि ईस्ट इंडिया कंपनी का मद्रास की बस्ती को दिया गया नाम था)। यह सब 1660 के दशक के अंत में हुआ था।

ईस्ट इंडिया कंपनी का पहला व्यावसायिक प्रतिष्ठान 1644 में खोला गया था, हालांकि इसे फोर्ट विलियम के निर्माण और बंगाल के नवाब से गोविंदपुर, कोलिकता और सुतनोती के अधिग्रहण के साथ एक पूर्ण बस्ती के रूप में विकसित किया गया था। हालांकि, कलकत्ता शहर की स्थापना 1690 में महान जॉब चार्नोक द्वारा की गई थी। लेकिन शहर को अपने पहले गवर्नर के लिए 1700 ई तक इंतजार करना पड़ा जब सर चार्ल्स आइरे वहां स्थापित हुए। तीन प्रतिष्ठानों को प्रेसीडेंसी के रूप में जाना गया, जो एक दूसरे से काफी स्वतंत्र थे, और सीधे कंपनी के लंदन मुख्यालय को रिपोर्ट करते थे। उन दिनों भारत में कोई डाक सेवा नहीं थी, हालांकि जहाज इन तीन बंदरगाहों से आते-जाते थे। इस व्यवस्था को लेकर कोई विशेष शिकायत नहीं थी। फिर भी, वेस्टमिंस्टर पार्लियामेंट- ईस्ट इंडिया



कंपनी के कोर्ट ऑफ डायरेक्टर्स- ने 1773 के रेगुलेटिंग एक्ट को पारित करने का विकल्प चुना, जिसके तहत बॉम्बे और मद्रास के गवर्नरों को कहा गया कि वे कलकत्ता में फोर्ट विलियम को रिपोर्ट करेंगे। कलकत्ता के गवर्नर को तब भारत में गवर्नर-जनरल नामित किया गया था। यह पर्याप्त सबूत था कि अंग्रेजी सरकार के दिमाग में 'फूट डालो और राज करो' की नीति नहीं थी। यदि ऐसा नहीं होता, तो लंदन ने तीनों प्रेसीडेंसियों को अलग अलग स्वतंत्र रूप से विकसित होने और तीन अलग-अलग देशों के रूप में फलने फूलने की अनुमति दी होती, और उन्हें एक प्रशासनिक इकाई के रूप में एक साथ नहीं रखा होता। 17वीं और 18वीं शताब्दी में लंदन के लोगों के लिए भारत में प्रचलित सांप्रदायिक प्रतिद्वंद्विता के महत्व को समझना मुश्किल था। लेकिन फिर कई अन्य उपायों की व्याख्या कैसे की जाएगी, जो उन कदमों को हतोत्साहित करने के बजाय प्रोत्साहित करते हैं, जो अंतत: एक एकीकृत भारत की ओर ले जाएंगे?

भारतीय सिविल सेवा (आईसीएस), जिसने बाद में स्वतंत्र भारत के प्रशासन और अन्य वरिष्ठ सेवाओं को चलाने वाली भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) को जन्म दिया, अखिल भारतीय संस्थान होने की आवश्यकता नहीं थी, वे अलग-अलग प्रेसीडेंसी में भिन्न हो सकते थे। श्रीलंका (तब सीलोन) और बर्मा में नागरिक प्रशासनिक सेवाएं अलग थीं और उनमें भारत से काफी भिन्नताएं थीं। यदि देश में अंग्रेजी शिक्षा शुरू करने का मैकाले का फॉर्मूला प्रस्तावित और फिर लागू नहीं किया गया होता, तो एक उड़िया को अपने बिहारी पड़ोसी के साथ संवाद करना मुश्किल हो सकता था। क्या होता, अगर अंग्रेजी शासकों ने सशस्त्र बलों को एक छतरी के बजाय प्रेसीडेंसी के अनुसार गठित करना पड़ता?

सामान्य मुद्रा एक वरदान है। यदि ऐसा उपाय अंग्रेजों द्वारा लागू नहीं किया गया होता, तो क्या पूरे देश में व्यापार और वाणिज्य के मुक्त प्रवाह की कल्पना भी की जा सकती थी? मोहम्मद अली जिन्ना, जिन्होंने पाकिस्तान की स्थापना की थी, यह कहने के लिए पर्याप्त रूप से स्पष्ट थे कि पाकिस्तान का जन्म उस दिन हुआ था जब पहला हिंदू परिवर्तित हुआ था। यह आठवीं शताब्दी की शुरुआत में हुआ था। तब से लेकर 1760 ई. तक भारत पर लगातार आक्रमण होते रहे। केवल बादशाह अकबर और उसके उत्तराधिकारियों सम्राट जहांगीर और शाहजहां के पचास साल के शासनकाल के दौरान समुदायों के बीच सौहार्द्र था। अन्यथा, अधिकांश समय, कम से कम कलह की एक अंतर्धारा मौजूद थी, विशेष रूप से एक ओर जजिया थोपने और दूसरी ओर मंदिर की अपवित्रता के कारण, और दोनों ही उपाय औरंगजेब के शासन की पहचान थे। उसके शासनकाल के अंत तक, राजपूत, सिख, जाट और अंत में मराठा खुले विद्रोह की स्थिति में थे। औरंगजेब ने अपने बेटों को लिखे अपने पत्रों में यह कहते हुए अपनी विफलता स्वीकार की थी, ''मैं एक अजनबी के रूप में आता हूं और चला जाता हूं। मैं नहीं जानता कि मैं कौन हूं। मेरे अंदर नेतृत्व करने और लोगों की रक्षा करने की अपने कर्तव्य की कमी थी।

औरंगजेब ने यह भी आशंका व्यक्त की कि उसकी मृत्यु के बाद उसके अधिकारियों और सैनिकों के साथ (उसके शत्रुओं द्वारा) दुर्व्यवहार किया जाएगा। इस सब ने सुनिश्चित किया कि दोनों समुदाय दुबारा आंखों में आंखें डालकर न देख सकें। विभाजन भी घावों को पूरी तरह से भर नहीं कर पाया। इसलिए, ''फूट डालो और राज करो'' के लिए केवल अंग्रेजों पर दोष मढ़ने का आग्रह क्यों?

## आप की बात

### शी की ताजपोशी

**शी जिनपिंग** अब अपने तीसरे कार्यकाल के साथ चीनी कम्युनिस्ट पार्टी, चीनी सेना की पूरी कमान संभाल रहे हैं। अपने सहयोगियों को स्थापित करके जिनपिंग ने संदेश दे दिया है कि उन्हें माओ के बराबर या उनसे भी बड़ा चीनी नेता माना जायेगा इतिहास में। भारत और ताइवान से संबंधित मुद्दों को जिनपिंग के तीसरे शासन में अनुमानित नहीं किया जा सकता है। भारत व ताइवान सरकार को यह अनुमान लगाना होगा कि अगले 5 वर्षों के लिए चीनी नेतृत्व की कार्य योजना और एजेंडा कैसा होगा। भारत के साथ सीमाओं पर चीनी सेना द्वारा अनुचित कारनामों और भारत को निशाना बनाने वाले आतंकी तत्वों के मामले में चीन का असहयोगात्मक रुख स्पष्ट रूप से चीन के शत्रुतापूर्ण चेहरे को प्रकट करता है। अब शी जिनपिंग चीन में किसी के प्रति जवाबदेह नहीं हैं, इसलिए इसमें कोई संदेह नहीं है कि चीन द्वारा अपनाई जा रही आक्रामक और बाहुबली नीतियों को और अधिक मजबूती के साथ जारी रखा जाएगा। चीन द्वारा भारत के साथ सीमा पर किलेबंदी जारी रखी जाएगी। इस घटनाक्रम को भारत की तैयारियों में एक नए और गहरे रूप में देखने की जरूरत है, जो निस्संदेह भारत करेगा।

**परमवीर 'केसरी'**, मेरठ

### सकारात्मक कदम

**बेरोजगारी** देश के लिए हाल ही में उपजी कोई नई समस्या नहीं है बल्कि दशकों से युवा इसका खामियाजा भुगतते आ रहे हैं। योग्यतानुसार काम के अभाव में हमारी कई प्रतिभाएं विदेश जाने को मजबूर हुई हैं। समय-समय पर सत्ता के गलियारों से भी इसके निदान के आश्वासन आते रहे हैं मगर जितनी दवा की, मर्ज उतना ही बढ़ता चला गया। आज देश के करोड़ों हाथ बेकार हैं। पिछले सालों से जबसे मोदी सरकार सत्ता में आई है युवाओं को रोजगार देने के आश्वासन दिए जाते रहे हैं हालांकि इस दौरान युवाओं को रोजगार भी मिला है मगर ऊंट के मुंह में जीरे की तरह। धनतेरस पर मोदी सरकार ने नौकरियां बरसा कर कुछ हाथों को राहत दी है। वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए रोजगार मेले से 75,000 युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान कर 1 साल में 10 लाख रोजगार का जो आश्वासन सरकार ने दिया है उसे जले पर मरहम कहना ही ठीक होगा। अगर मंथर गति से भी बेगारी मिटाने के प्रयास जारी रहे तो आने वाले सालों में लगभग हर घर में एक नौकरीशुदा या रोजगार पर लगा व्यक्ति होगा।

**अमृतलाल मारू**, इंदौर


### विपक्ष का विलाप

**जब** से भाजपा के नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने हैं तबसे वे मानो विपक्ष की आंख की किरकिरी ही बनें हुए हैं। लोकतंत्र में सत्ता-विपक्ष दोनों को दोनों की आलोचना और सहयोग करने का संवैधानिक अधिकार है। किन्तु विपक्ष की भूमिका सत्ता के प्रति आरम्भ से ही नकारात्मक रही है। सरकार यदा-कदा पटरी से उतरती है तब तो उसकी आलोचना करना ठीक है किन्तु उसके अच्छे कामों में भी नुक्स निकालना और कड़ी आलोचना करना कितना उचित है ? अच्छे कामों की सराहना वो करे, ना करे कोई बात नहीं, पर व्यर्थ की आलोचना करके अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकना सरासर गलत ही है। अब जब ब्रिटेन की सत्ता में भारतीय मूल के ऋषि सुनक प्रधानमंत्री बनें तो विपक्ष को उस पर गर्व करते हुए खुशी मनानी चाहिए। किन्तु यहां वो बहुसंख्यक-अल्पसंख्यक का अलाप रागते हुए मोदी सरकार को घेरने में ही जुट गया है। लगता है विपक्ष मोदी सरकार की आलोचना करने में इतना मशगूल हो गया है कि उसे देश-दुनिया में जो अच्छा हो रहा है वो नजर नहीं आ रहा है।

**शकुंतला महेश**, इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




**कारगिल** में हमारे सैनिकों ने आतंक का दमन किया। यहां अपने पुराने फोटो देख कर मुझे बहुत प्रसन्नता हुई।

**- नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**बोरिस** जान्सन ने ब्रेक्सिट व वैक्सीनों के कठिन समय में देश का नेतृत्व किया। हम हमेशा इसके लिए उनके ऋणी रहेंगे।

**- ऋषि सुनक**
ब्रिटेन के प्रधानमंत्री





**क्या** देश के किसी गवर्नर ने ऐसे प्रयास किए हैं। इसे सरकार के कामकाज में हस्तक्षेप कहा जा सकता है।

**- आर. बिंदु**
केरल की शिक्षा मंत्री

# भूमि संबंधित विवादों का हो शीघ्र समाधान

## जनता दर्शन में सीएम योगी ने दी अधिकारियों को दो टूक हिदायत

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर, लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को दो टूक हिदायत दी है कि जमीनी विवादों का संतुष्टिपरक त्वरित समाधान किया जाए। किसी भी गरीब या सरकारी जमीन पर कब्जा नहीं दिखना चाहिए। साथ ही यदि कोई गरीब सरकारी जमीन पर रह रहा है तो उसे शासन की कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कर उसके व्यवस्थित पुनर्वास की व्यवस्था की जाए। सीएम योगी ने बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन कार्यक्रम लोगों की समस्याएं सुन रहे थे।

जनता दर्शन में कई महिलाएं जमीन से जुड़े विवादों में फरियाद लेकर पहुंची थीं। कुछ की शिकायत थी कि दबंग उनकी जमीनों पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। इन शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जमीन कब्जाने में पेशेवर प्रवृत्ति वालों को भू माफिया के रूप में चिन्हित कर सख्ती की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी गरीब की जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई करें जो नजीर बने। जमीनी विवादों का समाधान तत्परतापूर्वक इस तरह होना चाहिए जिससे पीड़ित व्यक्ति संतुष्ट दिखे। सीएम योगी ने यह भी कहा कि यदि कहीं कोई गरीब सरकारी जमीन पर रह रहा है तो उसके समुचित पुनर्वास के बाद कब्जा खाली कराया जाए। साथ ही लोगों को सरकारी जमीन पर कब्जा न करने के लिए जागरूक किया जाए। मुख्यमंत्री ने करीब 250 लोगों की समस्याएं सुनीं और सभी को आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी को चिंता करने की जरूरत नहीं है। सभी मामलों में कार्यवाही होगी। मुख्यमंत्री ने पुलिस से जुड़ी शिकायतों को पुलिस अधिकारियों और राजस्व आदि से जुड़े मामलों को प्रशासनिक अधिकारियों को इस निर्देश के साथ संदर्भित किया कि ससमय गुणवत्तापूर्ण समाधान कराएं। गंभीर बीमारियों में इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को उन्होंने आश्वस्त किया कि पैसे की तंगी से किसी का भी इलाज नहीं रुकने दिया जाएगा। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिया कि संबंधित मरीज के इलाज संबंधी इस्टीमेट की प्रक्रिया को पूर्ण कर इसे जल्द से जल्द शासन को उपलब्ध कराया जाए। इस्टीमेट मिलते ही इलाज के लिए धन अवमुक्त हो जाएगा।

# इलाज के लिए विवेकाधीन कोष से सीएम ने दिए दो लाख रुपए

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर, लखनऊ



**जन** स्वास्थ्य की रक्षा के लिए सदैव सजग रहने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दरियादिली बुधवार सुबह एक बार फिर देखने को मिली। सीएम योगी ने पैरालिसिस के गंभीर रोग से पीड़ित छोटे काजीपुर तुरहा चौराहा निवासी दिलीप शाह को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी। उन्हें गोरखनाथ मंदिर में सहायता राशि का चेक प्रदान किया। गंभीर रोगों के इलाज के लिए सीएम योगी ने प्रदेश सरकार का खजाना खुला रखा है। इलाज के लिए आर्थिक सहयोग के आकांक्षी सभी जरूरतमंद लोगों के आवेदनों के त्वरित निस्तारण को लेकर वह हमेशा अधिकारियों को निर्देशित करते रहते हैं। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से वह अपने पूर्ववर्तियों की तुलना में कई गुना धनराशि मरीजों को उपलब्ध करा चुके हैं। बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में उन्होंने अधिकारियों को जहां इलाज के सहयोग के लिए आए आवेदनों पर इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से निस्तारित करने का निर्देश दिया तो वहीं एक पैरालिसिस पीड़ित को दो लाख रुपये का चेक भी प्रदान किया। मुख्यमंत्री के हाथों सहायता राशि प्राप्त करने के बाद छोटे काजीपुर के दिलीप शाह भाव विभोर हो गए। उन्होंने कहा कि सीएम योगी ने उनकी सभी चिंताएं दूर कर दी हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिलीप शाह को यह भी भरोसा दिलाया कि सरकार उनके इलाज में धन की कमी आड़े नहीं आने देगी। और भी धनराशि की आवश्यकता होने पर उपलब्ध कराया जाएगा।

### चित्रगुप्त जयंती पर सीएम योगी ने प्रदेशवासियों को दी बधाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने चित्रगुप्त जयन्ती के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त की जयन्ती अच्छे कर्म करने की प्रेरणा प्रदान करती है। मुख्यमंत्री ने लोगों से कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत सभी सावधानियां बरतते हुए चित्रगुप्त जयन्ती मनाने की अपील की है।

### मुख्यमंत्री ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज जनपद गोरखपुर में शहीदों की याद में दीया जलाकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। श्रीगोरखनाथ मंदिर परिसर में भीम सरोवर पर भोजपुरी एसोसिएशन ऑफ इंडिया की तरफ से आयोजित 'एक दीया शहीदों के नाम' कार्यक्रम में पहला दीया जलाकर मुख्यमंत्री ने शहीदों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किए जाने के साथ ही भीम सरोवर 11,000 दीपों की आभा से जगमग हो उठा। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष देशभक्ति के गीत व नृत्य प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम संयोजक लोक गायक राकेश श्रीवास्तव की प्रस्तुति 'धन्य है मेरा उत्तर प्रदेश' ने प्रदेश की विशिष्टता व वर्तमान भयमुक्त वातावरण का भान कराया। मुख्यमंत्री ने सभी कलाकारों प्रस्तुतियों की सराहना की।

### रेणुका कुमार का वीआरएस मंजूर

**लखनऊ।** यूपी काडर की 1987 बैच की आईएएस अधिकारी रेणुका कुमार का वीआरएस योगी सरकार ने मंजूर कर लिया गया है। अगले साल जून में रिटायरमेंट था। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस भेजे जाने पर उन्होंने यहां ज्वाइन नहीं किया बल्कि अगस्त में वीआरएस के लिए आवेदन कर दिया था। केंद्र सरकार से एनओसी मिलने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी उनके वीआरएस आवेदन को अपनी स्वीकृति दे दी है। यहां उन्होंने वन विभाग में तैनाती के दौरान कई गंभीर मामलों में कार्रवाई की जिसे खूब सराहा गया।

### ब्लाक प्रमुख चुनाव के लिए प्रभारी नामित

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार जनपद इटावा के चकरनगर ब्लाक के ब्लाक प्रमुख के चुनाव के लिए प्रभारी नामित किये गए हैं। इनमें प्रमुख रूप से अंशुल यादव अध्यक्ष जिला पंचायत इटावा, प्रदीप यादव विधायक दिबियापुर औरैया, राघवेन्द्र कुमार सिंह विधायक भरथना इटावा, गोपाल यादव जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी इटावा एवं राजेश चौहान उर्फ बबलू चौहान सदस्य जिला पंचायत प्रभारियों से अनुरोध है कि तत्काल ब्लाक चकरनगर पहुंचकर चुनाव सम्पन्न करायें। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पूर्व मंत्री अरविन्द सिंह गोप के बड़े भाई अशोक सिंह उम्र 60 वर्ष का हृदय गति रूकने से दु:खद निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की है। अशोक सिंह बाराबंकी के जिला पंचायत अध्यक्ष थे। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की है कि परिजनों को इस महान दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान हो।

# गृह मंत्रियों के चिंतन शिविर में मुख्यमंत्री आज होंगे शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ 27 और 28 अक्टूबर को गृह मंत्रियों के चिंतन शिविर में हिस्सा लेने के लिए हरियाणा जाएंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 27 और 28 अक्टूबर को हरियाणा के सूरजकुंड में राज्यों के गृह मंत्रियों के चिंतन शिविर की अध्यक्षता करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 अक्टूबर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चिंतन शिविर को संबोधित करेंगे।

दो दिवसीय चिंतन शिविर में भाग लेने के लिए सभी राज्यों के गृह मंत्रियों और संघशासित प्रदेशों के उपराज्यपाल और प्रशासकों को आमंत्रित किया गया है। राज्यों के गृह सचिव, पुलिस महानिदेशक और केंद्रीय सशस्त्र पुलिसबलों और केंद्रीय पुलिस संगठनों के महानिदेशक भी चिंतन शिविर में भाग लेंगे। दो दिन के चिंतन शिविर का उद्देश्य विजन 2047 और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वतंत्रता दिवस भाषण में घोषित पंच प्राण के कार्यान्वयन के लिए कार्य योजना तैयार करना है। गृह मंत्रियों के चिंतन शिविर में साइबर अपराध प्रबंधन के लिए ईको-सिस्टम विकसित करने, पुलिस बलों के आधुनिकीकरण, आपराधिक न्याय प्रणाली में आईटी के बढ़ते उपयोग, भूमि सीमा प्रबंधन और तटीय सुरक्षा एवं अन्य आंतरिक सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर चिंतन किया जायेगा। वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नारी शक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण है और चिंतन शिविर में देश में महिलाओं की सुरक्षा और उनके लिए सुरक्षित वातावरण बनाने पर विशेष बल दिया जाएगा। शिविर का उद्देश्य उपर्युक्त क्षेत्रों में राष्ट्रीय नीति निर्माण और बेहतर योजना व समन्वय को सुगम बनाना भी है। चिंतिन शिविर में छह सत्रों में विभिन्न विषयों पर चर्चा की जायेगी।

# मदरसों को लेकर मायावती का प्रहार, सरकार ने किया पलटवार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बसपा** अध्यक्ष मायावती ने मदरसों को लेकर उत्तर प्रदेश की योगी सरकार पर जोरदार प्रहार किया है। जिसके जवाब में योगी सरकार के राज्यमंत्री दानिश आजाद ने पलटवार किया है। मायावती ने ट्वीट कर कहा कि यूपी सरकार द्वारा विशेष टीम गठित करके लोगों के चन्दों पर आश्रित प्राइवेट मदरसों के बहुचर्चित सर्वे का काम पूरा किया गया। जिसके अनुसार 7500 से अधिक गैर-मान्यता प्राप्त मदरसे गरीब बच्चों को तालीम देने में लगे हैं। ये गैरसरकारी मदरसे सरकार पर बोझ नहीं बनना चाहते तो फिर इनमें दखल क्यों? जबकि सरकारी मदरसा बोर्ड के मदरसों के टीचर व स्टाफ के वेतन आदि के लिए बजट प्रावधान के लिए खास तौर से सर्वे कराया जाता है तो क्या यूपी सरकार इन प्राइवेट मदरसों को अनुदान सूची में शामिल करके उन्हें सरकारी मदरसा बनाएगी? बीएसपी सरकार ने 100 मदरसों को यूपी बोर्ड में शामिल किया था।

अपने एक अन्य ट्वीट में मायावती ने कहा कि पहले कांग्रेस सरकार ने मदरसा आधुनिकीकरण के नाम पर वहां के छात्रों को उनकी पसंद की उच्च शिक्षा सुनिश्चित करने के बजाय उन्हें ड्राइविंग, मैकेनिक, कारपेन्टर आदि की ट्रेनिंग के जरिए छात्रों की तालीम व उन मदरसों का भी अपमान किया और अब आगे देखिए बीजेपी सरकार में उनका क्या होता है। वैसे यूपी व देश के अन्य सभी राज्यों में भी सरकारी स्कूलों के साथ-साथ पूरी शिक्षा व्यवस्था के हालात जो लगातार बदतर होते चले जा रहे हैं वह किसी से भी छिपा नहीं है। फिर भी सरकारें लापरवाह व उदासीन क्या इसलिए हैं कि वहां ज्यादातर गरीब व कमजोर वर्गों के बच्चे ही पढ़ते हैं। मायावती का बयान आने के बाद प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद ने पलवार करते हुए कहा कि आज भाजपा अगर मुसलमान के लिए कुछ कर रही है तो विपक्ष के पेट में दर्द हो रहा है। मुसलमानों के बारे में अगर कोई पार्टी अच्छा सोचती तो वो भारतीय जनता पार्टी की सरकार है जो चाहती है कि मुसलमान भी कदम से कदम बढ़ाकर चलें और मुसलमान भी शिक्षित बनें। उन्होने कहा कि विपक्ष का काम सिर्फ मुसलमानों को बरगलाना है।

# बच्चों के सर्वागीण विकास पर केंद्रित होंगे आंगनबाड़ी केंद्र

- डीएम की अनुमति से आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र विकसित किए जाएंगे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी** सरकार ने आंगनबाड़ी केंद्रों के जरिए नवजात से लेकर 6 वर्ष तक के बच्चों के सर्वागीण विकास की योजना बनाई है। इसमें बच्चों को कुपोषण से मुक्ति दिलाने के साथ ही उनकी अनौपचारिक शिक्षा जैसे प्रमुख एजेंडा को शामिल किया गया है। इसके तहत सबसे पहले सरकार आंगनबाड़ी केंद्रों को आदर्श बनाएगी जिसके लिए जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और शैक्षिक संस्थाओं को आंगनबाड़ी केंद्रों को गोद लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। प्रदेश सरकार ने आंगनबाड़ी केंद्रों को गोद लेने के लिए दिशा निर्देश जारी किए हैं। इस कड़ी में डीएम की अनुमति से आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र विकसित किए जाएंगे। शासन द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों के क्रम में कुपोषण की अधिकता वाले आंगन को चिन्हित कर जनपदों में जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण के अतिरिक्त उच्च शैक्षिक संस्थानों, औद्योगिक संस्थानों अन्य संस्थान जिलाधिकारी की अनुमति से, मण्डल स्तरीय अधिकारी व अन्य अधिकारियों द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों को गोद लेकर आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। इन आंगनबाड़ी केंद्रों को गोद लेकर कई मानकों पर आदर्श आंगनवाड़ी केंद्र के रुप में विकसित किया जाएगा।

योजना के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों को कुपोषण मुक्त करना, आंगनबाड़ी केंद्रों में पंजीकृत 3-6 वर्ष के बच्चों के लिए अनौपचारिक शिक्षा ईसीसीई के स्तर में सुधार करना और आंगनबाड़ी केंद्रों में आधारभूत सुविधाओं का सुदृढीकरण करना प्रमुख उद्देश्य है। आंगनबाड़ी केंद्र को गोद लेने की प्रक्रिया जनपद में गोद लिए जाने वाले आंगनबाड़ी केंद्रों की सूची जिला कार्यक्रम अधिकारी अथवा बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा सम्बन्धित गोद लेने वाली संस्थान, संस्था को उपलब्ध करायी जायेगी तथा उनसे विचार विमर्श कर उनकी स्वेच्छा से गोद लिये जाने वाले आगनवाड़ी केंद्र चिन्हित किए जाएंगे। तत्पश्चात अधिकारियों द्वारा गोद लिये जाने वाले शेष आंगनबाड़ी केंद्र आंवटित किए जाएंगे। प्रत्येक शैक्षिक संस्थान, संस्था द्वारा कम से कम 3 आंगनबाड़ी केंद्र को गोद लिया जाना है।

# असलहा तस्करों के अन्तर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

- एसटीएफ ने सात सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल व 13 मैगजीन बरामद की

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**एसटीएफ** ने तस्करों के अन्तर्राज्यीय गिरोह का खुलासा किया है। गिरोह के दो शातिर अपराधियों को एसटीएफ ने वाराणसी के सारनाथ थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से .32 बोर की सात सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल और 13 मैगजीन बरामद हुई हैं। एसटीएफ के अनुसार यह गिरोह पूर्वांचल में बड़े पैमाने पर असलहों की तस्करी में लिप्त है। गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के भी प्रयास किए जा रहे हैं।

अपराधियों के खिलाफ अभियान में जुटी एसटीएफ की वाराणसी इकाई को सूचना मिली कि सारनाथ थानान्तर्गत पुराना आरटीओ तिराहा-आशापुर मार्ग पर भारी मात्रा में असलहों के साथ असलहा तस्कर मौजूद हैं। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए एसटीएफ की टीम ने बताए गए स्थान पर पहुंचकर देवेश्वर शुक्ला निवासी यशवन्त सिंह का पुरा, थाना पडरीख मिर्जापुर और अम्बुज निवासी बसुहरा, थाना हलिया, जनपद मिर्जापुर को गिरफ्तार किया। अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि वे दोनों कुश्ती लडते थे और इसका वीडियो बनाकर फेसबुक पर अपलोड करते थे। इसी फेसबुक पर वीडियो को देखकर इसी वर्ष माह जुलाई में विपिन दूबे निवासी खानपुर, थाना मेजा, जनपद प्रयागराज ने उनसे सम्पर्क कर दोस्ती बढाई और दोस्ती के दौरान विपिन दूबे ने बताया कि असलहा तस्करी में काफी पैसा है तुम दोनों भी काफी पैसा कमा सकते हो। वे दोनों पैसे के लालच में आकर विपिन दूबे से मिलकर असलहा तस्करी का काम करने लगे। विपिन दूबे इन दोनों को पैसा देकर मध्य प्रदेश के जनपद बडवानी के एक सरदार (नाम नही पता) के पास भेजता था। ये दोनों पैसा देकर सरदार से असलहा ले लिया करते थे और मध्य प्रदेश से उन असलहों को लाकर विपिन दूबे को दे दिया करते थे। इसके बदले में विपिन दूबे 7 हजार रुपए प्रति पिस्टल के हिसाब से इन्हें पैसा दे दिया करता था। इस प्रकार ये दोनों अबतक काफी संख्या में असलहा लाकर विपिन दूबे को दे चुके हैं।

# सपा विधायक के गनर पर हमलाकर कारबाइन लूटने वालों का नहीं लगा कोई सुराग

- एक संदिग्ध हमलावर का स्केच जारी, सूचना देने वाले को ईनाम की घोषणा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**जनपद** सुलतानपुर में श्रमजीवी एक्सप्रेस ट्रेन में घुसकर माफिया डॉन मुख्तार अंसारी के भतीजे और मऊ के मोहम्मदाबाद सीट से विधायक मन्नू अंसारी के सरकारी गनर पर चाकुओं से हमलाकर कारबाइन लूटने वाले बदमाशों का अभी तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। एसपी जीआरपी लखनऊ पूजा यादव की ओर से एक संदिग्ध हमलावर का स्केच जारी किया गया है। एसपी ने कहा है कि हमलावर के बारे में सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा और उसे उचित पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा। घटना बीते मंगलवार की है। विधायक मन्नू अंसारी के गनर राकेश श्रमजीवी एक्सप्रेस से जा रहे थे। सुलतानपुर स्टेशन पर पहुंचने से पहले ट्रेन में कुछ अराजकतत्व घुसे और सिपाही से मारपीट कर उसकी कारबाइन छीन ली। इसके बाद अराजकतत्व ट्रेन को रोककर फरार हो गए। ट्रेन जब स्टेशन पर पहुंची तो जीआरपी को इस वारदात की सूचना मिली। तत्काल सिपाही को घायल अस्वस्था में ट्रेन से उतारकर स्टेशन पर लाया गया, जहां से उसे अस्पताल ले जाया गया। घटना के बाद राजगीर से नई दिल्ली जा रही श्रमजीवी एक्सप्रेस ट्रेन काफी देर तक सुल्तानपुर स्टेशन पर रुकी रही। घटना के बाद सुलतानपुर जिले और जीआरपी के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। मामले की जांच पड़ताल कर पुलिस ने कानूनी कार्रवाई प्रारंभ की।

# ऋषि सुनक के पीएम बनने से बनेंगे बेहतर रिश्ते: तिवारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने ऋषि सुनक के ब्रिटेन का प्रधानमंत्री बनने पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। तिवारी ने कहा है कि चूंकि ऋषि सुनक भारतीय मूल के हैं अत: मुझे स्वाभाविक रूप से यह आशा रहेगी कि भारत और ब्रिटेन के बीच राजनैतिक, व्यापारिक और अंतर्राष्ट्रीय कूटनीतिक रिश्ते बेहतर बनेंगे। हम गर्व के साथ कह सकते हैं कि वे भारतीय मूल के हैं। इसके पहले भी दुनिया के कई देशों के राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री भारतीय मूल के हैं अथवा रह चुके हैं, जैसे डॉ. लियो वरदकर आयरलैण्ड, एंटोनियो कोस्टा पुर्तगाल, राजकेश्वर कैलाश पुर्याग मॉरीशस और महेन्द्र पाल चौधरी फिजी देश और सबसे बड़े राष्ट्र अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस भी भारतीय मूल की हैं। कुछ लोग कह रहे हैं कि ऋषि सुनक अल्पसंख्यक होने के बाद भी प्रधानमंत्री बने हैं, उन्हें स्मरण दिलाना चाहता हूं कि हमारे देश भारत में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह, पूर्व राष्ट्रपति स्व. ज्ञानी जैल सिंह, पूर्व राष्ट्रपति स्व. जाकिर हुसैन एवं स्व. फखररुद्दीन अली अहमद भी संवैधानिक पदों पर (राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री) रह चुके हैं।

# मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन कल से दो दिवसीय कलम बंद हड़ताल पर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लोक** निर्माण विभाग मिनिस्ट्रियल कर्मियों की दो दिवसीय हड़ताल लोनिवि के मिनिस्ट्रियल कर्मचारियों की लंबित मांगों की पूर्ति ना होने से लोक निर्माण विभाग के मिनिस्टीरियल संगठनों ने दो दिवसीय हड़ताल करने की घोषणा की है।

लोक निर्माण विभाग मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन के प्रदेश प्रवक्ता सीपी श्रीवास्तव ने बताया कि मिनिस्ट्रियल संगठनों के कई बार मुख्य अभियंता मुख्यालय दो तथा अन्य उच्च अधिकारियों से लगातार वार्ता के बावजूद किसी भी प्रकरणों पर समाधान नहीं किया गया जबकि विभागाध्यक्ष की वार्ता क्रम में कार्यवृत्त जारी हुआ था, कि मिनिस्ट्रियल कर्मचारियों की समस्याओं पर तत्काल कार्यवाही की जाए अपितु मुख्य अभियंता दो तथा उच्च अधिकारी ने कई प्रकरणों को और उलझा दिया, जिससे प्रदेश मिनिस्ट्रियल वर्ग में आक्रोश व्याप्त है मजबूर होकर लोक निर्माण विभाग के मिनिस्ट्रियल के तीनों संगठनों ने 28 व 29 अक्टूबर को दो दिवसीय कलम बंद हड़ताल पर चले जाने की घोषणा की है, जिससे प्रदेश में कार्यरत हजारों मिनिस्टीरियल कर्मचारी दो दिवसीय कलम बंद हड़ताल पर चले जाएंगे। उल्लेखनीय है कि लोक निर्माण विभाग मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन ने मिनिस्ट्रियल वर्ग की विभिन्न समस्याओं को लेकर 8 सितंबर को एकदिवसीय कलम बंद हड़ताल करने की चेतावनी दी थी, इस क्रम में प्रमुख अभियंता विकास विभागाध्यक्ष ने 7 सितंबर को विभाग के कई मिनिस्ट्रियल संगठनों की ग्रीवेंस बैठक में समय बाद मिनिस्ट्रियल कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान किए जाने का आश्वासन देते हुए प्रदेश के समस्त मुख्य अभियंता को तत्काल निर्देश दिए थे।

### भारत अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 14 नवम्बर से

**लखनऊ।** भारत अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 14 नवम्बर से आयोजित किया जा रहा है। भारत अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2022 के सफल आयोजन के लिए यूपी व्यापार प्रोत्साहन प्राधिकरण कानपुर द्वारा जेम बिड 20 अक्टूबर 2022 द्वारा इवेन्ट मैनेजमेन्ट एजेन्सी के चयन हेतु निविदा आमंत्रित की गयी है। इच्छुक निविदादाता अपनी निविदा दिनांक 31 अक्टूबर 2022 के अपराह्न 3 बजे तक जेम पोर्टल पर अपलोड कर सकते है। यह जानकारी मुख्य कार्यकारी अधिकारी उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय कानपुर सर्वेश्वर शुक्ला ने दी। पूर्व की भांति इस वर्ष भी भारत अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2022 का आयोजन फोकस स्टेट के रूप में 14 से 27 नवम्बर 2022 के मध्य प्रगति मैदान नई दिल्ली में किया जा रहा है। मेले के सफल आयोजन हेतु जेम पोर्टल के माध्यम से इवेन्ट मैनेजमेन्ट एजेन्सी का चयन कर स्टालों का निर्माण एवं साज-सज्जा का कार्य कराये जाने के उद्देश्य से जेम पोर्टल पर निविदा आमंत्रित की गयी है।

# लम्पी स्किन डिजीज का 1.50 करोड़ टीकाकरण करने वाला देश का पहला राज्य बना उत्तर प्रदेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**यूपी** लम्पी स्किन डिजीज का 1.50 करोड़ टीकाकरण करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। यह उपलब्धि विगत 2 माह के अभियान की है। देश में दूसरा स्थान गुजरात राज्य का है जहाँ विगत 4 माह में लगभग 63 लाख पशुओं का टीकाकरण किया गया। देश के विभिन्न प्रदेशों में फैली गोवंश की महामारी को समयबद्ध रूप से नियंत्रित करने हेतु मुख्यमंत्री की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में कोविड महामारी की भाँति टीकाकरण का अभियान मिशन मोड में चलाया गया। मंत्री पशुधन धर्मपाल सिंह द्वारा उक्त कार्य का निरन्तर अनुश्रवण करते हुए अस्वस्थ पशुओं की समुचित चिकित्सा किये जाने के निर्देश दिये गये। विभागीय सूत्रों की माने तो वर्तमान में प्रदेश के 32 जनपद लम्पी स्किन डिजीज से प्रभावित हैं। उक्त प्रभावित जनपदों में कुल लगभग 1.05 लाख पशु प्रभावित हुए, जिनकी घर-घर जाकर पशु चिकित्सकों की समुचित चिकित्सा के उपरान्त 1 लाख से अधिक गोवंश रोग मुक्त हो चुके हैं। इस प्रकार प्रदेश में लम्पी स्किन डिजीज से रिकवरी रेट 95 प्रतिशत है, जो देश में एक उत्कृष्ट प्रदर्शन है। प्रदेश में पशुपालन विभाग ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में कई अभिनव प्रयोग किये।

सर्वप्रथम अगस्त के द्वितीय सप्ताह में लम्पी स्किन डिजीज के लक्षण वाले गोवंश पाये जाने पर विभाग द्वारा टीम 9 का गठन किया गया, जिसके वरिष्ठ नोडल अधिकारियों द्वारा प्रदेश के बरेली, मुरादाबाद, मेरठ, सहारनपुर, आगरा एवं अलीगढ़ मण्डलों को सघन भ्रमण कर व्यवस्थाओं को चुस्त.दुरूस्त किया गया। द्वितीय, अभियान को सार्थक बनाने के लिए ऑनलाइन एवं आफलाइन ट्रेनिंग में हाईब्रिड मॉडल अपनाया गया है। टीकाकरण कार्य में पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालयों के छात्रों एवं निजी टीकाकरण कार्यकर्ताओं का भी सक्रिय सहयोग लिया गया। तृतीय रोग की आकस्मिकता को दृष्टिगत रखते हुए 17.50 लाख डोज वैक्सीन की आपात व्यवस्था कर माह अगस्त में ही टीकाकरण प्रारम्भ कर दिया गया। सर्वप्रथम प्रदेश के पश्चिमांचल के 25 प्रभावित जनपदों में रिंग टीकाकरण का कार्य प्रारम्भ किया गया। तत्पश्चात रोग प्रसार पश्चिमांचल के जनपदों से प्रदेश के मध्य एवं पूर्वी प्रदेश में न हो इसलिए शासन द्वारा जनपद पीलीभीत से इटावा तक, नेपाल एवं मध्य प्रदेश के बीच 320 किलोमीटर लम्बाई में 10 किलोमीटर चौड़ी पट्टी बेल्ट वैक्सीनेशन, बनाने का निर्णय लिया गया। बेल्ट वैक्सीनेशन में उक्त क्षेत्र में आने वाले समस्त गोवंश का टीकाकरण किया गया, जिससे रोग की पूर्व की ओर बढ़त को रोकने में सफलता मिली। चतुर्थ चिकित्सकों की टीम द्वारा 26 जिलों में 89 डेडीकेटेड गो चिकित्सा स्थल बनाये गये। 1.50 करोड़ टीकाकरण का कीर्तिमान लगभग 2000 टीमों द्वारा पूर्ण किया गया। लम्पी स्किन डिजीज की रोकथाम हेतु दिनांक 31 अक्टूबर 2022 तक 1.60 करोड़ टीकाकरण किये जाने का लक्ष्य है। अपर मुख्य सचिव पशुधन ने बताया कि मुख्यमंत्री के सतत् मार्गदर्शन तथा पशुधन मंत्री के निरन्तर अनुश्रवण के परिणामस्वरूप लम्पी स्किन डिजीज पर प्रदेश में काफी हद तक नियंत्रण प्राप्त करने में सफलता मिली है। उन्होंने आगामी माह नवम्बर में भी सभी कृषकों तथा पशुपालकों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

# दीपावली पर शहीदों को किया गया नमन

संवाददाता । कमलापुर सीतापुर

**सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल मे है देखना है जोर कितना बाजुये कातिल मन है ।।**

अमर शहीद भगत सिंह की इन पक्तियों को जीवन्त करते हुये क्षेत्र की समाजिक संस्था नई पहल फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं ने शहीदो को नमन किया। सोमवार को दीपावली पर्व पर सामाजिक संस्था नई पहल फाउंडेशन द्वारा कारगिल युद्ध कि नायक सीतापुर का लाल अमर शहीद कैप्टन मनोज पाण्डेय की जन्मस्थली ग्राम रूठा मे स्थित शहीद स्मारक पर आयोजित एक दीया शहीदों के नाम कार्यक्रम मे फाउंडेशन की चैयरमैन माण्डवी मिश्रा ने कहा कि सेना के जवान दिन रात देश की शथहदो की सुरक्षा करते है ए जिससे कि हम और हमारा परिवार चैन कि नींद सो सके । शहीदों की शहादत सदैव हमारे दिल मे रहेगी ए हमे अपने बच्चो को शहीदो के बारे मे जानकारी देंनी चाहिए। इस मौके पर आरूषी तिवारी ने कैप्टन मनोज पाण्डेय के परिजनों को फल मिठाई और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया । इस मौके पर रालोद के जिला अध्यक्ष आरपी सिंह चौहान ए कौशल किशोर पाण्डेय ए ज्ञानू पाल एसंगीता मिश्रा विभोर सिंहए सत्यप्रकाश सिंहए एस एआई शिव प्रसाद पाण्डेयए आरक्षी जितेन्द्र गुजर सहित गांव के गणमान्य लोग मैजूद रहे ।

## सीतापुर में धूमधाम से मनाया गया दीपोत्सव

- बच्चों और बड़ों ने जलाएं दीपक की लक्ष्मी की पूजा
- घरों में रंगोली बनाकर महिलाओं ने जलाए दीपक

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर जनपद** में धूमधाम से दिवाली का पर्व लोगों ने खुशियों के साथ मनाया! बच्चों और बड़ों ने खूब पटाखे व रवाईइज छोड़ी। घरों में महिलाओं ने रंगोली बनाकर दिया जलाया! घरों में लक्ष्मी की पूजा भी हुई! बुधवार को गोवर्धन की पूजा भी लोगों ने एक दूसरे को बधाई भी दी!







## अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष पर धोखाधड़ी की एफआईआर के आदेश

**संडीला(हरदोई)।** अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष द्वारा कथित रूप से फर्जी आदेश से सरकारी जमीन पर कब्जा करने के मामले में न्यायलय के आदेश पर एफआईआर दर्ज करने के आदेश के बाद एफआईआर दर्ज की जा रही है। ग्राम मलैंया निवासी सुंदरलाल पुत्र अमर सिंह ने न्यायलय में याचिका दाखिल कर कहा था कि ग्राम समाज की गाटा संख्या 672 तालाब के रूप में दर्ज है। इस तालाब की जमीन को ग्राम मलैंया निवासी एवं अधिवक्ता समिति के पूर्व अध्यक्ष द्वारा तत्कालीन लेखपाल कन्हैया लाल के साथ हेर फेर करके गाटा संख्या 133/9 की साढ़े चार बीघा जमीन अपने पिता के नाम एसडीएम के आदेश का हवाला देते हुए दर्ज करा ली जबकि खाता सं0 141/12 में पांच बीघा भूमि उन्होंनें अपनी पत्नी के नाम पट्टा करा दी। बाद में यह भूमि उनके ही अपने डिग्री कॉलेज को बेच दी गयी। इस डिग्री कॉलेज के प्रबंधक उक्त अधिवक्ता स्वंय ही हैं। अमर सिह ने इस मामले की सूचना पहले डीएम और एसपी को दी लेकिन अधिकारियों द्वारा कोई कार्यवाई नहीं की गयी। बाद में उन्होंनें न्यायलय की शरण ली तथा न्यायलय के आदेश पर पुलिस धोखा धड़ी की एफआईआर दर्ज कर रही है।

## क्विक न्यूज

### रेउसा के गांव में निकली जागरूकता रैली

**रेउसा सीतापुर ।** रेउसा क्षेत्र के ईट गांव प्राथमिक विद्यालय में बच्चों द्वारा पोलियो उन्मूलन के लिए निकाली गई जागरूकता रैली। कोर ग्रुप पोलियो परियोजना के तहत ईंट गांव के प्राथमिक विद्यालय में विश्व पोलियो दिवस मनाया गया। जिसमें बच्चों के द्वारा पोलियो उन्मूलन के लिए जागरूकता रैली निकाली गई। विद्यालय के बच्चों द्वारा पोलियो जागरूकता के स्लोगन बोलते हुए जागरूकता संदेश दिया गया। जागरूकता रैली को गांव भर में घुमाया गया और लोगों को पोलियो की दवाई पिलाने के प्रति जागरूक किया गया। स्कूल में आयोजित पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम में बीएमसी क्षमा अवस्थी अध्यापक सुरेंद्र कुमार बृजेश दिगंबर सिंह सुभाष एवम सीएमसी आंचल सिंह अनीता गुप्ता आदि ने लोगों को पोलियो के प्रति जागरूक किया।

### डेंगू ग्रसित मरीजों के घर का स्वास्थ्य टीम ने किया भ्रमण



**लखीमपुर-खीरी।** डेंगू के मरीज निकलने के उपरांत अपर मुख्य चिकित्साधिकारी/जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ अनिल गुप्ता द्वारा स्वास्थ्य टीम के साथ पुरानी गल्ला मंडी लखीमपुर में डेंगू से ग्रसित मरीजों के घर का भ्रमण किया गया। जिसमे 5 बच्चे का कार्ड टेस्ट प्राइवेट लैब से कराया गया था, जो की रिएक्टिव था। एहतियात के तौर पर डॉ. अनिल कुमार गुप्ता द्वारा डेंगू कन्फर्म करने हेतु एलिजा टेस्ट लगाने के लिए ब्लड सैंपल एकत्र कर एमसीएच विंग ओयल भेजने हेतु निर्देशित किया एवं फोगिंग कराने हेतु निर्देश दिए गए तथा पूरी आस्तीन के कपडे पहने और मलेरिया की टीम को क्षेत्र का भ्रमण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिचित कराते हुए कृत कार्यवाही से अवगत कराये जाने हेतु कहा गया एवं नालियों में एंटीलार्वा का स्प्रे कराया गया। वहीं भ्रमण के दौरान परिजनों द्वारा बताया गया कि मरीज पहले से अब स्वस्थ हैं और इलाज ले रहे हैं। अनुज प्रताप सिंह डीजीएम के द्वारा बताया पुराने टायर, गमलो, कूलर टायर इत्यादि में पानी एकत्र न होने दे साफ पानी में ही डेंगू का मच्छर पनपते हैं। भ्रमण के दौरान देव नंदन श्रीवास्तव, सुरेश एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### मनाया गया भाजपा आईटी सेल संयोजिका टीनू चंद्रा रावत का जन्मदिन

**शिवगढ़ रायबरेली।** शिवगढ़ मण्डल से भाजपा आईटी सेल की संयोजिका टीनू चंद्रा रावत का धूम.धाम से जन्म दिन मनाया गया। भाजपा एवं अपना दल एस गठबंधन से बछरावां से विधानसभा प्रत्याशी रहे लक्ष्मीकांत रावत ने जहां अपने कार्यालय में धूमधाम से टीनू चंद्रा रावत का जन्मदिन मनाया तो वहीं शिवगढ़ क्षेत्र के बैंती स्थित अपने निज आवास पर टीनू चंद्रा रावत ने केक काटकर जन्मदिन मनाया। अपने जन्मदिन पर टीनू चंद्रा रावत ने केक काटकर पूर्व बैंती प्रधान एवं प्रधान प्रतिनिधि जानकी शरण जायसवालए संतोष जायसवालए शैलेंद्र तिवारीए छायाए राजलक्ष्मीए चाचा कमल किशोर रावतए सोनू बाजपेईएमां सावित्रीए चाची बबिताए लक्ष्मीकांत रावत सहित लोगों को केक खिलाकर खुशी का इजहार किया। व्यक्तिगत से लेकर सोशल मीडिया तक दिन भर टीनू चंद्रा रावत को बधाइयां देने का सिलसिला जारी रहा। इस मौके पर टीनू चंद्रा रावत ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि सुबह से सैकड़ों लोगों ने जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। जन्मदिन की शुभकामनाएं देने वाले सभी लोगों का मैं तहे दिल से आभार प्रकट करती हूंए और आकांक्षा है कि इसी तरह आगे भी आप सभी का स्नेह और आशीर्वाद हमेशा बना रहेगा। उन्होंने कहा कि मैं पिता तुल्य चाचा लक्ष्मीकांत रावत जी हृदय की गहराइयों से आभार प्रकट करती हूं जिन्होंने अपने कार्यालय पर हमारा जन्मदिन मनाकर अपना आशीर्वाद देते हुए पिता की कमी को पूरा किया। लक्ष्मीकांत रावत ने टीनू चंद्रा को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि तुम हंसती रहो ऐसे हजारों के बीच मेंए हंसता है फूल जैसे हारो के बीच में रोशन रहो आप दुनिया में बिल्कुल उसी तरह जैसे गगन चांद तारों के बीच में।

# डीएम के निर्देश पर एडीएम ने पंचायत घर अमीर नगर में लगाई चौपाल, किया जागरूक

- एडीएम ने की चार लेखपाल, एक कानूनगो को प्रतिकूल प्रविष्टि देने की संस्तुति, मचा हड़कंप
- घूराहा, गरदहा पहुंचे एडीएम, पराली न जलाने को लेकर किया जागरूक, दी विधिक प्रावधानो की जानकारी

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**डीएम महेंद्र** बहादुर सिंह के निर्देश पर एडीएम संजय कुमार सिंह ने तहसील गोला व ब्लाक कुंभी की ग्राम पंचायत अमीरनगर के पंचायत घर में चौपाल लगाकर पराली ना जलाए जाने के संबंध में जागरूक किया एवं विधिक प्रावधानों की जानकारी दी।

चौपाल को संबोधित करते हुए एडीएम संजय कुमार सिंह ने कहा कि सभी किसानों को अवगत हो कि पराली/फसल अवशेष खेतों में जलाने के कारण पर्यावरण को होने वाले नुकसान तथा भूमि की उर्वरा शक्ति के निरंतर क्षति के दृष्टिगत शासन तथा मा0 राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा पराली/फसल अवशेष खेत में जलाने पर क? प्रतिबंध लगाए गए है, तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्रकरण को गंभीरता से लिया गया है। साथ ही शासन/एनजीटी द्वारा दो एक? से कम रकबे पर पराली जलाने पर दो हजार पांच सौ रुपए, 02 से 05 एक? रकबे पर पराली जलाने पर पांच हजार तथा 05 एक? से अधिक रकबे पर पराली जलाने पर 15 हजार का जुर्माना अधिरोपित किया गया है।एडीएम ने सभी किसान भाइयों से अपील की कि फसलों की कटाई कंबाइन हार्वेस्टर में सुपर एसएमएस तथा अन्य फसल अवशेष प्रबंधन के यंत्रों का प्रयोग अवश्य करें तथा पराली/फसल अवशेष को खेतों में ना जलाएं, धान से निकलने वाला पुआल खंड विकास अधिकारी/ ग्राम पंचायत विकास अधिकारी तथा सहायक विकास अधिकारी (कृषि) के माध्यम से समीप की गौशाला पर भी दिया जा सकता है।

# हजरत रब्बानी शाह कादरी 'झाड़ी शाह' का उर्स 28 अक्टूबर से, लगेगा मेला

**संडीला( हरदोई )।** मशहूर सूफी बुजुर्ग हजरत सैयद रब्बानीशाह कादरी उर्फ झाड़ी का शाह उर्स और मेला 28 अक्टूबर से शुरू होकर 5 नवंबर तक चलेगा। उर्स और मेला के अध्यक्ष और दरगाह के सज्जादा नशीन सूफी शहनवाज आलम ने मीडियाकर्मियों को बताया कि उर्स और मेले का आगाज 28 अक्टूबर को होगा। इस उद्घाटन एसडीएम देवेन्द्र पाल सिंह तथा सीओ महावीर सिंह संयुक्त रूप से करेगे। मेले का आगाज़ कुरआन ख्वानी से होगा और इसके बाद परचम कोशाई की जाएगी। इसके अलावा ईद मिलादुननबी और जलसा दसतारबंदी भी होगा। 29 अक्टूबर को रात 9 बजे ऑल इंडिया मुशायरा, 30 व 31 अक्टूबर को कुश्ती प्रतियोगिता और कव्वाली के प्रोग्राम होंगे। 1 नवंबर को कुल शरीफ और लंगर आम होगा, 2 नवंबर को गुस्ल शरीफ तथा संदल एवं कव्वाली, 3नवंबर की रात कवि सम्मेलन, 4 नवंबर को चरागांह गौसपाक तथा सम्मान समारोह, 5 नवंबर को जवाबी कव्वाली होगी। गौरतलब है कि यह उर्स एवं मेला क्षेत्र में सबसे बड़ा और विशाल है। इस उर्स में महाराष्ट्र सरकार के अलावा तमाम राजनीतिक हस्तियों की ओर से चादरपोशी भी की जाती है। इस मौके पर मेला इंचार्ज कदीर पहलवान के अलावा अन्य पदाधिकारी यथा अमान खां, मो0 हसनैन, अंसार असारी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।



आस्ताना झाड़ी शाह

# फसल अवशेष न जलाकर करें प्रशासन का सहयोगःडीएम

- मोहम्मदी के रेहरिया गॉव में डीएम ने लगाई चौपाल किसानों को किया जागरूक
- डीएम ने दिलाया फसल का अवशेष न जलाने का संकल्प

संवाददाता। लखीमपुर खीरी





**बुधवार को** डीएम महेंद्र बहादुर सिंह सीडीओ अनिल कुमार सिंह के संग तहसील व ब्लॉक मोहम्मदी के संविलियन विद्यालय रहरिया पहुंचे, जहां उन्होंने चौपाल लगाकर आसपास के ग्रामो के किसानों को पराली जलाने के नुकसान बताएं, पराली ना जलाए जाने में सहयोग मांगा।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि एनजीटी व मा. न्यायालय के निर्देश पर उच्चस्तर से पराली जलाने की घटनाओं को सेटेलाइट से मॉनिटरिंग किया जा रहा है। इसलिए कोई भी किसान फसल अवशेष कदापि ना जलाएं। अन्यथा प्रशासन को कार्यवाही के लिए बाध्य होना प?ेगा। उन्होंने किसानों को फसल अवशेष न जलाने का संकल्प दिलाते हुए आसपास के ग्रामीणों व किसानों को इस संदेश व संकल्प को प्रसारित करने की बात कही।

डीएम ने कहा कि किसानभाई फसल अवशेष को प्रधान के जरिए निकटवर्ती गो आश्रय स्थल भिजवाए। पराली की घटनाओं को पूर्णतया अंकुश लगाने के लिए प्रशासन का सहयोग करें। सभी किसान भाइयों से अपील की कि फसलों की कटाई कंबाइन हार्वेस्टर में सुपर एसएमएस तथा अन्य फसल अवशेष प्रबंधन के यंत्रों का प्रयोग अवश्य करें तथा पराली/फसल अवशेष को खेतों में ना जलाएं, धान से निकलने वाला पुआल खंड विकास अधिकारी/ ग्राम पंचायत विकास अधिकारी तथा सहायक विकास अधिकारी (कृषि) के माध्यम से समीप की गौशाला पर भी दिया जा सकता है।फसल अवशेष जलाने वालों का प्रशासन के डाटा उपलब्ध है, वह अपना नियमानुसार अनुमन्य जुर्माना जमा कर दें। उन्होंने बताया कि मोहम्मदी में 23 अक्टूबर को 17 घटनाएं एवं 24 अक्टूबर को 31 सहित कुल (38 घटनाएं) फसल जलाने की घटनाएं प्रकाश में आई। इसके अलावा गोला में 20 घटनाएं व लखीमपुर व निघासन क्षेत्र में एक-एक फसल अवशेष जलाने सेटेलाइट से प्रकाश में आई। किसान भाइयों के आग्रह पर डीएम ने कहा कि यदि अगले 03 दिनों में पराली जलाने की घटना प्रकाश न आई तो वह थाने में ख?ी कंबाइन मशीनों को छो?ने पर विचार करेगे।

सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने मौजूद किसान भाइयों को शांतिपूर्ण एवं हर्षोल्लास के साथ त्योहारों के संपन्न होने की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मा. न्यायालय एवं एनजीटी सख्ती से पराली जलाने की घटनाओं को मॉनिटर कर रहा। मौजूद सभी संभ्रांत किसान समाज के अभिभावक हैं, यहां प्राप्त संदेश को गांव-गांव में प्रसारित करें। पराली जलाना अपराध की श्रेणी में आता है। प्रशासन चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद रहकर निगाहेबानी कर रहा है। लोगों को जागरूक करें ताकि लोग जाने अनजाने में भी पराली जलाने की घटनाओं को कारित ना करें। आपके सहयोग के बिना इन घटनाओं को रोकना संभव नहीं है। चौपाल के अंत में मौजूद किसानों ने डीएम के समक्ष प्रशासन को आश्वस्त किया कि वह फसल अवशेष/पराली को नहीं जलाएंगे, प्रशासन का पूरा सहयोग करेंगे। प्रशासन के संदेश एवं अपील को जन-जन तक पहुंचाएंगे। चौपाल में उप कृषि निदेशक अरविंद मोहन मिश्रा, एसडीएम पंकज श्रीवास्तव, सीओ अरविंद कुमार वर्मा, तहसीलदार संतोष शुक्ला, प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह, सहित आसपास के गांव के प्रधान एवं संभ्रांत किसान एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# दीपावली के बाद करवटें बदलने लगा विधानसभा गोला का उपचुनाव

- वैसे भी चुनाव को लेकर भाजपा ने संगठन व मंत्रियों, विधायकों की फौज उतार रखी है

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ-खीरी

**दीपावली के** पर्व के बाद विधानसभा गोला का होने वाला उप चुनाव बदलने की सम्भावना प्रबल थी पर चुनाव पहले की तुलना में तग?ा हो गया है। अब और कडा संघर्ष बनता दिखाई प?ने लगा है। बताते चलें कि चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित कराने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आना सुनिश्चित है वहीं सपा के प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित कराने के लिए सपा सुप्रीमों अखिलेश यादव का भी आना लगभग तय है। वैसे भी चुनाव में उ.प्र. सरकार ने जहां प्रतिष्ठा बनाई है और भाजपा संगठन व मंत्रियों, विधायकों की फौज उतार रखी है। वहीं दूसरी तरफ सपा ने भी कमर कस ली है। सपा के तमाम शीर्ष नेताओं ने डेरा डाल कर सपा के प्रत्याशी की ताकत ब?ाई है। हालात और समीकरण लगभग सपा के पक्ष में है पर सपा सुप्रीमों अखिलेश यादव के आने के बाद ही चुनाव चुनावी रंग में रंगने की सम्भावना है। गौरतलब हो कि गोला विधानसभा का चुनाव क्षेत्र के लोकप्रिय व विकास पुरुष विधायक के निधन से खाली हुई थी जिसमें उनके पुत्र अमन गिरि व सपा ने पूर्व विधायक विनय तिवारी आमने सामने हैं जिसमें भाजपा प्रत्याशी अमन गिरि को अपने पिता की सहानुभूति का लाभ मिलता दिख रहा है। वहीं दूसरी तरफ सपा सुप्रीमों मुलायम सिंह यादव की बीमारी से हुई। अचानक मौत की सहानुभूति और किसानों के गन्ना मूल्य का भुगतान व धान की खरीद में शासन के दर से हटकर मनमाने दर पर उधार खरीद, शिक्षित बेरोजगार, सरकारी भूमि को राजस्व अभिलेखों में हेरफेर कर उसकी बिक्री व आवासीय प्लाटिंग करना जैसी गंभीर समस्या ने रंग दिखाया तब भाजपा के लिए यह चुनाव कठिन हो सकता है। फिलहाल चुनाव में सबसे खास बात है कि भाजपा व सपा दोनों के समर्थकों में जोश अधिक दिखाई प? रहा है नेताओं की दौ? और कडी मेहनतके बावजूद मतदाताओं की चुप्पी व खामोशी से परेशानी व ध?कनें तेज है और भाजपा के प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित कराने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व सपा के प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित कराने के लिए सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के आने व चुनावी सभा में उम?ने वाली भी? से लगभग तस्वीर साफ होगी।

# पेज एक का शेष

## परमाणु विकल्प...

निशाना बनाकर मिसाइल हमले शुरू कर दिए हैं जिसके बाद दोनों के बीच टकराव बढ़ गया है। विस्फोट के लिए रूस ने यूक्रेन को जिम्मेदार ठहराया। यूक्रेन में भारतीय दूतावास ने अपने नागरिकों से वहां नए सिरे से बिगड़ती स्थिति के मद्देनजर जल्द से जल्द देश छोड़ने को कहा है।

## कांग्रेस में...

की सबसे पुरानी पार्टी बेहद संघर्ष के दौर से गुजर रही है। पार्टी लगातार दो लोकसभा चुनाव हार चुकी है और राज्यों को भी एक के बाद एक खोती जा रही है। कांग्रेस अभी अपने दम पर सिर्फ दो राज्यों में सत्ता में है और तत्काल उसे हिमाचल प्रदेश और गुजरात में विधानसभा चुनाव में मैदान में उतरना है। दोनों राज्यों में उसे आक्रामक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और एक आम आदमी पार्टी (आप) से मुकाबला करना है। मौजूदा चुनौतियों को स्वीकार करते हुए खड़गे ने कहा कि हिमाचल प्रदेश और गुजरात के साथ-साथ अन्य राज्यों में भी चुनाव होंगे तथा भाजपा को पराजित करने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को अपना सर्वस्व दांव पर लगाना होगा। उन्होंने भाजपा पर कांग्रेस द्वारा स्थापित लोकतंत्र को कमजोर करने का आरोप लगाया। खड़गे ने नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित समारोह में कहा कि हमें इन राज्यों में जोरदार प्रदर्शन करना होगा और हमें इन राज्यों में सफल होने के लिए सभी की ताकत और ऊर्जा की जरूरत होगी। इस मौके पर भावुक खड़गे ने कहा कि हम सब महात्मा गांधी के सिपाही हैं और हम किसी से नहीं डरते हैं। जब कांग्रेस का कार्यकर्ता अपने अंदर से डर को निकाल देगा तो बड़े से बड़ा साम्राज्य भी घुटने टेक देगा। इसीलिए मैं राहुल गांधी के शब्दों 'डरो मत' को याद करता हूं। यही नारा हम आगे लेकर चलेंगे।

## नोट पर...

करता हूं कि हमारे नोटों पर एक तरफ महात्मा गांधी की तस्वीर है। यह जिस स्थिति में है, वैसी ही रहनी चाहिए, लेकिन दूसरी तरफ भगवान गणेश और लक्ष्मी के चित्र छपे होने चाहिए। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि वह चलन में मौजूद सभी नोटों को बदलने की मांग नहीं कर रहे हैं, लेकिन उनका सुझाव है कि हर महीने छापे जाने वाले नए नोटों में भगवान गणेश और लक्ष्मी के चित्र शामिल किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि इस तरह कुछ अवधि में बड़ी संख्या में इस तरह के नोट चलन में आ जाएंगे। आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने स्पष्ट किया कि उनका सुझाव किसी के खिलाफ नहीं है। उन्होंने कहा कि यहां तक कि इंडोनेशिया, जिसकी 85 फीसदी से अधिक आबादी मुस्लिमों की है और जहां दो प्रतिशत से भी कम हिंदू हैं, उसके करेंसी नोटों पर भगवान गणेश का चित्र है। केजरीवाल ने दावा किया कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए के लगातार कमजोर होने के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था नाजुक स्थिति से गुजर रही है और आम आदमी को इसकी मार झेलनी पड़ रही है। मालूम हो कि मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में कमी आने से भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सात पैसे मजबूत होकर 82.81 रुपए के स्तर पर पहुंच गया था।

## दिल्ली के...

रहे हैं, क्योंकि आप सरकार ने हाल ही में पटाखों के साथ दिवाली मनाने वाले लोगों को कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी थी। पात्रा ने हाल ही में एक विवादास्पद धर्मांतरण कार्यक्रम में आप नेता राजेंद्र पाल गौतम की मौजूदगी का भी जिक्र किया, जहां कथित तौर पर हिंदू देवी-देवताओं की पूजा नहीं करने का संकल्प लिया गया था। उन्होंने कहा कि गौतम ने हिंदू देवी-देवताओं को अपशब्द कहे और उनका मजाक उड़ाया , लेकिन वह आप में बने हुए हैं। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने केजरीवाल की इस मांग की आलोचना करते हुए इसे चुनावों से पहले अपने पार्टी के भयावह हिंदू विरोधी चेहरे को छिपाने की नाकाम कोशिश करार दिया। तिवारी ने कहा कि केजरीवाल ने जो कुछ भी कहा है, यदि वह उनके लिए वाकई मायने रखता है तो उन्हें हिंदू देवी-देवताओं के खिलाफ विवादित टिप्पणी करने के लिए दिल्ली के मंत्री राजेंद्र पाल गौतम और आप की गुजरात इकाई के अध्यक्ष गोपाल इटालिया को पार्टी से निकाल देना चाहिए। वहीं, केजरीवाल की इस मांग के समर्थन में पूरी आम आदमी पार्टी उतर गई है। पार्टी विधायक एवं प्रवक्ता नरेश बाल्यान ने तो ट्वीट कर यहां तक कह दिया कि भाजपा वालों को यदि गणेश जी एवं लक्ष्मी जी से दिक्कत है तो वे पाकिस्तान चले जाएं। सांसद संजय सिंह, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, विधायक आतिशी ने सवाल उठाया कि आखिर भाजपा नेता भगवान गणेश और लक्ष्मी जी का विरोध क्यों कर रहे हैं?

## गाजियाबाद में...

वरुण पर हमला कर दिया। उनकी संख्या 4-5 थी। उसके दोस्तों को भी पीटा। वरुण हमलावरों के बीच में घिर गया। उस पर ईंट से हमला किया गया। वायरल वीडियो हमलावर जमीन पर बेसुध पड़े वरुण को ईंट से मारता हुआ नजर आ रहा है। हमलावरों ने उसकी कार पर भी ईंटें बरसाईं। बाद में वो भाग निकले। इसके बाद दोस्त और आसपास के लोग वरुण को अस्पताल ले गए। मृतक वरुण के पिता कुंवरपाल सिंह दिल्ली पुलिस के रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर हैं। रिटायरमेंट के बाद वे गांव जावली में दूध की डेयरी चलाते हैं। इसी डेयरी पर उनका बेटा वरुण सिंह रहता था। परिजनों ने थाना टीला मोड़ में एफआईआर दर्ज कराई है। उसमें मृतक वरुण के उन्हीं दो दोस्तों संजय कुमार और दीपक रावत को नामजद किया है, जो वरुण के साथ होटल गए थे। पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया है। हालांकि, पूछताछ में दोनों की संलिप्तता पुलिस को अभी तक नहीं मिली है। इतना पता चला है हमलावरों ने शुरुआत ने वरुण और उसके दोनों दोस्तों को भी पीटा था, लेकिन दोनों दोस्त छूटकर भाग गए और वरुण घिर गया। एसपी सिटी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पांच पुलिस टीमें गठित की गई हैं। अभी तक हमलावरों के बारे में कोई सटीक जानकारी नहीं मिल पाई है।

## तमिलनाडु एनआईए...

संबंधों के उभरने की आशंका के चलते उठाया गया है। राज्य में समग्र कानून व्यवस्था और सुरक्षा परिदृश्य की स्टालिन की समीक्षा के दौरान, कोयंबटूर सहित तमिलनाडु के प्रमुख शहरों में उच्च प्रौद्योगिकी वाले अतिरिक्त निगरानी कैमरे स्थापित करने का निर्णय लिया गया। सरकार ने सुरक्षा को और मजबूत करने के उपायों के तहत कहा कि वह कोयंबटूर के तीन इलाकों-करुंबु कड़ाई, सुंदरपुरम और कौंडमपलयम में नए पुलिस स्टेशन स्थापित करेगी। स्टालिन ने अधिकारियों को खुफिया प्रकोष्ठ में अतिरिक्त कर्मियों को तैनात करने और सूचना प्रदाताओं को प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया। दीपावली से एक दिन पहले सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील उक्कदाम इलाके में कोट्टई ईश्वरन मंदिर के सामने विस्फोट होने के कारण शहर में कड़े सुरक्षा बंदोबस्त किए गए थे। बैठक में मुख्य सचिव वी. इराई अंबू, गृह सचिव के. फणींद्र रेड्डी, पुलिस महानिदेशक सी. सिलेंद्र बाबू और अन्य ने भाग लिया। इस बीच, 100 से अधिक भाजपा कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने प्रार्थना सभा का आयोजन किया और एक बड़ी आपदा से शहर और लोगों की रक्षा करने के लिए कोट्टई ईश्वरन मंदिर के अधिष्ठाता देवता भगवान शिव का धन्यवाद करने के वास्ते मंदिर के सामने दीप प्रज्ज्वलित किए। भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष और कोयंबटूर दक्षिण से विधायक वनथाई श्रीनिवासन के नेतृत्व में महिलाओं के एक समूह ने दीए जलाए। एनआईए ने मुबीन से 2019 में इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) की विचारधारा के कथित प्रचार-प्रसार के मामले में पूछताछ की थी। गौरतलब है कि कोयंबटूर में वर्ष 1998 में बम विस्फोट हुए थे।

## पराली पर...

लेकर बहुत गंभीर है। उन्होंने कहा, हमने किसानों को वित्तीय मदद की और उन्हें पराली जलाने के दुष्प्रभावों से परिचित कराया तथा उनके सहयोग से इसपर अंकुश लगाने में हम सफल हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, इसे (इस मुहिम को) आगे ले जाने के लिए, हम पराली पर न्यमूनत समर्थन मूल्य घोषित करने तथा किसानों से खरीदकर इसे उद्योगों को उनके उपयोग के लिए देने पर विचार कर रहे हैं। अध्ययनों से सामने आया है कि अक्टूबर-नवंबर में दिल्ली की हवा जो सांस लेने के लायक नहीं रह जाती है, उसके लिए काफी हद तक पराली जलाए जाना जिम्मेदार है।

## केरल के...

मोर्चा (एलडीएफ) मंत्रिमंडल से बालगोपाल को हटाने या बर्खास्त करने की मांग नहीं की है लेकिन विजयन को लिखे पत्र का संदेश यही है। उच्च पदस्थ सूत्र ने बताया कि विजयन ने अपने जवाब में कहा कि देश के संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों एवं परंपरा के मुताबिक बयान राज्यपाल के मंत्री के प्रति विश्वास का आधार नहीं हो सकता। सूत्रों के मुताबिक राज्यपाल स्वीकार करेंगे कि इस मामले में आगे किसी कार्रवाई की जरूरत नहीं है।

# आतंकी उद्देश्यों के लिए नई व उभरती प्रौद्योगिकियों के उपयोग से निपटने पर होगा मंथन

● यूएनएससी आतंकवाद निरोधक समिति की बैठक 28-29 अक्टूबर को भारत में

**भाषा**। नई दिल्ली

**संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद** की आतंकवाद निरोधक समिति की विशेष बैठक 28 और 29 अक्टूबर को मुम्बई एवं नई दिल्ली में होगी जिसमें आतंकवादियों द्वारा इंटरनेट, नई भुगतान प्रणालियों और ड्रोन उपयोग से निपटने के तौर-तरीकों पर विचार किया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र में भारतीय राजदूत रुचिरा कंबोज ने यहां संवाददाताओं को बताया कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आतंकवाद निरोधक समिति (यूएनएससी-सीटीसी) भारत में होने वाले आतंकवाद रोधी सम्मेलन में आतंकवादियों द्वारा इंटरनेट, नई भुगतान प्रणालियों और ड्रोन के उपयोग से निपटने पर विचार करेगी। उन्होंने कहा, आतंकवाद अंतराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा के लिए सबसे गंभीर खतरों में से एक है जिसका मानवता को सामना करना पड़ रहा है। कंबोज ने कहा कि आतंकवाद अच्छा या बुरा नहीं हो सकता और जो लोग इस तरह की बातें करते हैं, उनका अपना एजेंडा होता है। उन्होंने कहा, आतंकवाद को किसी भी तरह से उचित नहीं ठहराया जा सकता है... चाहे वह किसी भी स्थान पर और किसी के भी द्वारा अंजाम दिया जा रहा हो। वहीं, विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) संजय वर्मा ने कहा कि यूएनएससी-सीटीसी द्वारा भारत में दो दिवसीय आतंकवाद रोधी सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है जिसकी शुरुआत 28 अक्टूबर को मुम्बई से होगी। उन्होंने बताया कि इसका मुख्य विषय आतंकी उद्देश्यों के लिए नई एवं उभरती प्रौद्योगिकियों के उपयोग से निपटना है। उन्होंने बताया कि 28 अक्टूबर को, मुम्बई में होटल ताजमहल पैलेस में 26/11 आतंकी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। विदेश मंत्री एस जयशंकर मौजूद रहेंगे। इसमें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के 15 सदस्य, 5 आसन्न सदस्य सहित अन्य प्रतिनिधि शामिल होंगे और ये स्मारक स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

वर्मा ने कहा कि ब्रिटेन के विदेश मंत्री जेम्स क्लेवरली, गेबन के विदेश मंत्री एवं इस महीने यूएनएससी के अध्यक्ष माइकल मूला अदामो, घाना के विदेश मंत्री रीम अब्राहम अल हाशमी, यूएई के अंतरराष्ट्रीय सहयोग मंत्री तारिक अहमद समेत अन्य देशों के विदेश मंत्री भारत में संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद निरोधक समिति के सम्मेलन में सम्मिलित होंगे। उन्होंने बताया कि यूएनएससी सीटीसी शिष्टमंडल का नेतृत्व संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद निरोधक कार्यालय में अवर महासचिव ब्लादिमीर वोरोनकोव करेंगे। बैठक में पहले दिन आतंकवाद के वित्तपोषण से स्थानीय एवं वैश्विक परिप्रेक्ष्य में मुकाबला करने के विषय पर अनौपचारिक चर्चा होगी। इससे पहले आतंकवाद के पीड़ितों के संदर्भ में विदेश मंत्री जयशंकर और गेबन के विदेश मंत्री एक बयान पढ़ेंगे।

29 अक्टूबर को नई दिल्ली में बैठक होगी जिसमें तीन बिन्दुओं पर आधारित एजेंडे पर चर्चा होगी। इसमें आतंकवादियों द्वारा सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के दोहन से मुकाबले, आतंकवादियों द्वारा इंटरनेट एवं नए भुगतान तौर तरीकों के दुरुपयोग से निपटने और ड्रोन सहित मानव रहित वाहन के उपयोग से निपटने को लेकर चर्चा होगी। वर्मा ने कहा कि ऐसी उम्मीद की जाती है कि यूएनएससी सीटीसी की बैठक के परिणाम दिसंबर में भारत की संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता के दौरान मददगार होंगे। इस दौरान 15 दिसंबर 2022 को वैश्विक आतंकवाद रोधी ढांचा : सिद्धांत एवं आगे का मार्ग पर चर्चा होगी। सीटीसी शाखा के प्रमुख डेविड सचारिया ने कहा कि नई एवं उभरती प्रौद्योगिकी के काफी लाभ है और कोविड काल में हमने इसका अनुभव किया है लेकिन अगर यह आतंकवादियों के हाथ में चली जाए तब इसका अत्यंत प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि ऐसे में सभी सदस्यों देशों ने अनुभव किया कि यह समय इस दिशा में कदम उठाने का है और इस संबंध में हमारे सभी प्रयास वैश्विक होने चाहिए।

# उपराष्ट्रपति धनखड़ ने स्वर्ण मंदिर में मत्था टेका



**अमृतसर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को यहां स्वर्ण मंदिर में मत्था टेका। धनखड़ ने लंगर में भी हिस्सा लिया और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के प्रमुख हरजिंदर सिंह धामी ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। धामी ने पहले मीडिया से कहा था कि एसजीपीसी सिख कैदियों की रिहाई को लेकर उपराष्ट्रपति को एक ज्ञापन भी सौंपेगी। उन्होंने कहा था कि यह मुद्दा समुदाय के लिए सबसे महत्वपूर्ण है क्योंकि सिख कैदियों को उनकी सजा पूरी होने के बाद भी रिहा नहीं किया गया है। पिछले महीने एसजीपीसी ने सिख कैदियों की रिहाई के मुद्दे पर चर्चा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने का समय मांगा था। धनखड़ के अमृतसर दौरे के लिए सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। वह जलियांवाला बाग, दुर्गियाना मंदिर और राम तीर्थ मंदिर भी जाएंगे।

## संवेदनशील पदों की पहचान हो, निर्दिष्ट समय-सीमा में अधिकारियों का तबादला हो: सीवीसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, उपक्रमों और केंद्र सरकार के विभागों से नियमित रूप से संवेदनशील पदों को चिह्नित करने और उन पर बैठे अधिकारियों का निर्दिष्ट समय-सीमा में तबादला करने को कहा है। सीवीसी के संज्ञान में आया था कि अनेक संस्थान संवेदनशील पदों की पहचान के बारे में सच्ची भावना से दिशानिर्देशों का पालन नहीं कर रहे। आयोग ने एक आदेश में कहा कि भ्रष्टाचार रोकने के लिए आयोग की पृथक इकाई के रूप में काम करने वाले मुख्य सतर्कता अधिकारियों (सीवीओ) को संबंधित संस्थानों के मुख्य कार्यकारियों या प्रबंधन के साथ परामर्श करते हुए उनके यहां संवेदनशील पदों को चिह्नित करना चाहिए। 25 अक्टूबर के आदेश में कहा गया, भविष्य में हर तीन साल के अंतराल के बाद संवेदनशील पदों की समीक्षा और उन्हें चिह्नित करने की कवायद की जा सकती है।



भोपाल में मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अपनी पत्नी साधना सिंह और अन्य लोगों के साथ गोवर्धन पूजा करते हुए।

# नाविक का विस्तार करने की योजना बना रहा है भारतः इसरो प्रमुख

**नई दिल्ली।** भारत अपनी क्षेत्रीय उपग्रह नेविगेशन प्रणाली नाविक का विस्तार करने की योजना बना रहा है ताकि उसका नागरिक क्षेत्र और देश की सीमाओं से दूर यात्रा करने वाले जहाजों और विमानों द्वारा उपयोग बढ़ाया जा सके। नेविगेशन विद इंडियन कॉन्स्टेलेशन (नाविक) भारत में वास्तविक समय में स्थिति और समय से जुड़ी सेवाएं प्रदान करने के लिए सात उपग्रहों का उपयोग करता है। यह सेवा भारत में और देश की सीमाओं से 1,500 किमी तक के क्षेत्र में उपलब्ध होती है। कॉन्स्टेलेशन के कई उपग्रहों का सेवाकाल समाप्त हो चला है और इसरो अब इनमें से कम से कम पांच को बेहतर एल-बैंड से बदलने की योजना बना रहा है। इससे ए लोगों को बेहतर ग्लोबल पोजिशनिंग सर्विसेज (जीपीएस) प्रदान करने में सक्षम बन जाएंगे।

इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने यहां एक साक्षात्कार में कहा, हमारे पास उत्पादन में पांच और उपग्रह हैं, निष्क्रिय उपग्रहों को बदलने के लिए उन्हें समय-समय पर प्रक्षेपित किया जाना है। नए उपग्रहों में एल- ।, एल-5 और एस बैंड होंगे। सोमनाथ ने सैटकॉम इंडस्ट्री एसोसिएशन द्वारा आयोजित इंडिया स्पेस कांग्रेस से इतर कहा कि नाविक प्रणाली पूर्ण परिचालन स्थिति में नहीं है क्योंकि इसके सात उपग्रहों में से कुछ विफल हो गए हैं। सोमनाथ ने कहा कि अंतरिक्ष एजेंसी ने नाविक की पहुंच का विस्तार करने के लिए मध्यम पृथ्वी कक्षा (एमईओ) में अतिरिक्त 12 उपग्रहों प्रक्षेपित करने की अनुमति के लिए सरकार से भी संपर्क किया है।

वर्तमान में नाविक द्वारा उपयोग किए जाने वाले सात उपग्रहों में से तीन भूस्थैतिक कक्षा में हैं और चार भूसमकालिक कक्षा में काम कर रहे हैं। साथ ही, उपग्रहों का वर्तमान समूह एल-5 बैंड और एस बैंड में काम करता है, जिनका उपयोग परिवहन और विमानन क्षेत्रों के लिए किया जाता है। सोमनाथ ने कहा, हमें नए उपग्रहों को एल- । बैंड से लैस करना होगा, जो सार्वजनिक उपयोग के लिए एक विशिष्ट जीपीएस बैंड है। हमारे पास यह नाविक में नहीं है। यह नागरिक क्षेत्र में आसानी से प्रवेश नहीं कर पाया है। नाविक के लिए बनाए जा रहे नए उपग्रहों में विभिन्न उपयोग, विशेष रूप से रणनीतिक क्षेत्र के लिए सिग्नल की सुरक्षा के लिए बेहतर सुविधाएं होंगी। सोमनाथ ने कहा, वर्तमान में, सरकार द्वारा आवश्यक सभी उपग्रह इसरो द्वारा निर्मित किए जाते हैं। यदि एक सरकारी उपग्रह की आवश्यकता है, तो इसे एक निजी आपूर्तिकर्ता से निर्मित क्यों न कराएं और इसे प्रक्षेपित करने के लिए इसरो लॉन्चर का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि उपग्रह निर्माण क्षेत्र में उद्योग क्षमता सृजित करने की जरूरत है।

## अनिल देशमुख भ्रष्टाचार के मामले में जमानत के लिए उच्च न्यायालय पहुंचे, 11 नवंबर को होगी सुनवाई

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख ने भ्रष्टाचार और पद के दुरुपयोग के मामले में जमानत के लिए बंबई उच्च न्यायालय का रुख किया है। इस मामले की जांच सीबीआई द्वारा की जा रही है। देशमुख (73) ने पिछले सप्ताह विशेष सीबीआई अदालत द्वारा जमानत अर्जी खारिज किए जाने के बाद उच्च न्यायालय का रुख किया है। राकांपा के नेता इस समय न्यायिक हिरासत में हैं और मुंबई की ऑर्थर रोड जेल में बंद हैं। देशमुख के वकील अनिकेत निकम ने जमानत याचिका का उल्लेख न्यायमूर्ति शर्मिला देशमुख की अवकाशकालीन पीठ के समक्ष किया और तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया। अदालत ने सीबीआई को अर्जी पर नौ नवंबर तक जवाब दाखिल करने को कहा और मामले पर अगली सुनवाई 11 नवंबर तक के लिए टाल दी। राकांपा नेता धनशोधन के मामले में ईडी द्वारा पिछले साल नवंबर में गिरफ्तार किए जाने के बाद से ही जेल में बंद हैं।

# केदारनाथ मंदिर का गर्भगृह हुआ स्वर्णमंडित

**देहरादून।** उत्तराखंड स्थित केदारनाथ मंदिर के गर्भगृह की दीवारों और छतों पर सोने की परतें चढाई गई है। मंदिर समिति के एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। भैया दूज के अवसर पर बृहस्पतिवार को शीतकाल के लिए कपाट बंद होने से एक दिन पहले बुधवार की सुबह मंदिर के गर्भगृह में सोने की परतें चढाने का कार्य पूरा कर दिया गया। श्री बदरीनाथ - केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने पीटीआई-भाषा को बताया कि गर्भगृह में सोने की परतें चढाने में करीब तीन दिन का समय लगा। रविवार को धनतेरस के अवसर पर शुरू हुए कार्य में अलग-अलग माप की 560-565 सोने की परतों का इस्तेमाल हुआ। गर्भगृह की दीवारें, छत, छत्र, शिवलिंग की चौखट, सब कुछ स्वर्णमंडित हो गया है जिससे मंदिर और अधिक अलौकिक, भव्य एवं दिव्य लग रहा है।

इससे पहले, केदारनाथ मंदिर में गर्भगृह की दीवारों पर चांदी परतें लगी हुई थीं। चांदी की जगह सोने की परतें लगाने का प्रस्ताव समिति को पिछले साल अगस्त में मुंबई के शिवभक्त लक्खी परिवार से मिला था। समिति ने उत्तराखंड सरकार की अनुमति लेने के बाद इस प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। अजय ने बताया कि उसके बाद गर्भगृह का आवश्यक माप इत्यादि लेकर उसके अनुरूप दिल्ली में सोने की परतें तैयार की गईं और उन्हें ट्रक में भरकर भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच केदारनाथ के आधारशिविर गौरीकुंड तक लाया गया। गौरीकुंड से 18 खच्चरों पर लाद कर इन्हें केदारनाथ पहुंचाया गया और मंदिर के गर्भगृह में लगाया गया।

समिति के अध्यक्ष ने बताया कि गर्भगृह में सोने की परतें चढ़ाने के मामले में धार्मिक मान्यताओं, परंपराओं और पुरातत्व विशेषज्ञों की सलाह का पूरा पालन किया गया। उन्होंने बताया कि गर्भगृह में सोने की परत चढाने से पहले भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) और रूड़की स्थित केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान (सीबीआरआई) के विशेषज्ञों के दल ने परियोजना का अध्ययन किया। उन्होंने कहा कि तीन दिन तक चले कार्य के दौरान एएसआई के दो अधिकारी मौके पर लगातार मौजूद रहे।

## स्वयं को नेपाली नागरिक बताने वाली चीनी महिला को हिमाचल के मठ से गिरफ्तार किया गया

**मंडी (हिमाचल प्रदेश)।** फर्जी नेपाली दस्तावेज के आधार पर मठ में रह रही एक चीनी महिला को मंडी जिले से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। मंडी की पुलिस अधीक्षक शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर जोगिंद्रनगर के एक मठ (मोनास्ट्री) में रह रही महिला से पूछताछ की गई और उसके पास से नागरिकता का नेपाली दस्तावेज मिला जोकि फर्जी पाया गया। महिला के पास से करीब 6.4 लाख भारतीय रुपए, 1.10 लाख नेपाली रुपए और दो मोबाइल फोन जब्त किए गए। महिला कोई पासपोर्ट नहीं दिखा पाई। अग्निहोत्री ने बताया कि महिला के खिलाफ मंगलवार शाम को विदेशी अधि. की धारा 14 के तहत जालसाजी और भारतीय दंड संहिता की धाराओं 420 (धोखाधड़ी) और 467 (अहम दस्तावेजों की जालसाजी) के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच जारी है।

# भाजपा-शिवसेना गठबंधन कुछ सीटों पर अलग और अन्य पर साथ लड़ेगा चुनावः फडणवीस

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि भाजपा और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना आगामी नगर निगम चुनावों में कुछ सीटों पर अलग-अलग और अन्य सीटों पर साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगी। मुख्यमंत्री शिंदे ने अगस्त महीने में कहा था कि वास्तविक शिवसेना और भाजपा महाराष्ट्र नगर निगम के चुनाव साथ मिलकर लड़ेंगे। उन्होंने दावा किया था कि उनके नेतृत्व वाली शिवसेना ही वास्तविक शिवसेना है। महाराष्ट्र में बीएमसी सहित राज्य के विभिन्न नगर निगमों के चुनाव होने हैं। शिंदे ने शिवसेना से बगावत कर शिवसेना (शिंदे) गुट बना लिया और भाजपा के साथ गठबंधन कर 30 जून को राज्य में सरकार बनाई थी। शिवसेना उस वक्त राज्य की महाविकास आघाड़ी सरकार का नेतृत्व कर रही थी और उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री थे। इस गठबंधन में कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी भी शामिल थे। फडणवीस ने नागपुर में पत्रकारों से चर्चा में कहा, भाजपा और शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना कुछ नगरपालिका चुनावों में अलग-अलग चुनाव लड़ेंगे जबकि अन्य नगरपालिकाओं में गठबंधन रहेगा। हम निश्चित तौर पर जीतेंगे। उन्होंने कहा, राज्य निर्वाचन आयोग ने चुनाव की तारीखों की घोषणा की थी लेकिन उसे अदालत में चुनौती दे दी गई। इसलिए हमें अदालत के फैसले का इंतजार करना होगा। उच्चतम न्यायालय ने बीएमसी की सीटों की संख्या कम करने वाले महाराष्ट्र सरकार के एक अध्यादेश की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार दिया था। बीएमसी चुनाव कराने का मार्ग भी प्रशस्त हो गया। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने याचिकाकर्ता से याचिका वापस लेने और बंबई उच्च न्यायालय का रुख करने को कहा।याचिका में महाराष्ट्र सरकार के बीएमसी सीटों की संख्या को 236 से घटाकर 227 किए जाने के फैसले को चुनौती दी गई थी।

## कांग्रेस को आगे ले जाने में खरगे को पूरा सहयोग देने का संकल्प लेता हूं: थरूर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के अध्यक्ष पद की दौड़ में मल्लिकार्जुन खरगे के हाथों हारने वाले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने पार्टी को आगे ले जाने में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के नए प्रमुख को पूरा सहयोग और समर्थन देने का बुधवार को संकल्प लिया। खरगे को बुधवार को औपचारिक रूप से निर्वाचन पत्र सौंपा गया और इसी के साथ उन्होंने यहां एआईसीसी मुख्यालय में पदभार ग्रहण कर लिया। संबंधित कार्यक्रम में शामिल हुए थरूर ने ट्वीट किया, खरगे जी के अपने नए कार्यालय में बैठने के बाद संक्षिप्त बातचीत के लिए एकत्र हुए। कांग्रेस को आगे ले जाने में उन्हें अपना पूरा समर्थन और सहयोग देने का संकल्प लिया। उन्होंने एक तस्वीर भी पोस्ट की, जिसमें वह यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में खरगे और सोनिया गांधी के साथ बैठे दिखाई दे रहे हैं। इससे पहले थरूर ने खरगे को कांग्रेस अध्यक्ष की आधिकारिक जिम्मेदारी संभालने पर बधाई दी और उनकी सफलता की कामना की।

# उत्तराखंड के पूर्व डीजीपी सिद्धू के खिलाफ वन भूमि कब्जाने के लिए मुकदमा

**देहरादून।** उत्तराखंड के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) बी एस सिद्धू के खिलाफ आरक्षित वन भूमि के फर्जी दस्तावेज तैयार कर उस पर कब्जा करने तथा अपने सरकारी पद का दुरूपयोग कर अनुचित लाभ लेने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। उत्तराखंड सरकार से अनुमति मिलने के बाद मसूरी के प्रभागीय वन अधिकारी आशुतोष सिंह द्वारा सिद्धू और सात अन्य के खिलाफ राजपुर पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। राजपुर के पुलिस थानाध्यक्ष ने बताया कि सिद्धू तथा उनके साथ अपराध में सहभागियों के खिलाफ भारतीय दंड विधान की धारा 166,167, 419, 420, 467, 468, 471, 120 बी तथा सात, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों में देहरादून के तत्कालीन अपर तहसीलदार शुजाउद्दीन का नाम भी शामिल है जिन पर सिद्धू के दवाब और लालच के कारण वन भूमि को सिद्धू के पक्ष में नियम के विरूद्ध दाखिल-खारिज करने का आरोप है। उन्होंने बताया कि मामले में पांच आरोपी उत्तर प्रदेश के मेरठ और गाजियाबाद के रहने वाले हैं।

मामले की विवेचना पुलिस क्षेत्राधिकारी, डालनवाला, जूही मनराल को सौंप दी गई है जिनकी रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्वाई की जाएगी। पुलिस में दर्ज प्रथम सूचना रिपोर्ट में कहा गया है कि सिद्धू ने वर्ष 2012 में अपर पुलिस महानिदेशक (रूल्स एवं मैनुअल तथा सीबीसीआइडी) पद पर रहते हुए मसूरी वन प्रभाग में पुरानी मसूरी रोड स्थित वीरगिरवाली गांव में 0.7450 हेक्टेअर आरक्षित वन भूमि कथित रूप से फर्जीवाडा कर खरीदी। फर्जी दस्तावेजों में जिस व्यक्ति को जमीन का मालिक दिखाया गया, उसकी मृत्यु 1983 में हो चुकी थी। मेरठ के रहने वाले अधिवक्ता दीपक शर्मा और स्मिता दीक्षित ने इस कार्य में सिद्धू को सहयोग दिया जिनको मामले में आरोपी बनाया गया है।

इस बीच, उस जमीन पर लगे साल के 25 वृक्षों को भी अवैध तरीके से काट दिया गया। हांलांकि, जांच के बाद सिद्धू के नाम जमीन की रजिस्ट्री रद्द करते हुए उसे वन विभाग के नाम दर्ज कर दिया गया। सिद्धू ने मार्च 2013 में प्रदेश के तत्कालीन प्रमुख वन संरक्षक आरबीएस रावत को पत्र लिखकर वन भूमि खरीदने तथा पेड़ काटने के खुद पर लगे आरोपों को निराधार बताया था, जबकि देहरादून के डीएम को लिखे एक अन्य पत्र में उन्होंने वन भूमि को त्रुटिवश खरीदे जाने के कारण उसकी रजिस्ट्री के रद्द होने के बाद उसपर खर्च स्टांप शुल्क को वापस कराने का अनुरोध किया था। इसका जिक्र करते हुए प्रथम सूचना रिपोर्ट में कहा गया है कि एक तरह से सिद्धू ने खुद अपना अपराध स्वीकार कर लिया है।

## गुजरात, हिमाचल में खराब प्रदर्शन हुआ तो क्या खरगे को बलि का बकरा बनाएगी कांग्रेसः भाजपा

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खरगे से कांग्रेस अध्यक्ष का पद संभालने के बाद भाजपा ने हैरानी जताई कि यदि गुजरात और हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनावों में विपक्षी पार्टी का प्रदर्शन खराब होता है तो क्या वह उन्हें बलि का बकरा बनाएगी। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने यहां पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि वैसे तो खरगे का अध्यक्ष बनना कांग्रेस का आंतरिक मामला है जिस प्रकार कार्यभार संभालने के वक्त पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी उनके दोनों ओर खड़े थे, इससे संकेत साफ है कि पार्टी में परिवार का ही राज रहेगा। खरगे ने आज कांग्रेस अध्यक्ष का औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण करने के बाद कहा कि पार्टी मौजूदा सरकार की झूठ एवं नफरत की व्यवस्था को ध्वस्त करेगी। दलित समुदाय से ताल्लुक रखने वाले 80 वर्षीय खरगे ने 17 अक्टूबर को हुए ऐतिहासिक चुनाव में अपने प्रतिद्वंद्वी 66 वर्षीय शशि थरूर को मात दी थी।

# काम को लेकर जुनूनी हूं : रकुल प्रीत सिंह

**भाषा**। मुंबई

**अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह** ने 2022 में रनवे 34 से थैंक गॉड तक कुल पांच अलग-अलग फिल्मों में अभिनय किया है और उनका कहना है कि उन्होंने अपनी भविष्य की परियोजनाओं के बारे में भी सोचना शुरू कर दिया है। रकुल का कहना है कि वह अपने करियर में सभी प्रकार के विषयों पर बनने वाली फिल्मों में काम करना चाहती हैं। रकुल ने इस वर्ष अटैक : पार्ट।, कट्टपुतली और डॉक्टर जी जैसी फिल्मों में भी काम किया है।

रकुल ने विशेष साक्षात्कार में कहा, ऐसी कई भूमिकाएं हैं जिन्हें आप निभा सकते हैं। यह एक ऐसा पेशा है जहां आप अपने लिए एक मानक तय नहीं कर सकते हैं, इस पेशे की सीमा कभी नहीं खत्म होने वाली है। मैं बहुत आगे बढ़ना चाहती हूं। अभिनेत्री ने कहा, मैं काम को लेकर काफी जुनूनी हूं और इसे लेकर मुझमे भूख है। इस साल मेरी पांच फिल्में रिलीज हुई हैं और मैं सोच रही हूं कि मैं आगे क्या करने जा रही हूं। मैं हमेशा आगे क्या करना है? इसकी तलाश में रहती हूं।

रकुल अगले साल छतरीवाली और इंडियन 2 जैसी फिल्मों में नजर आएंगी। इसके अलावा वह अर्जुन कपूर और भूमि पेडनेकर अभिनीत एक रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म में भी नजर आएंगी, जिसका निर्देशन मुदस्सर अजीज करेंगे। रकुल ने कहा कि एक अभिनेत्री के रूप में उनकी पसंद हमेशा उनकी अंतर-आत्मा की भावना से प्रभावित होती है। मैं रनवे 34, छतरीवाली और थैंक गॉड जैसी फिल्में करना चाहती हूं। हमारा पेशा बेहद खूबसूरत है। हम अलग-अलग तरह की फिल्में कर सकते हैं। मैं बहुमुखी प्रतिभा वाली कलाकार बन सकती हूं। मैं चाहती हूं कि मुझे ऐसे मौके मिलते रहें। थैंक गॉड में अजय देवगन, सिद्धार्थ मल्होत्रा और रकुल प्रीत सिंह अहम भूमिका में हैं। थैंक गॉड मंगलवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म का निर्देशन मस्ती और धमाल जैसी फिल्में बनाने वाले इंद्र कुमार ने किया है।

## भाजपा के एक और नेता ने पार्टी छोड़ी टीआरएस में शामिल

**हैदराबाद।** तेलंगाना में भाजपा के नेता रापोलू आनंद भास्कर ने बुधवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया और वह सत्तारूढ़ तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) में शामिल हो गए। टीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष और राज्य सरकार में मंत्री केटी रामाराव ने उनका पार्टी में स्वागत किया। भास्कर के इस्तीफे से पहले विधान परिषद के पूर्व सभापति स्वामी गौड़ और एक अन्य नेता श्रवण दासोजू भाजपा छोड़कर टीआरएस का दामन थाम चुके हैं। भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को लिखे पत्र में भास्कर ने कहा कि क्या पार्टी सकारात्मक धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का पालन कर रही है ? उन्होंने पत्र में लिखा, आपकी पार्टी से अलग होते हुए, मेरे लिए आरोप लगाना उचित नहीं है, लेकिन मैं आपसे विनम्रता से अनुरोध करता हूं कि पूरी ईमानदारी से आत्मनिरीक्षण कराएं। भास्कर ने आरोप लगाया कि उनकी अनदेखी की गई, अपमान किया गया।

# पार्थ मामला अनुब्रत से अलग, नकदी की जब्ती शर्मसार करने वालीः तृणमूल सांसद

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस सांसद सौगत रॉय ने बुधवार को पार्थ चटर्जी और अनुब्रत मंडल की गिरफ्तारी पर पार्टी की ओर से दी गई अलग-अलग प्रतिक्रिया को सही ठहराया। उन्होंने जोर देकर कहा कि बड़ी मात्रा में नकदी की जब्ती पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ पार्टी के लिए शर्मसार करने वाली थी। रॉय ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस की भ्रष्टाचार के प्रति शून्य बर्दाश्त करने की नीति है। उन्होंने साथ ही कहा कि दोनों (पार्थ चटर्जी और अनुब्रत मंडल) मामले एक नहीं हैं।

उन्होंने कहा, पार्थ चटर्जी का मामला साफ था क्योंकि उनके सहयोगी के आवास से बड़ी मात्रा में नकदी मिली। इसलिए, पार्टी ने उनके खिलाफ कड़ी कार्वाई की। लेकिन अनुब्रत मंडल और तृणमूल विधायक माणिक भट्टाचार्य का मामला समान नहीं है क्योंकि उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के केवल आरोप लगे हैं, साबित नहीं हुए हैं। उल्लेखनीय है कि इस साल जुलाई में राज्य के पूर्व उद्योग मंत्री और तृणमूल महासचिव चटर्जी की गिरफ्तारी के एक सप्ताह के भीतर उन्हें मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने के साथ ही उन्हें पार्टी के सभी पदों से हटा दिया गया।

स्कूल भर्ती घोटाले के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद पार्टी ने चटर्जी को बाहर का रास्ता दिखा दिया जबकि मंडल के साथ खड़ी रही जिन्हें केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मवेशी तस्करी मामले में गिरफ्तार किया है। मंडल तृणमूल कांग्रेस की बीरभूम जिला इकाई के अध्यक्ष बने हुए हैं। तृणमूल विधायक भट्टाचार्य को भी इस महीने स्कूल भर्ती घोटाले में गिरफ्तार गया है और पार्टी की ओर से अब तक उन पर कोई कार्वाई नहीं की गई है। रॉय की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा की पश्चिम बंगाल की इकाई ने कहा कि उनकी टिप्पणी राज्य में भ्रष्टाचार के विभिन्न मामलों में तृणमूल कांग्रेस की संलिप्तता का संकेत है।

# मालगाड़ी के 53 डिब्बे पटरी से उतरे, कोई हताहत नहीं

**भाषा**। पटना



**बिहार** में पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत आने वाले धनबाद मंडल के कोडरमा और मानपुर रेलखंड के बीच गुरपा स्टेशन पर बुधवार की सुबह कोयले से लदी मालगाड़ी के 53 डिब्बे पटरी से उतर गए, जिसके कारण इस मार्ग पर रेल यातायात बाधित हो गया। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि सुबह छह बजकर 24 मिनट पर हुए इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि बरवाडीह, गया, नेसुचबो गोमो और धनबाद से दुर्घटना राहत यान और अधिकारियों के दल को घटनास्थल भेजा गया है।

वीरेन्द्र ने बताया कि धनबाद मंडल के गुरपा स्टेशन पर मालगाड़ी के अवपथन के कारण अप एवं डाउन लाइन पर रेल यातायात बाधित है। उन्होंने बताया कि संरक्षा के मद्देनजर इस रेलखंड पर चलने वाली ट्रेनों के परिचालन में अस्थाई तौर पर बदलाव किया गया है। उन्होंने बताया कि इनमें हावड़ा-नई दिल्ली एक्सप्रेस, हावड़ा-ग्वालियर, सियालदह-नई दिल्ली, सियालदह-बीकानेर एक्सप्रेस तथा कोलकाता से प्रस्थान करने वाली 13151 कोलकाता-जम्मूतवी एक्सप्रेस, कोलकाता-आगरा कैंट एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया है और ए ट्रेनें आसनसोल-झाझा-पटना-पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के रास्ते चलेंगी।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा पटना रांची एक्सप्रेस और बीकानेर सियालदह एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनों का मार्ग बदल दिया गया है। वीरेन्द्र ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने विभिन्न स्टेशनों पर हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है, जिनमें (पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन-05412272260, 9794849461, गया जंक्शन-7070096337, धनबाद- 8102928627, गोमो-9471191511 और कोडरमा-9334837103) प्रमुख हैं।

# गंभीर आर्थिक संकट से निपटने को कठिन फैसले लेने होंगे: सुनक



## बाइडन ने सुनक को बधाई दी, रूस-यूक्रेन संघर्ष पर चर्चा की : व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने ऋषि सुनक को मंगलवार को फोन करके ब्रिटेन का नया प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी। व्हाइट हाउस ने यह जानकारी दी। व्हाइट हाउस ने कहा, नेताओं ने यूक्रेन का समर्थन देने, रूस को उसकी आक्रामकता के लिए जिम्मेदार ठहराने, चीन से मिल रही चुनौतियों से निपटने और सतत एवं किफायती ऊर्जा संसाधनों को सुनिश्चित रखने के लिए मिलकर काम करने की अहमियत पर सहमति जताई। व्हाइट हाउस ने बताया कि दोनों नेताओं ने अमेरिका और ब्रिटेन के बीच विशेष संबंधों की पुनः पुष्टि की और वैश्विक सुरक्षा एवं समृद्धि के लिए अहम मामलों पर सहयोग को और बढ़ाने की अपनी इच्छा को रेखांकित किया। व्हाइट हाउस ने कहा, उन्होंने बेलफास्ट/गुड फ्राइडे समझौते से हुए लाभ की रक्षा करने की अपनी साझा प्रतिबद्धता और उत्तरी आयरलैंड प्रोटोकॉल पर यूरोपीय संघ के साथ समझौते तक पहुंचने की दिशा में गति बनाए रखने की आवश्यकता पर चर्चा की। सुनक ने फोन पर हुई बातचीत के बाद कहा कि अमेरिका और ब्रिटेन सबसे निकट सहयोगी हैं। उन्होंने ट्वीट किया, मैं दुनियाभर में स्थिरता बढ़ाने और यूक्रेन के लोगों को समर्थन देने में हमारी असाधारण भूमिका को जारी रखने के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति के साथ मिलकर काम करने का इच्छुक हूं।

**भाषा।** लंदन

ब्रिटेन के नवनियुक्त प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार को कुछ बहुत कठिन निर्णय लेने होंगे, लेकिन लोगों को आश्वासन दिया कि वह देश के गहन आर्थिक संकट से निपटने के दौरान करुणा भाव से कार्य करेंगे। ब्रिटेन के भारतीय मूल के पहले प्रधानमंत्री सुनक ने मंगलवार को अपनी पूर्ववर्ती लिज़ ट्रस की गलतियों को ठीक करने के संकल्प के साथ पदभार ग्रहण किया। सात सप्ताह में तीसरे प्रधानमंत्री सुनक ने आर्थिक स्थिरता और राजकोषीय स्थिरता दिल में होगी कहकर कैबिनेट बैठक की शुरुआत की। सुनक ने ट्वीट किया, "आज सुबह मैंने कैबिनेट को उस बड़े कार्य के बारे में बताया, जिसका हम सामना कर रहे हैं, और मुझे विश्वास है कि यह सरकार चुनौती का सामना कर सकती है तथा पूरे ब्रिटेन के लिए काम कर सकती है। पहली कैबिनेट बैठक के बाद उन्होंने लिखा, अब काम करने और ब्रिटिश लोगों का विश्वास अर्जित करने का समय है। पहली कैबिनेट बैठक से जारी रीड-आउट के अनुसार, 42 वर्षीय सुनक ने जोर देकर कहा कि सरकार को कुछ बहुत कठिन निर्णय लेने की आवश्यकता होगी, लेकिन सरकार करुणा भाव से काम करेगी, सबसे कमजोर लोगों की रक्षा करेगी, और दीर्घकालिक वृद्धि के लिए लगातार प्रयास करेगी।

इसमें कहा गया कि वित्त मंत्री जेरेमी हंट ने जोर देकर कहा कि आर्थिक स्थिरता और विश्वसनीयता अन्य सभी नीतियों के लिए आवश्यक आधार हैं। इसके बाद विदेश मंत्री जेम्स क्लेवरली ने अंतरराष्ट्रीय स्थिति और रूस द्वारा यूक्रेन में युद्ध का दायरा बढ़ाए जाने से उत्पन्न निरंतर खतरे पर कैबिनेट को अद्यतन किया। बीबीसी ने रीड-आउट के हवाले से कहा कि गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन ने अवैध आव्रजन से निपटने के लिए चल रहे काम के बारे में बात की। प्रधान मंत्री सुनक ने कहा कि यह एक जटिल और चुनौतीपूर्ण मुद्दा है, लेकिन जनता को सरकार से दीर्घकालिक समाधानै खोजने की उम्मीद है। इस बीच, ब्रिटेन सरकार ने अपने बजट में दो सप्ताह से अधिक की देरी की है और देश के आर्थिक संकट से निपटने के तरीके के बारे में कठिन विकल्प बनाने के लिए सुनक को कुछ समय मिल गया है। वित्त विभाग के एक बयान के अनुसार, वित्त मंत्री हंट द्वारा अब 17 नवंबर को सरकार की मध्यम अवधि की वित्तीय योजना पेश की जाएगी। वहीं ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने भारतीय मूल की सुएला ब्रेवरमैन को गृह मंत्री के रूप में पुनः नियुक्त करने के अपने फैसले का बुधवार को पुरजोर बचाव किया। ब्रेवरमैन (42) ने पूर्व प्रधानमंत्री लिज ट्रस के मंत्रिमंडल से पिछले सप्ताह इस्तीफा दे दिया था। सुनक ने मंगलवार को उन्हें पुनः गृह मंत्री नियुक्त किया। प्रधानमंत्री के रूप में अपने पहले दिन बुधवार को सुनक ने नए मंत्रिमंडल के साथ बैठक की। इसके बाद उनका सामना हाउस ऑफ कॉमन्स में प्रधानमंत्री से प्रश्न (पीएमक्यू) सत्र में विपक्ष के नेता कीर स्टार्मर से हुआ।उन्होंने कहा कि सुनक ने ईमानदारी, पेशेवर क्षमता और जवाबदेही के साथ सरकार चलाने का वादा किया है, लेकिन उन्होंने गृह मंत्रालय उस महिला को दिया है जिसे केवल एक सप्ताह पहले ही पद छोड़ने को मजबूर होना पड़ा।

# रूस ने यूक्रेन पर रॉकेट दागे, डर्टी बम के दावे को दोहराया

**एपी।** कीव


**रूस** ने गत एक दिन में यूक्रेन के 40 से अधिक गांवों को निशाना बनाया है। यूक्रेन के अधिकारियों ने बुधवार को यह दावा करते हुए कहा कि इन हमलों में दो लोगों की मौत हो गई और हवाई हमले के भय से लोग रात बंकरों में बिता रहे हैं। यूक्रेन के सशस्त्र बल जनरल स्टाफ ने बताया कि रूसी बलों ने यूक्रेनी ठिकानों पर पांच रॉकेट हमले, 30 हवाई हमले और बहु प्रक्षेपण रॉकेट प्रणाली से 100 से अधिक हमले किए। ए हमले ऐसे समय हुए हैं जब यह आशंका प्रबल होती जा रही है कि मात मिलने की वजह से रूस उस उपकरण का इस्तेमाल कर सकता है जिससे रेडियोधर्मी कचरा फैलता है ताकि दहशत का माहौल बना सके।

रूस के रक्षा मंत्री ने भारत और चीन के अपने समकक्षों से बात कर कथित डर्टी बम के इस्तेमाल की यूक्रेन की योजना को लेकर अपनी चिंता साझा की। हालांकि, रूस के इस दावे को यूक्रेन और पश्चिमी देशों ने खारिज किया है। रूस के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु ने यूक्रेन द्वारा संभावित तौर पर डर्टी बम के इस्तेमाल सहित उकसावे की कार्रवाई को लेकर अपने भारतीय समकक्ष राजनाथ सिंह और चीनी समकक्ष वेई फेंगी से बातचीत की। भारत और चीन के रक्षामंत्रियों से बात करने से पहले शोइगु ने रविवार को ब्रिटेन, फ्रांस, तुर्किए और अमेरिका के समकक्षों के साथ बातचीत कर यही दावा किया था। हालांकि, ब्रिटेन, फ्रांस और अमेरिका ने शोइगु के दावे को खारिज करते हुए इसे सफेद झूठ करार दिया।

पश्चिम द्वारा रूसी दावे को खारिज किए जाने के बावजूद क्रेमिलन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने जोर देकर कहा, हमारे पास सूचना है कि यूक्रेन में ऐसे हमलों की तैयारी चल रही है। पेस्कोव ने कहा, हम विश्व समुदाय को अपनी जानकारी और कीव में मौजूद सरकार के गैर जिम्मेदाराना कदम को रोकने के लिए उठाए जाने वाले कदम से अवगत कराना जारी रखेंगे। यूक्रेन के अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि रूस ने नीपरो शहर के गैस स्टेशन को निशाना बनाया जिसमें एक गर्भवती महिला सहित दो लोगों की मौत हो गई। नीपरोपेत्रोवस्क के गवर्नर वैलेंटाइन रेज्निचेंको ने बताया कि हमले में चार लोग घायल हुए हैं और अस्पताल में भर्ती हैं। दक्षिणी बंदरगाह शहर मिकोलाइव के नजदीक युद्ध चल रहा है और लोगों को खाने-पीने के सामान के लिए कतार में खड़ा देखा जा रहा है। स्थानीय प्रशासन ने बताया कि शहर में मंगलवार को हुए रूसी हमले में कई इमारतों को नुकसान पहुंचा और अब तक स्पष्ट नहीं है कि कोई हताहत हुआ है या नहीं। अधिकारियों ने कहा कि बुधवार की सुबह भी मिसाइलों से हमले जारी रहे।

## रूस का परमाणु बमों का इस्तेमाल होगी भारी भूल: बाइडन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने रूस को यूक्रेन में परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने के खिलाफ चेतावनी देते हुए कहा कि यह अत्यंत गंभीर गलती होगी। बाइडन प्रशासन ने पहले कहा था कि रूस ने नोटिस दिया है कि उसका अपनी परमाणु क्षमताओं का नियमित अभ्यास करने का इरादा है। इससे पहले, यूक्रेन की परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने रूस के इस दावे को खारिज किया कि कीव रेडियोधर्मी उपकरण तथाकथित डर्टी बम के जरिए उसे उकसाने की कोशिश कर रहा है।



यूक्रेन ने कहा कि रूसी सेना अपने कब्जे वाले यूरोप के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र में गुप्त रूप से निर्माण कार्य कर रही है और अपनी गतिविधि से ध्यान हटाने के लिए वह यूक्रेन पर आरोप लगा रही है। बाइडन ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा, मैं यह कहना चाहता हूं: यदि रूस सामरिक परमाणु हथियार का इस्तेमाल करता है, तो यह अत्यंत गंभीर गलती होगी। अमेरिका के राष्ट्रपति से सवाल किया गया था कि क्या रूस डर्टी बम या परमाणु हथियार का इस्तेमाल करने की तैयारी कर रहा है। बाइडन ने कहा, मैं आपको इस बात की गारंटी नही देता हूं कि यह वास्तविकता को छुपाने के लिए चलाया गया कोई अभियान है या नही। मुझे नही पता, लेकिन यह बड़ी भूल होगी। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरीन ज्यां पियरे ने कहा कि राष्ट्रपति ने अपनी बात स्पष्ट रूप से कही। उन्होंने कहा, उन्होंने आज फिर से यह कहा। यूक्रेन में परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करना रूस की बड़ी गलती होगी और इसके गंभीर परिणाम होंगे। जहां तक डर्टी बम के संभावित इस्तेमाल की बात है, तो देखिए, रूस साफ तौर पर झूठे आरोप लगा रहा है। उन्होंने कहा, हमें इसे गंभीरता से लेना चाहिए... हमने अतीत में भी रूस को आरोप लगाने की आड़ में उकसावे की कार्वाई करते देखा है। पियरे ने कहा कि अमेरिका ने रूस को इस दिशा में कोई तैयारी करते नही पाया है, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि वह हालात की अत्यंत निकटता से निगरानी करना जारी रखेगा।

## पुतिन ने रूस के परमाणु बल का अभ्यास देखा

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने बुधवार को देश के सामरिक परमाणु बल का अभ्यास देखा जिसमें बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों के प्रक्षेपण आदि शामिल थे। क्रेमलिन ने इस आशय की जानकारी दी। रूस के रक्षा मंत्री सेरगेई शोईगु ने पुतिन को बताया कि रूस पर परमाणु हमला होने की स्थिति में उसके (रूस) द्वारा बड़े पैमाने पर परमाणु हमला करने का अभ्यास किया गया। गौरतलब है कि यूक्रेन में रूसी कार्वाई को लेकर रूस और पश्चिमी देशों के बीच भीषण तनाव की पृष्ठभूमि में यह अभ्यास हुआ है। क्रेमलिन ने एक बयान में कहा कि अभ्यास के लिए तय सभी लक्ष्य प्राप्त कर लिए गए और दागी गई सभी मिसाइलें निशाने पर लगी। वही, अमेरिका का कहना है कि रूस ने इस अभ्यास के संबंध में उसे पहले से सूचित कर दिया था।

# शी से मिलने चीन जाएंगे पाक पीएम

**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ अगले सप्ताह चीन की दो दिवसीय यात्रा पर जाएंगे और राष्ट्रपति शी चिनफिंग से मुलाकात करेंगे। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि चीन यात्रा के दौरान शरीफ रणनीतिक सहयोग साझेदारी की समीक्षा करेंगे और क्षेत्रीय तथा वैश्विक विकास पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की हाल ही में संपन्न ऐतिहासिक 20वीं राष्ट्रीय कांग्रेस के बाद शरीफ चीन का दौरा करने वाले पहले विदेशी नेता होंगे। 20वीं राष्ट्रीय कांग्रेस में राष्ट्रपति शी को सत्ता में अभूतपूर्व तरीके से पांच साल के तीसरे कार्यकाल की मंजूरी दी गई। शरीफ की चीन यात्रा ऐसे समय हो रही है जब नकदी की तंगी से जूझ रहा पाकिस्तान कर्ज के भुगतान और व्यापार घाटे को कम करने के लिए जी-तोड़ कोशिश कर रहा है। पाकिस्तान पर पेरिस क्लब देशों का संयुक्त रूप से लगभग 10.7 अरब अमेरिकी डॉलर का बकाया है। पेरिस क्लब प्रमुख कर्ज देने वाले देशों के अधिकारियों का एक समूह है जिसकी भूमिका कर्ज लेने वाले देशों द्वारा अनुभव की जाने वाली भुगतान कठिनाइयों के समन्वित और स्थाई समाधान खोजने की है। प्रधानमंत्री शरीफ एक और दो नवंबर को चीन के दौरे पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि शरीफ एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे, जिसमें विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी भी शामिल होंगे। इसमें कहा गया है कि शरीफ अपने चीनी समकक्ष ली क्विंग के निमंत्रण पर वहां जा रहे हैं।प्रधानमंत्री की यात्रा पाकिस्तान और चीन के बीच लगातार नेतृत्व स्तर के आदान-प्रदान की निरंतरता बताता है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि शरीफ राष्ट्रपति शी से मुलाकात करेंगे।

# नोबेल पुरस्कार समारोह में रूस और बेलारूस के राजदूत आमंत्रित नहीं

**एपी।** स्टॉकहोम

**यूक्रेन** में युद्ध के कारण रूस और बेलारूस के राजदूतों को स्टॉकहोम में होने वाले वार्षिक नोबेल पुरस्कार वितरण समारोह के लिए आमंत्रित नहीं किया गया है। इन प्रतिष्ठित पुरस्कारों का अयोजन करने वाला नोबेल फाउंडेशन आमतौर पर स्वीडन में तैनात राजदूतों को वार्षिक पुरस्कार समारोह में आमंत्रित करता है। नोबेल पुरस्कार वितरण समारोह हर साल 10 दिसंबर को आयोजित किया जाता है। नोबेल फाउंडेशन ने एक बयान में कहा, रूस के यूक्रेन पर आक्रमण करने के कारण नोबेल फाउंडेशन ने रूस और बेलारूस के राजदूतों को स्टॉकहोम में होने वाले नोबेल पुरस्कार समारोह के लिए आमंत्रित नहीं करने का फैसला किया है। फाउंडेशन के अनुसार, आव्रजन रोधी स्वीडन डेमोक्रेट्स को छोड़कर स्वीडिश संसद के सभी दलों के नेताओं को आमंत्रित किया जाएगा। आव्रजन रोधी स्वीडन डेमोक्रेट्स ने हाल ही में धुर दक्षिणपंथी गुटों से दूरी बनाने की कोशिश की है। वह स्वीडन में 11 सितंबर हो हुए चुनाव में 20 प्रतिशत से अधिक वोट हासिल किए थे।

# निवेशकों को बेहतर प्रतिफल के लिए एलआईसी की उत्पाद रणनीति में बदलाव चाहती है सरकार

**भाषा।** नई दिल्ली

**सरकार** देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की वृद्धि की पूर्ण क्षमता हासिल करने और निवेशकों को बेहतर रिटर्न के लिए अपनी उत्पाद रणनीति में बदलाव के लिए प्रेरित कर रही है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एलआईसी 17 मई को शेयर बाजारों में सूचीबद्ध हुई थी। तब से कंपनी का शेयर अपने निर्गम मूल्य 949 रुपए से काफी नीचे आ चुका है। कंपनी का शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर 872 रुपए के भाव पर सूचीबद्ध हुआ था। मंगलवार को कंपनी का शेयर 595.50 रुपए पर बंद हुआ। हालांकि, विदेशी ब्रोकरेज कंपनियां एलआईसी के शेयर को लेकर आशावादी हैं। ब्रोकरेज कंपनियों ने अगले साल के लिए कंपनी के शेयर का लक्ष्य काफी ऊंचा तय किया है। सिटी ने 14 अक्टूबर की एक शोध रिपोर्ट में एलआईसी के शेयर के लिए 1,000 रुपए का लक्ष्य निर्धारित किया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि एलआईसी परिपक्व वैश्विक कंपनियों की तुलना में बेहतर स्थिति में है। वित्त मंत्रालय कंपनी के प्रदर्शन की समीक्षा के दौरान एलआईसी प्रबंधन को उन कदमों के बारे में जागरूक कर रहा है, जो निवेशकों की पूंजी बढ़ाने में सहायक हो सकते हैं। अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, सूचीबद्धता के साथ 65 साल से अधिक पुराने संस्थान के आधुनिकीकरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि हम प्रबंधन के साथ काम कर रहे हैं ताकि वे अपने उत्पादों की पेशकश का आधुनिकीकरण करें और पॉलिसीधारकों को कम लाभांश का भुगतान करें। रिपोर्ट में कहा गया है कि एलआईसी परिपक्व वैश्विक कंपनियों की तुलना में बेहतर स्थिति में है। वित्त मंत्रालय कंपनी के प्रदर्शन की समीक्षा के दौरान एलआईसी प्रबंधन को उन कदमों के बारे में जागरूक कर रहा है, जो निवेशकों की पूंजी बढ़ाने में सहायक हो सकते हैं।गैर-भागीदारी वाले बीमा उत्पादों में बीमा कंपनियों को पॉलिसीधारकों को लाभांश के रूप में अपने लाभ को साझा करने की जरूरत नहीं होती। वहीं भागीदारी वाले उत्पादों में बीमा कंपनियों को बीमा कंपनियों को पॉलिसीधारकों को लाभांश देना होता है। एलआईसी का पहली तिमाही का एकल शुद्ध लाभ 2.94 करोड़ रुपए से बढ़कर 682.88 करोड़ रुपए हो गया। एलआईसी के आईपीओ से सरकार को 21,000 करोड़ रुपए प्राप्त हुए थे। मंगलवार को एलआईसी का शेयर पिछले बंद के मुकाबले 0.72 प्रतिशत की गिरावट के साथ 595.50 रुपए पर बंद हुआ।

## चीन से आयातित रसायन पर डंपिंग रोधी शुल्क नहीं लगाएगी सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने चीन से आयातित एक प्रकार के रसायन पर डंपिंग रोधी शुल्क नहीं लगाने का फैसला किया है। इस रसायन का इस्तेमाल दवा उद्योग द्वारा किया जाता है। वित्त मंत्रालय ने इस संबंध में व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) की सिफारिशों को स्वीकार नहीं किया है। वाणिज्य मंत्रालय की जांच इकाई डीजीटीआर ने चीन द्वारा रसायन (4आर-सीआईएस)-1-1-डाइमिथाइलथाइल-6-साइनोमिथाइल-2, 2-डाइमिथाइल-1, 3-डाइऑक्सेन-4-एसिटेट की कथित डंपिंग के बारे में जांच की थी और इसपर शुल्क लगाने की अगस्त में सिफारिश की थी। राजस्व विभाग ने एक कार्यालय ज्ञापन में कहा, केंद्र सरकार ने डीजीटीआर के अंतिम निष्कर्षों पर विचार करने के बाद सिफारिशों को स्वीकार नहीं करने का फैसला किया है। शुल्क लगाने की सिफारिश डीजीटीआर करता है जबकि इसे लगाने के बारे में अंतिम निर्णय राजस्व विभाग लेता है।

# सीसीआई के जुर्माने के बाद गूगल ने कहा: उपयोगकर्ताओं, डेवलपर के प्रति हमारी प्रतिबद्धता कायम

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रतिस्पर्धा** रोधी गतिविधियों के लिए दूसरी बार जुर्माने की सजा का सामना कर रही गूगल इंडिया ने बुधवार को कहा कि वह भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के आदेश का आकलन कर रही है जिसके बाद वह अपने अगले कदमों पर विचार करेगी। कंपनी ने यह भी कहा कि उपयोगकर्ताओं और डेवलपर के लिए उसकी प्रतिबद्धता बनी हुई है। सीसीआई ने मंगलवार को गूगल पर 936.44 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया था। यह जुर्माना प्ले स्टोर की नीतियों के संबंध में अनुचित व्यापार व्यवहार के लिए लगाया गया है। सीसीआई ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि प्ले स्टोर नीतियों में अपनी दबदबे की स्थिति का दुरुपयोग करने के लिए गूगल पर 936.44 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। जुर्माने के अलावा सीसीआई ने कहा कि गूगल को ऐप डेवलपर्स को ऐप खरीदने के लिए किसी भी तीसरे पक्ष के बिलिंगाभुगतान प्रसंस्करण सेवाओं का उपयोग करने से प्रतिबंधित नहीं करना चाहिए। इससे पहले नियामक ने 20 अक्टूबर को एंड्रॉयड मोबाइल उपकरणों के संबंध में कई बाजारों में अपनी दबदबे की स्थिति का दुरुपयोग करने के लिए गूगल पर 1,337.76 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया था। सीसीआई के आदेश पर टिप्पणी करते हुए गूगल ने कहा कि भारतीय डेवलपर को एंड्रॉयड और गूगल प्ले की प्रौद्योगिकी, सुरक्षा, उपभोक्ता संरक्षण, विकल्प और लचीलेपन का लाभ मिला है। कंपनी के एक प्रवक्ता ने कहा, हमने कीमतों को कम रखा जिससे हमारे मॉडल ने भारत में डिजिटल बदलाव को बढ़ावा दिया और लाखों भारतीयों तक पहुंच का विस्तार किया। कंपनी ने कहा कि वह उपयोगकर्ताओं और डेवलपर के लिए प्रतिबद्ध बनी हुई है और आगे के कदमों पर विचार करने के लिए फैसले की समीक्षा कर रही है। पिछले हफ्ते लगाए गए जुर्माने को गूगल ने भारतीय उपभोक्ताओं और कारोबारों के लिए बड़ा झटका बताया था।

### आईटी मंत्रालय ने व्हॉट्सऐप से सेवाओं के ठप होने का कारण पूछा

**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्रालय ने मेटा के स्वामित्व वाली व्हॉट्सऐप से मंगलवार को मंच की सेवाओं में बाधा के कारणों को साझा करने के लिए कहा है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सोशल मीडिया मंच व्हॉट्सऐप की सेवाएं मंगलवार दोपहर करीब दो घंटे तक बाधित रहीं। सेवाओं के अचानक ठप हो जाने के कारण भारत से लेकर ब्रिटेन तक बड़ी संख्या में उपयोगकर्ता लगभग दो घंटे तक एक दूसरे को कोई संदेश (टेक्स्ट) और वीडियो नही भेज सके। सूत्रों ने बताया कि आईटी मंत्रालय ने कंपनी से व्हॉट्सऐप के बंद होने के कारणों को साझा करने को कहा है। इस संबंध में व्हॉट्सऐप को भेजे गए ईमेल का खबर बनाए जाने तक कंपनी ने कोई जवाब नही दिया।

## इरडा ने स्वास्थ्य बीमा सलाहकार समिति का गठन किया

**नई दिल्ली।** बीमा नियामक इरडा ने बुधवार को 15 सदस्ईय स्वास्थ्य बीमा सलाहकार समिति के गठन की घोषणा की। इस समिति का उद्देश्य देश में सभी के लिए स्वास्थ्य बीमा के लक्ष्य को हासिल करना है। भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) ने एक परिपत्र में कहा कि समिति का गठन दो साल के लिए किया गया है। इरडा के सदस्य राकेश जोशी की अध्यक्षता वाली समिति को स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय को सुचारू रूप से चलाने में आने वाली चुनौतियों की पहचान करने और कारोबारी सुगमता के लिए सिफारिशें करने का काम सौंपा गया है। परिपत्र में कहा गया कि समिति के उद्देश्यों में भारत में स्वास्थ्य बीमा की पैठ बढ़ाने के तरीकों और साधनों को बढ़ाना शामिल है। इसमें संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में मुद्दों और चुनौतियों की पहचान करना और उन्हें दूर करने के लिए सिफारिशें करना शामिल है।

## ब्रिटेन के वित्त मंत्री ने नई आर्थिक योजनाओं की घोषणा को टाला

**लंदन।** ब्रिटेन के वित्त मंत्री जेरेमी हंट ने देश के आर्थिक मामलों पर योजनाओं का ब्योरा देने को 17 नवंबर तक टाल दिया है। नए प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के पदभार संभालने के एक दिन बाद हंट ने नई आर्थिक योजनाओं का ब्योरा देने की योजना को टाला है। हंट ने बीबीसी को बताया कि ढाई सप्ताह की देरी से यह सुनिश्चित होगा कि सही फैसले किए जाएं। पहले यह घोषणा 31 अक्टूबर को की जानी थी। वित्त मंत्रालय ने एक ट्वीट में कहा कि नए प्रधानमंत्री सनक और हंट ने सहमति व्यक्त की है कि बयान में बजट दायित्व के स्वतंत्र कार्यालय से एक पूर्वानुमान शामिल होगा। ट्वीट में कहा गया, इसमें सार्वजनिक खर्च को टिकाऊ स्तर पर रखने, कर्ज में कमी लाने और स्थिरता बहाल करने के लिए ब्रिटेन की मध्यम अवधि की राजकोषीय योजना शामिल होगी।

# स्वच्छ ऊर्जा, बुनियादी ढांचा क्षेत्र में निवेश बढ़ाए एआईआईबी: सीतारमण

**भाषा।** नई दिल्ली



**सरकार** ने बीजिंग स्थित बहुपक्षीय ऋण एजेंसी एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक (एआईआईबी) से शिक्षा और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने के साथ स्वच्छ ऊर्जा और बुनियादी ढांचा जैसे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में निवेश बढ़ाने को कहा है। एआईआईबी के गवर्नर मंडल की वार्षिक बैठक में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत एक आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था की राह पर चल पड़ा है और इसलिए महामारी के नकारात्मक प्रभावों को कम करने में सफल रहा है। उन्होंने एआईआईबी के संबंध में कहा कि एजेंसी को प्रमुख प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में निवेश बढ़ाने की जरूरत है। इसमें स्वच्छ ऊर्जा और ऊर्जा दक्षता, आपदा का सामना करने वाले बुनियादी ढांचा, शिक्षा और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने के साथ सामाजिक बुनियादी ढांचा शामिल है।

उन्होंने कहा कि अकेले सार्वजनिक संसाधन सदस्य देशों की विशाल अवसंरचना संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। इसलिए बैंक को न केवल विविध निजी क्षेत्र के संसाधनों को जुटाने में उत्प्रेरक भूमिका निभानी चाहिए, बल्कि अपने स्वयं के संसाधनों को बढ़ाने के लिए तंत्र का भी पता लगाना चाहिए। सीतारमण ने भारतीय अर्थव्यवस्था का जिक्र करते कहा कि प्रमुख संरचनात्मक सुधारों के साथ अच्छी तरह से लक्षित नीति और विदेश व्यापार के क्षेत्र में मजबूत वित्तीय स्थिति ने बाहरी खतरों के बावजूद अर्थव्यवस्था का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है और डिजिटलीकरण मिशन के माध्यम से इसने उल्लेखनीय प्रगति की है। वित्त मंत्रालय की तरफ से जारी बयान के अनुसार, सीतारमण ने प्रधानमंत्री मोदी के पर्यावरण के लिए जीवन शैली (लाइफ) जैसे विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए भारत के जलवायु परिवर्तन से निपटने के प्रयासों का सक्रिय रूप से नेतृत्व करने पर भी प्रकाश डाला। साथ ही केंद्रीय मंत्री ने सुझाव दिया कि एआईआईबी को सदस्य देशों में भी पूर्ण कार्यालय स्थापित करने चाहिए। भारत एक संस्थापक सदस्य होने के साथ एआईआईबी में दूसरा सबसे बड़ा शेयरधारक है। एआईआईबी में भारत की 7.65 प्रतिशत मत हिस्सेदारी है, जबकि चीन की 26.63 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

# ऑस्ट्रेलिया की बीमा कंपनी के सभी ग्राहकों का डेटा हैक हुआ

**एपी।** कैनबरा

**ऑस्ट्रेलिया** की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा कंपनी मेडिबैंक ने बुधवार को कहा कि एक साइबर अपराधी ने उसके सभी 40 लाख ग्राहकों का निजी डेटा हैक कर लिया है। ऑस्ट्रेलिया की सरकार ऐसा कानून लेकर आई है जिसके तहत उन कंपनियों पर अब अधिक जुर्माना लगेगा जो अपने ग्राहकों की निजी जानकारियों की रक्षा नहीं कर पाएंगी। मेडिबैंक ने कहा कि बड़ी संख्या में स्वास्थ्य दावों के आंकड़ों तक भी अपराधी की पहुंच बन गई थी। इस बारे में पुलिस को हफ्तेभर पहले जानकारी दी गई थी और तब कंपनी के शेयरों के लेनदेन पर रोक लगा दी गई थी। इस बारे में पुलिस को हफ्तेभर पहले जानकारी दी गई थी और तब कंपनी के शेयरों के लेनदेन पर रोक लगा दी गई थी। पुलिस को जानकारी दी गई थी कि एक अपराधी ने कंपनी से संपर्क कर उपभोक्ताओं के चोरी किए गए निजी आंकड़ों को जारी करने के ऐवज में पैसों की मांग की है और हाई-प्रोफाइल ग्राहकों के रोगों और उपचारों की जानकारी सार्वजनिक करने की कथित धमकी दी है। कंपनी ने पहले कहा था कि यह सेंधमारी उसकी अनुषंगी एएचएम तथा विदेशी छात्रों तक सीमित है। कंपनी ने पहले कहा था कि यह सेंधमारी उसकी अनुषंगी एएचएम तथा विदेशी छात्रों तक सीमित है। मेडिबैंक के मुख्य कार्यकारी डेविड कोजकार ने एक बयान में कहा, हमारी जांच में अब पता चला है कि इस अपराधी ने हमारे सभी निजी स्वास्थ्य बीमा ग्राहकों के व्यक्तिगत आंकड़ों और बड़ी संख्या में स्वास्थ्य दावों संबंधी डेटा तक सेंध लगा दी थी। उन्होंने ग्राहकों से माफी मांगी।


## कंपनियों के लिए आईटीआर दाखिल करने की समयसीमा सात नवंबर हुई

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने कंपनियों द्वारा आकलन वर्ष 2022-23 के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने की समयसीमा बुधवार को बढ़ाकर सात नवंबर कर दी। जिन कंपनियों को अपने खातों का ऑडिट कराना जरूरी है, उनके लिए आईटीआर दाखिल करने की आखिरी तारीख इससे पहले 31 अक्टूबर थी। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने एक अधिसूचना में कहा कि पिछले महीने ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की समयसीमा बढ़ाई गई थी, इसलिए आईटीआर दाखिल करने की समयसीमा भी बढ़ा दी गई है। सीबीडीटी ने कहा, आकलन वर्ष 2022-23 के लिए अधिनियम की धारा 139 की उप-धारा (1) के तहत आय का ब्योरा देने की तिथि बढ़ा दी गई है। यह पहले 31 अक्टूबर थी। इसे अब बढ़ाकर सात नवंबर, 2022 कर दिया गया है। घरेलू कंपनियों को वित्त वर्ष 2021-2022 के लिए 31 अक्टूबर, 2022 तक अपना आयकर रिटर्न दाखिल करना आवश्यक है। उन कंपनियों के लिए आईटीआर दाखिल करने की नियत तारीख 30 नवंबर, 2022 होगी, जिनकी स्थानांतरण मूल्य निर्धारण की प्रक्रिया चल रही है। एएमआरजी एंड एसोसिएट्स के निदेशक (कंपनी और अंतरराष्ट्रीय कर) ओम राजपुरोहित ने कहा कि समयसीमा में विस्तार त्योहारी सीजन के दौरान बहुत जरूरी राहत प्रदान करेगा। पिछले महीने सीबीडीटी ने ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की समयसीमा सात दिन बढ़ाकर सात अक्टूबर कर दी थी।

# द. अफ्रीका से भिड़ने से पहले भारत के शीर्ष क्रम के पास लय हासिल करने का मौका

भाषा। सिडनी





**पाकिस्तान के** खिलाफ रोमांचक मुकाबले में जीत के साथ आत्मविश्वास से भरी भारतीय टीम को गुरुवार को यहां नीदरलैंड की कमजोर मानी जाने वाली टीम से विश्व कप ग्रुप मैच में अधिक चुनौती मिलने की उम्मीद नहीं है। भारत के बल्लेबाजों के नीदरलैंड के गेंदबाजों पर दबदबा बनाने की उम्मीद है।

भारतीय टीम को हालांकि आत्ममुग्धता से बचना होगी क्योंकि भावनात्मक रूप से थकाने वाले कड़े मुकाबले में जीत के बाद टीमें थोड़ी ढिलाई बरत देती हैं। इस मुकाबले में शीर्ष चार बल्लेबाजों में से तीन कप्तान रोहित शर्मा, लोकेश राहुल और सूर्यकुमार यादव को दक्षिण अफ्रीका की मजबूत टीम से भिड़ने से पहले लय हासिल करने का मौका मिलेगा। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबला ग्रुप की अंक तालिका में टीम का स्थान तय करने में अहम भूमिका निभाएगा। नीदरलैंड की टीम में फ्रेड क्लासेन, बाड डि लीडे, टिम प्रिंगल और दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के पूर्व स्पिनर रीलोफ वान डेर मर्व जैसे गेंदबाज हैं। वान डेर मर्व विरोधी टीम में एकमात्र खिलाड़ी हैं जो इंडियन प्रीमियर लीग में खेल चुके हैं। नीदरलैंड का गेंदबाजी आक्रमण लीग चरण और होबार्ट में बांग्लादेश के खिलाफ मैच के दौरान उपयोगी नजर आया क्योंकि वहां मौसम ठंडा था और तेज हवा चलती थी तथा साथ ही पिच से गेंदबाजों को मदद मिलती है। गुरुवार को हालांकि नीदरलैंड को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) की पिच पर भारत के दमदार बल्लेबाजों का सामना करना पड़ेगा। एससीजी की पिच पारंपरिक रूप से बल्लेबाजों के अनुकूल रही है और यहां शॉट खेलना आसान होता है। न्यूजीलैंड ने एससीजी में अपने पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 200 रन बनाए थे और भारतीय टीम भी टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करना पसंद करेगी।

पहले बल्लेबाजी करने से राहुल जैसे बल्लेबाजों को लय हासिल करने और दक्षिण अफ्रीका की चुनौती के लिए तैयार होने का मौका मिलेगा। गेंदबाजी कोच पारस म्हांब्रे ने बुधवार को पुष्टि की कि नीदरलैंड के खिलाफ भारत उसी एकादश को उतारेगा जो रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ खेली थी। गेंदबाजी कोच ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा, हम किसी को आराम नहीं दे रहे। जब आपको टूर्नामेंट में लय मिल जाती है तो आप चाहते हैं कि व्यक्तिगत खिलाड़ी भी लय में रहें, इसलिए प्रत्येक मैच महत्वपूर्ण बन जाता है। म्हांब्रे ने कहा कि ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या फिट हैं और स्वयं भी सभी मैच खेलना चाहते हैं। पाकिस्तान के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय पारी के अंतिम ओवरों के पंड्या के पैर में जकड़न की समस्या हो गई थी। उन्होंने कहा, वह ठीक है, खेलने के लिए फिट है। हम उसे आराम देने पर विचार नहीं कर रहे। वह स्वयं भी सभी मैच खेलना चाहता है। वह महत्वपूर्ण खिलाड़ी है और टीम को संतुलन देता है। हां, विराट (कोहली) ने मैच खत्म किया लेकिन हमें अनुभवी खिलाड़ी की जरूरत है जिसे पता हो कि मुकाबला करीबी होने पर क्या हो सकता है। विश्व कप जैसे टूर्नामेंट में कोई टीम अंतिम एकादश में बदलाव नहीं करना चाहती और भारतीय टीम प्रबंधन भी इसी मानसिकता पर चल रहा है। कोहली की यादगार पारी और पंड्या के जिंदादिल प्रदर्शन से भारत ने भले ही मैच जीत लिया हो लेकिन इसके बावजूद यह सवाल उठ रहा है कि क्या यह भारत की सर्वश्रेष्ठ टी20 एकादश है। राहुल को टीम में जगह देने के लिए ऋषभ पंत जैसे खिलाड़ी को बाहर रखना निराशाजनक है। लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल को भी पाकिस्तान के खिलाफ मैच में जगह नहीं मिली लेकिन भारत के अंतिम नेट सत्र में उनकी गेंदों में पैनापन नजर आया और उन्होंने सभी शीर्ष बल्लेबाजों को परेशान किया। अगर कोई चोटिल नहीं होता है तो फिर तेज गेंदबाजी में संभवत: कोई बदलाव नहीं होगा। नीदरलैंड की टीम ठीक-ठाक है और आईसीसी विश्व एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय लीग में टीम के खेलने के बाद कुछ खिलाड़ियों को केंद्रीय अनुबंध दिए गए हैं।

**टीम-भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), लोकेश राहुल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या, दिनेश कार्तिक, अक्षर पटेल, आर अश्विन, युजवेंद्र चहल, भुवनेश्वर कुमार, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, दीपक हुड्डा, हर्षल पटेल और ऋषभ पंत।

**नीदरलैंड:** स्कॉट एडवर्ड्स (कप्तान), कॉलिन एकरमैन, टॉम कूपर, बास डि लीडे, ब्रैंडन ग्लोवर, फ्रेड क्लासेन, स्टीफन मायबर्ग, विक्रमजीत सिंह, तेजा निदिमानुरु, मैक्स ओ डाउड, टिम प्रिंगल, रीलोफ वान डेर मर्व, टिम वान डेर गुगटेन, लोगान वान बीक, पॉल वान मीकरेन और शारिज अहमद।

**समय:** मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 12 बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।

## उम्मीद है विराट पाकिस्तान जैसी पारी हमारे खिलाफ नहीं खेलेंगे: स्कॉट

**सिडनी।** नीदरलैंड के कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स को उम्मीद है कि भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली गुरुवार को यहां होने वाले टी20 विश्वकप मैच में उनके खिलाफ पाकिस्तान जैसी पारी नहीं खेलेंगे। एडवर्ड्स मेलबर्न के स्थानीय निवासी हैं जो बाद में नीदरलैंड बस गए थे। उन्हें अपनी टीम से बहुत ज्यादा उम्मीद नहीं है लेकिन वह चाहते हैं कि उनके साथी जितना संभव हो अपनी सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलें। एडवर्ड्स ने मैच की पूर्व संध्या पर बुधवार को कहा, विराट ने उस दिन जो पारी खेली थी वह अद्भुत थी।

## आईपीएल नीलामी की मेजबानी के लिए चुने गए पांच संभावित स्थलों में इस्तांबुल भी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अधिकारी के अनुसार इस्तांबुल उन पांच संभावित स्थलों में शामिल है जो इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की नीलामी की मेजबानी की दावेदारी में शामिल हैं। तुर्की की राजधानी और आम तौर पर नीलामी की मेजबानी करने वाले बेंगलुरू के अलावा नई दिल्ली, मुंबई और हैदराबाद भी दावेदारों में शामिल हैं। आयोजन स्थल पर अंतिम फैसला हालांकि आईपीएल संचालन परिषद की बैठक में किया जाएगा जो नए अध्यक्ष अरूण सिंह धूमल की अध्यक्षता में जल्द ही पहली बार बैठक करेगी। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने पीटीआई को बताया, अब तक कोई अंतिम फैसला नहीं किया गया है लेकिन हम इस्तांबुल पर गौर कर रहे हैं। कोविड महामारी शुरू होने के बाद से हम टीम और उनके अधिकारियों से सामान्य माहौल में नहीं मिले हैं और इस तरह हम ऐसा कर सकते हैं। उन्होंने कहा, अंतिम फैसला हालांकि सभी हितधारकों से बातचीत के बाद किया जाएगा। पिछले साल के विपरीत इस साल छोटी नीलामी होगी। सभी 10 फ्रेंचाइजी को 15 नवंबर तक उन खिलाड़ियों की सूची सौंपने को कहा गया है।

# कोहली टी20 रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंचे, भुवनेश्वर और पंड्या भी आगे बढ़े

भाषा। दुबई



**भारत के** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पाकिस्तान के खिलाफ अपनी शानदार पारी के दम पर टी20 रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष 10 में शामिल हो गए। कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 82 रन की लाजवाब पारी खेली थी जिससे भारत ने यह मैच आखिरी गेंद पर अपने नाम किया था। इस पारी के दम पर कोहली पांच पायदान की छलांग लगाकर नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं।

भारतीय तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार भी गेंदबाजों की रैंकिंग दो पायदान आगे दसवें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि हार्दिक पंड्या ऑलराउंडर की सूची में तीन पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर काबिज हो गए हैं। पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान (849 रेटिंग अंक) शीर्ष स्थान पर काबिज हैं जबकि न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे (831) तीन पायदान चढ़कर सूर्यकुमार यादव की जगह दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। कॉनवे ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 58 गेंदों पर नाबाद 92 रन की पारी खेली थी जिससे न्यूजीलैंड ने मौजूदा चैंपियन को 89 रन से हराया था। सूर्यकुमार के 828 रेटिंग अंक हैं और वह तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं। उनके बाद पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम (799) और दक्षिण अफ्रीका के एडेन मार्कराम (762) का नंबर आता है। गेंदबाजों में भुवनेश्वर को पाकिस्तान के खिलाफ मैच में कसी हुई गेंदबाजी करने का फायदा मिला। उन्होंने उस मैच में 22 रन देकर एक विकेट लिया था। अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की जगह फिर से टी20 में नंबर एक गेंदबाज बन गए हैं। ऑलराउंडर की सूची में बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन शीर्ष पर बने हुए हैं। अफगानिस्तान के कप्तान मोहम्मद नबी दूसरे स्थान पर हैं। पाकिस्तान के खिलाफ तीन महत्वपूर्ण विकेट लेने के बाद 40 रन बनाने वाले पंड्या तीसरे स्थान पर हैं।

# श्रीलंका कड़े ग्रुप में चुनौती पेश कर सकता है और जीत भी सकता है: सिल्वरवुड

भाषा। पर्थ

**श्रीलंका के** मुख्य कोच क्रिस सिल्वरवुड का मानना है कि उनकी टीम के पास न केवल चुनौती देने की क्षमता है बल्कि वह ग्रुप एक से टी20 विश्व कप के नॉकआउट दौर के लिए क्वालीफाई भी कर सकती है। श्रीलंका को मौजूदा आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर 12 चरण में जगह बनाने के लिए क्वालीफायर से गुजरना पड़ा। टीम को ग्रुप एक में गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, अफगानिस्तान और आयरलैंड के साथ जगह मिली है।

श्रीलंका ने आयरलैंड पर नौ विकेट की आसान जीत के साथ सुपर 12 में अपने अभियान की शुरुआत की लेकिन मंगलवार को उसे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा। सिल्वरवुड का मानना है कि एशिया कप में उनकी खिताबी जीत एक इकाई के रूप में उनकी क्षमता का प्रमाण है। इंग्लैंड के 37 साल के सिल्वरवुड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार के बाद कहा, हाँ, मुझे सच में विश्वास है कि हम न केवल इस ग्रुप में चुनौती दे सकते हैं बल्कि जीत भी सकते हैं। मुझे लगता है कि हमने दिखाया है कि हमारे पास क्षमता और कौशल है। मुझे लगता है कि अगर हम अपनी क्षमता के अनुसार खेलते हैं तो हम किसी को भी कड़ी टक्कर दे सकते हैं। उन्होंने कहा, हमने ऐसा करके दिखाया है। हमने एशिया कप में ऐसा करके दिखाया। टीम के भीतर आत्मविश्वास बढ़ रहा है। सिल्वरवुड ने कहा, निश्चित रूप से महत्वपूर्ण बात यह है कि हम आज (मंगलवार) से सुनिश्चित करें कि हम फिर से एकजुट हों और अपने अगले मैच के लिए तैयार हों और हम मजबूत वापसी करें। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रीलंका ने छह विकेट पर 157 रन बनाए लेकिन मार्कस स्टोइनिस ने तूफानी नाबाद अर्धशतक जड़कर मेजबान टीम को जीत दिला दी। मेजबान टीम 13वें ओवर में तीन विकेट पर 89 रन बनाकर मुश्किल में थी लेकिन फिर स्टोइनिस ने ऑस्ट्रेलिया की ओर से टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक जड़ते हुए 18 गेंद में नाबाद 59 रन की पारी खेली और टीम की जीत सुनिश्चित की। सिल्वरवुड ने कहा, हमें स्टोइनिस को श्रेय देना होगा। वह जिस तरह से आया और खेला, वह असाधारण था। उसने दिखाया कि उसके पास कितनी ताकत है और जाहिर तौर पर उसने हमारे लिए चीजें मुश्किल कर दीं।

## क्विक न्यूज

### बारिश की भेंट चढ़ा न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान का मैच

**मेलबर्न।** न्यूजीलैड और अफगानिस्तान के बीच टी20 विश्व कप सुपर 12 का मैच बुधवार को यहां लगातार बारिश के कारण एक भी गेंद फेंके बिना रद्द कर दिया गया। ग्रुप एक का यह मैच भारतीय समयानुसार एक बजकर 30 मिनट पर शुरू होना था लेकिन लगातार बारिश के कारण खिलाड़ी मैदान पर नही उतर पाए। निरीक्षण के लिए निर्धारित किए गए समय में कवर हटा दिए गए थे लेकिन फिर से भारी बारिश आ गई। बारिश ने थमने का नाम नही लिया तो अंपायरों ने मैच रद्द करने का फैसला किया। इस तरह से दोनों टीमों ने इस मैच से एक-एक अंक साझा किया। इससे पहले बारिश से प्रभावित मैच में आयरलैड ने इंग्लैड को डकवर्थ लुईस पद्धति से पांच रन से हराया था। न्यूजीलैड और अफगानिस्तान दोनों का यह सुपर 12 में दूसरा मैच था। न्यूजीलैंड ने पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया को 89 रन से हराया था जबकि अफगानिस्तान को इंग्लैड से पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा था।

### वावरिंका ने रूड को हराया, मरे भी स्विस इंडोर टूर्नामेंट में जीते

**बासेल।** अनुभवी ग्रैंडस्लैम चैंपियन खिलाड़ियों के लिए स्विस इंडोर टेनिस टूर्नामेंट में मंगलवार का दिन अच्छा रहा जब स्टेन वावरिंका ने पहले दौर में दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी कास्पर रूड को हराया जबकि एंडी मरे भी पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जीत दर्ज करने में सफल रहे। सैंतीस साल के स्विट्जरलैंड के वावरिंका मैच के नौवें ऐस के साथ रूड को 6-4, 6-4 से हराकर अपने घरेलू टूर्नामेंट में दर्शकों को जश्न मनाने का मौका दिया। रूड पिछले महीने अमेरिकी ओपन में उप विजेता रहे थे। लगातार चोटों के जूझने वाले वावरिंका अब दुनिया के 194वें नंबर के खिलाड़ी है लेकिन पिछले पांच हफ्तों में विश्व रैंकिंग में शीर्ष पांच में शामिल दो खिलाड़ियों को हरा चुके है। उन्होंने पिछले महीने फ्रांस के मेट्ज में चौथे नंबर के खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव को हराया था। वावरिंका की तरह पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियन मरे ने रूस के रोमन सेफ्युलिन को 6-7 (5), 6-3, 6-4 से शिकस्त दी।

### एशियाई चैम्पियनशिप भारतीय मुक्केबाजों के लिए सुनहरा मौका : डून

**नई दिल्ली।** नवनियुक्त हाई परफॉर्मेंस निदेशक बर्नार्ड डून ने कहा कि आगामी एशियाई चैम्पियनशिप भारतीय मुक्केबाजों के लिए पेरिस ओलंपिक के मद्देनजर अपनी क्षमता दिखाने का सुनहरा मौका होगी। राष्ट्रमंडल खेलों में मिली सफलता के बाद भारतीय मुक्केबाज जोर्डन में इस सप्ताह से शुरू हो रही एशियाई चैम्पियनशिप में भाग लेंगे। डून ने कहा , मुझे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। बात पदकों की नही है , प्रदर्शन की है। उन्हे अपनी क्षमता का प्रदर्शन करना होगा कि वे पेरिस ओलंपिक 2024 खेल सकते है। उन्होंने कहा , उनके लिए यह मौका है। मै देखना चाहता हूं कि टीम कैसा प्रदर्शन करती है। उन्होंने कहा , हमने कई शिविरों का आयोजन कर लिया। वे कई बार मेरे देश भी आए। हमने जर्मनी और अमेरिका में साथ में अभ्यास किया। मै भारतीय खिलाड़ियों और कोचों को समझ रहा हूं। डून ने कहा , सभी काफी मेहनती और प्रतिभाशाली है।उनमें अच्छे प्रदर्शन की प्रेरणा भी है और मै बस यही चाहता हूं कि यह उनके प्रदर्शन में परिलक्षित हो। उन्होंने अपने और मुक्केबाजों के लिए अल्पकालीन और दीर्घकालिन लक्ष्य तय किए है। उन्होंने कहा , मैने कुछ लक्ष्य बनाए है। अपने लिए भी और खिलाड़ियों के लिए भी। पेरिस ओलंपिक प्राथमिकता है और मै यह सुनिश्चित करना चाहता हू कि सभी खिलाड़ियों को एक्सपोजर मिले।

### मिथुन के 156 रन से बांग्लादेश एकादश के 349 रन, तमिलनाडु एकादश की हालत खस्ता

**चेन्नई।** कप्तान मोहम्मद मिथुन के नाबाद 156 रन की मदद से बांग्लादेश एकादश ने चार दिवसीय मैच के दूसरे दिन नौ विकेट पर 349 रन बनाए और जवाब में तमिलनाडु क्रिकेट संघ एकादश ने सात विकेट 82 रन पर गंवा दिए। अपने कल के स्कोर पांच विकेट पर 230 रन से आगे खेलते हुए बांग्लादेश की टीम के लिए मिथुन ने बेहतरीन पारी खेली।उन्होंने अपनी पारी में आठ छक्के लगाए। मेजबान टीम के लिए मध्यम तेज गेंदबाज एल विग्नेश ने 65 रन देकर चार विकेट लिए जबकि बाएं हाथ के स्पिनर एस अजित राम ने 84 रन देकर चार विकेट चटकाए। तमिलनाडु का कोई बल्लेबाज टिककर नही खेल सका। कप्तान बाबा इंद्रजीत 11 रन ही बना सके।बांग्लादेश के मध्यम तेज गेंदबाज रजाउर रहमान राजा ने 34 रन देकर तीन विकेट लिए।

### भारत ने जोहोर कप हॉकी में आस्ट्रेलिया से ड्रॉ खेला

**जोहोर बाहरू (मलेशिया)।** भारतीय जूनियर पुरूष हॉकी टीम ने सुल्तान जोहोर बाहरू कप में बुधवार को आस्ट्रेलिया को 5 . 5 से ड्रॉ पर रोककर राउंड रॉबिन लीग तालिका में दूसरे स्थान पर कब्जा कर लिया। भारत के लिए अमनदीप ने 60वें मिनट में गोल करके मैच को ड्रॉ कराया। इससे पहले बाबी सिंह धामी (दूसरा मिनट), शारदानंद तिवारी (आठवां और 35वां मिनट) और अरिजित सिंह हुंडल (18वां मिनट) ने गोल दागे। आस्ट्रेलिया के लिए लियाम हार्ट(तीसरा मिनट), जैक हॉलैंड (आठवां), जोशुआ ब्रूक्स (20वां और 41वां) और जैक लैम्बेथ (49वां मिनट) ने गोल किए। भारतीय टीम ने आक्रामक शुरूआत की और कप्तान उत्तम सिंह ने पहले सफल प्रयास में धामी को गेंद सौंपी जिन्होंने गोल किया। आस्ट्रेलिया ने हालांकि एक मिनट बाद ही बराबरी का गोल दाग दिया। इसके बाद हॉलैंड ने आठवें मिनट में आस्ट्रेलिया को बढत दिला दी लेकिन तिवारी ने उसी मिनट भारत के लिए बराबरी का गोल किया।

## भारत डेथ ओवरों में जूझने वाली एकमात्र टीम नहीं है: म्हांब्रे

**सिडनी।** गेंदबाजी कोच पारस म्हांब्रे ने बुधवार को कहा कि डेथ ओवरों में बल्लेबाजों को रोकना सभी टीमों के लिए एक चुनौती बन गया है और भारत इस मोर्चे पर संघर्ष करने वाली अकेली टीम नहीं है। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की टीम सहज है लेकिन जब लक्ष्य का बचाव करने की बात आती है तो टीम संघर्ष करती नजर आती है। इसके अलावा पहले गेंदबाजी करते हुए अंतिम तीन ओवर में भी गेंदबाज जूझ रहे हैं।

मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में पाकिस्तान को 17 ओवर में सात विकेट पर 125 रन पर रोकने के बाद भारत ने अंतिम तीन ओवर में 34 रन दिए। एशिया कप में भी 16 से 20 ओवर के बीच भारतीय गेंदबाजों पर पाकिस्तान और श्रीलंका के बल्लेबाजों का दबदबा रहा था। म्हांब्रे ने नीदरलैंड के खिलाफ टीम के टी20 विश्व कप मैच की पूर्व संध्या पर कहा, मुझे लगता है कि अंतिम ओवर, न केवल हमारे लिए, बल्कि अन्य टीमों के लिए भी चुनौती रहे हैं। इस पूर्व टेस्ट तेज गेंदबाज ने कहा, पिछले मैच में ही गेंदबाजों के खिलाफ रन बने और हम इसे स्वीकार करते हैं। यह एक चुनौतीपूर्ण दौर रहा है और हम इसके लिए तैयार हैं, अपने गेंदबाजों की पहचान कर रहे हैं।

# आयरलैंड ने इंग्लैंड को दिया झटका, डकवर्थ लुईस पद्धति से पांच रन से जीत दर्ज की

भाषा। मेलबर्न



**कप्तान एंडी** बालबर्नी के अर्धशतक और जोश लिटिल की शानदार गेंदबाजी के अलावा बारिश की कृपा से आयरलैंड ने टी20 विश्वकप के सुपर 12 के मैच में बुधवार को यहां इंग्लैंड को डकवर्थ लुईस पद्धति के आधार पर पांच रन से पराजित कर एक और बड़ा उलटफेर किया। दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज को बाहर का रास्ता दिखा कर सुपर 12 में जगह बनाने वाली आयरलैंड की टीम पहले बल्लेबाजी का न्यौता पाने पर 19.2 ओवर में 157 रन पर आउट हो गई। इसके जवाब में इंग्लैंड ने जब 14.3 ओवर में पांच विकेट पर 105 रन बनाए थे तो बारिश आ गई जिसके कारण आगे खेल नहीं हो पाया। डकवर्थ लुईस पद्धति के अनुसार इंग्लैंड तब पांच रन पीछे था।

आयरलैंड की तरफ से बालबर्नी ने 47 गेंदों में 62 रन की पारी खेली जो उनका टी20 विश्व कप में पहला और कुल आठवां अर्धशतक है। उन्होंने लोरकान टकर (27 गेंदों पर 34 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी की। आयरलैंड की यह विश्व कप में इंग्लैंड पर दूसरी जीत है। इससे पहले उसने 11 साल पहले वनडे विश्व कप में इंग्लैंड को हराया था। कुल मिलाकर आयरलैंड की इंग्लैंड पर यह तीसरी जीत है। उसने दो बार वनडे में अपने इस प्रतिद्वंदी को हराया है। आयरलैंड की इस जीत से ऑस्ट्रेलिया का रास्ता खुल गया है क्योंकि ग्रुप में छह में से पांच टीमों के अब दो-दो अंक हैं।

इंग्लैंड को खराब शुरुआत का खामियाजा भुगतना पड़ा। लिटिल (तीन ओवर में 16 रन देकर दो विकेट) ने अपने पहले दो ओवरों में ही कप्तान जोश बटलर (शून्य) और एलेक्स हेल्स (सात) को पवेलियन भेज दिया था जिसने आखिर में अंतर पैदा किया। बेन स्टोक्स (छह) पावर प्ले में आउट होने वाले तीसरे बल्लेबाज थे। उन्हें फियोन हैंड ने बोल्ड किया। डाविड मलान ने 37 गेंदों पर 35 रन बनाए लेकिन बैरी मैकार्थी ने उन्हें आउट करके इंग्लैंड को बड़ा झटका दिया। जब मोईन अली (12 गेंदों पर 24) इंग्लैंड की उम्मीद जगा रहे थे तभी बारिश आ गई। इससे पहले श्रीलंका के खिलाफ सुपर 12 के अपने पहले मैच में हार झेलने वाले आयरलैंड ने आक्रामक शुरुआत की तथा बालबर्नी ने 40 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया। उसने पावरप्ले में एक विकेट पर 59 रन बनाए। बालबर्नी को टकर का अच्छा साथ मिला तथा उन्होंने इंग्लैंड के तेज गेंदबाज वुड और क्रिस वोक्स पर कुछ अच्छे पुल शॉट खेले। आयरलैंड ने 100 रन केवल 68 गेंदों पर पूरे कर लिए थे लेकिन टकर रन आउट हो गए जिसके बाद उसने नियमित अंतराल में विकेट गंवाए। लेग स्पिनर लियाम लिविंगस्टोन (3-0-17-3) ने बालबर्नी को आउट किया और अगली गेंद पर जॉर्ज डॉकरेल को भी पवेलियन भेजा तथा वुड (4-0-34-3) और सैम कुरेन (3-0-31-2) के साथ मिलकर आयरलैंड की पारी को 19.2 ओवर में समेट दिया। आयरलैंड का स्कोर 10 ओवर के बाद एक विकेट पर 92 रन था।

## भारतीय टीम में शामिल होने के लिए हार्ड वर्क को स्मार्ट वर्क में बदला: सूर्यकुमार



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम में चयन के लिए लंबा इंतजार करने वाले सूर्यकुमार यादव ने चयनकर्ताओं को आकर्षित करने के लिए अपने खेल में कुछ बदलाव किया तथा अपने हार्ड वर्क (कड़ी मेहनत) को स्मार्ट वर्क में बदला। इस 32 वर्षीय बल्लेबाज ने अपने अभ्यास के तरीके में बदलाव किया, अपने भोजन पर ध्यान दिया और ऑफ साइड पर अधिक बल्लेबाजी की। सूर्यकुमार ने ईएसपीएनक्रिकइंफो से कहा, मेरी पत्नी देविशा और मैंने 2017-18 में इस पर मनन किया और कुछ स्मार्ट वर्क करने का फैसला किया। आप कड़ी मेहनत करते हो जिसके दम पर आप आगे बढ़ते हो लेकिन हमने कुछ अलग करने का फैसला किया।

उन्होंने कहा, मैंने अलग तरह से अभ्यास करना शुरू किया। मुझे 2018 के बाद एहसास हुआ कि मुझे अपने खेल पर काम करने की जरूरत है। मैंने ऑफ साइड की तरफ अधिक शॉट खेलने शुरू किए। सूर्यकुमार ने कहा, मैंने भोजन पर ध्यान दिया और कम भोजन करना शुरू कर दिया। मैंने कुछ ऐसी चीजें की जिनसे मुझे वास्तव में 2018 और 2019 के घरेलू सत्र में मदद मिली। इसके बाद 2020 में मेरा शरीर पूरी तरह से बदल गया था। सूर्यकुमार ने अपने प्रथम श्रेणी क्रिकेट करियर को शुरू करने के 11 साल बाद मार्च 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ टी20 मैच से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया। सूर्यकुमार ने महसूस किया कि वह पहले बिना सोचे समझे अभ्यास कर रहे थे और निराश हो रहे थे। इसलिए उन्होंने अपने अभ्यास के तरीकों में बदलाव किया।

# मेस्सी के दो गोल, पीएसजी सहित चार टीम चैंपियन्स लीग में आगे बढ़ी

एपी। पेरिस



**स्टार खिलाड़ी** लियोनल मेस्सी के दो गोल से पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने मंगलवार को यहां मकाबी हेइफा को 7-2 से हराया और चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाली चार टीम में शामिल रहा। विश्व कप से पहले शानदार फॉर्म बरकरार रखते हुए मेस्सी ने 19वें और 44वें मिनट में गोल दागे। काइलन एमबापे (32वें और 64वें मिनट) ने भी दो गोल किए जबकि नेमार (35वें मिनट) और कार्लोस सोलर (84वें मिनट) ने एक-एक गोल किया। सीन गोल्डबर्ग ने 67वें मिनट में पीएसजी के लिए आत्मघाती गोल भी किया। मकाबी हेइफा के लिए दोनों गोल अब्दुल्ए सेक ने 38वें और 50वें मिनट में किए। इस जीत से ग्रुप एच में पीएसजी और बेनफिका का शीर्ष दो में रहना तय हो गया। अंतिम दौर के मुकाबले से पहले दोनों टीम के 11 अंक हैं।

पीएसजी और बेनफिका के अलावा चेल्सी और बोरूसिया डोर्टमंड भी अंतिम 16 में जगह बनाने में सफल रहे। बेनफिका ने यूवेंटस को 4-3 से हराया। यूवेंटस की टीम 2013-14 सत्र के बाद पहली बार नॉकआउट में जगह बनाने में विफल रही। ग्रुप सी से मैनचेस्टर सिटी के अलावा डोर्टमंड की टीम भी प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। दोनों टीम के बीच मंगलवार का मुकाबला गोल रहित बराबर रहा। चेल्सी ने ग्रुप ई में साल्जबर्ग को 2-। से हराकर पहला स्थान हासिल किया। पहले ही क्वालीफाई कर चुके गत चैंपियन रीयाल मैड्रिड को ग्रुप एफ में लेपजिग के खिलाफ 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। लेपजिग के पास क्वालीफाई करने का अच्छा मौका है क्योंकि उसने शख्तार डोनेस्क पर तीन अंक की बढ़त बना ली है। शख्तार डोनेस्क ने सेल्टिक से।-। से ड्रॉ खेला।

## आईपीएल ने बदला मेरा खेल, मुझे बेहतर खिलाड़ी बनने में मदद की : स्टोयनिस

**पर्थ।** श्रीलंका के खिलाफ 18 गेंदों पर नाबाद 59 रन की तूफानी पारी खेलकर ऑस्ट्रेलिया को टी20 विश्व कप में जीत दिलाने वाले ऑलराउंडर मार्कस स्टोयनिस ने विशेषकर स्पिनरों के खिलाफ रवैए में बदलाव के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को श्रेय दिया। स्टोयनिस ने श्रीलंका की स्पिन जोड़ी वानिंदु हसरंगा और महीश तीक्ष्णा के खिलाफ आक्रामक रवैया अपनाया और मौजूदा चैंपियन आस्ट्रेलिया को सात विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। स्टोयनिस ने मंगलवार की रात को मैच के बाद कहा, हां, निश्चित तौर पर आईपीएल ने मेरा क्रिकेट बदला और मुझे बेहतर क्रिकेटर बनने में मदद की। उन्होंने कहा, मैं पिछले कुछ वर्षों से आईपीएल में खेल रहा हूं जहां मुझे स्पिन खेलने को लेकर कई तरह की तकनीक और मानसिकता के बारे में पता चला। निश्चित तौर पर इससे मुझे बेहतर क्रिकेटर बनने में सहायता मिली।


# भारतीय टीम को ट्रेनिंग सत्र के बाद ठंडे सैंडविच और फलाफेल परोसा गया

● **होटल लौटकर खाया खाना**

भाषा। सिडनी

**कड़े अभ्यास** सत्र के बाद ठंडे सैंडविच और फलाफेल भारतीय क्रिकेट टीम के कुछ खिलाड़ियों के लिए पर्याप्त पोषण नहीं था और कई खिलाड़ियों ने इन्हें खाने के बजाय होटल लौटकर भोजन करने का विकल्प चुना। भारतीय खिलाड़ियों ने गर्म खाने को प्राथमिकता दी जिसे कड़े ट्रेनिंग सत्र के बाद अनिवार्य माना जाता है और मंगलवार को यह मेन्यु का हिस्सा नहीं था। इसकी जगह खिलाड़ियों को ठंडे सैंडविच, फल के अलावा फलाफेल (मसले हुए मसालेदार छोले या अन्य दालों से बना व्यंजन) परोसा गया।

समझा जाता है कि अभ्यास के बाद के भोजन की व्यवस्था लगभग सभी टीम के लिए समान है। भारतीय टीम प्रबंधन ने सभी तेज गेंदबाजों को आराम दिया जबकि ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या, बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव और स्पिनर अक्षर पटेल ने भी वैकल्पिक अभ्यास सत्र में हिस्सा नहीं लिया। कड़े ट्रेनिंग सत्र में पसीना बहाने के बाद खिलाड़ियों को संभवत: संपूर्ण भोजन की उम्मीद थी। मामले की जानकारी रखने वाले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक अधिकारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर कहा, यह किसी तरह के बहिष्कार जैसा नहीं है। कुछ खिलाड़ियों ने फल और फलाफेल लिया लेकिन हर कोई दोपहर का भोजन करना चाहता था और इसलिए उन्होंने होटल वापस जाकर खाना खाया। उन्होंने कहा, समस्या यह है कि आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) गर्म भोजन नहीं दे रहा है। द्विपक्षीय श्रृंखला में मेजबान संघ खानपान का इंतजाम देखता है और वे हमेशा ट्रेनिंग सत्र के बाद गर्म भारतीय भोजन उपलब्ध कराते हैं लेकिन आईसीसी के लिए, नियम सभी देशों के लिए समान हैं। अधिकारी ने कहा, दो घंटे की कड़ी ट्रेनिंग के बाद आप एवोकाडो, टमाटर और खीरे के साथ ठंडा सैंडविच (ग्रिल भी नहीं) नहीं खा सकते। सरल शब्दों में यह अपर्याप्त पोषण है। आईसीसी ने कहा कि वे इस मामले पर गौर कर रहे हैं और जल्द ही मामले को सुलझाने का वादा किया। आईसीसी के एक सूत्र ने पीटीआई से कहा, हां, भारतीय टीम ने अभ्यास के बाद भोजन को लेकर अपनी समस्या के बारे में हमें बताया है।


हरियाणा सरकार
साल
राख्या ख्याल
75
आज़ादी का
अमृत महोत्सव
सुशासन ही आधार
डबल इंजन हरियाणा सरकार
जन सेवा के
आठ वर्ष
बस एक कॉल दूर
112
हम तैयार है
कोरोना
सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in
Follow us on
@diprharyana